दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज
श्योपुर ■ मंगलवार 26 नवंबर 2024 ■ वर्ष -19 ■ अंक-137 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹03

सुविचार

अपनी विशेषताओं का प्रयोग करो, जीवन के हर कदम में प्रगति का अनुभव होगा।

# अब संस्कृत और मैथिली में भी संविधान

## संविधान दिवसः संसद का संयुक्त सत्रः राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया विमोचन, कहा- हमारा संविधान जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज



एजेंसी ■ नई दिल्ली

अगर लोग संस्कृत या मैथिली भाषा में संविधान पढ़ना चाहते हैं तो अब उनकी ये इच्छी पूरी हो जाएगी। दरअसल, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को संविधान दिवस के मौके पर मैथिली और संस्कृत भाषा में अनुवादित भारतीय संविधान की प्रतियां जारी कीं। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राहुल गांधी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। यह कार्यक्रम संविधान निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर एक विशेष डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया गया। यह मैथिली भाषा के लिए एक बड़ा कदम है, जिसे 2004 में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया था। संविधान दिवस के मौके पर संसद के दोनों सदनों का संयुक्त सत्र बुलाया गया था। राष्ट्रपति ने सभी सदस्यों से संविधान की प्रस्तावना का पाठ भी करवाया।

**उपराष्ट्रपति बोले-हमें किसी भी परिस्थिति में संविधान का सम्मान करना चाहिए**

### अनुवाद बड़ी उपलब्धि

मैथिली भाषा में संविधान का अनुवाद एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह भाषा 2004 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के समय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल की गई थी। इससे मैथिली को आधिकारिक भाषा का दर्जा मिला। संविधान अब देश की दो प्राचीन भाषाओं, मैथिली और संस्कृत, में उपलब्ध होगा।

### संविधान प्रतिभाशाली लोगों की देन

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि यह संविधान देश के प्रतिभाशाली लोगों की देन है। इसने देश की विविधता को अभिव्यक्ति दी है। बीते 75 वर्षों में हमारा देश विश्व बंधु के रूप में उभरा है। आज कृतज्ञ राष्ट्र अपने संविधान निर्माताओं को नमन करता है। राष्ट्रपति ने देश की प्रगति, विशेषकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में हुई प्रगति, की सराहना की। उन्होंने महिला सांसदों के योगदान की भी प्रशंसा की।

### देश में विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे का विकास हो रहा

- डाक टिकट से लेकर स्मारक सिक्के तक का किया गया विमोचन
- पुरानी संसद भवन के मंच पर पीएम मोदी-राहुल गांधी रहे मौजूद
- मैथिली को 2004 में अटल सरकार में मिला था आधिकारिक भाषा का दर्जा
- राष्ट्रपति ने संविधान निर्माताओं को किया नमन और देश की प्रगति को सराहा

## संसद में राहुल गांधी ने थामा सिंधिया का हाथ



**चार साल बाद एक फ्रेम में नजर आए पुराने साथी**

सेंट्रल हॉल में एक अप्रत्याशित दृश्य देखने को मिला जब राहुल गांधी और ज्योतिरादित्य सिंधिया आमने-सामने आए। दोनों नेताओं ने गर्मजोशी से हाथ मिलाया और हाथ थामें कुछ देर तक बातचीत की। जब राहुल और सिंधिया बात कर रहे थे, उस समय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी पास ही खड़े थे। कई अन्य कांग्रेस नेता भी यह नजारा देखकर हैरान रह गए।



## भारत की एकजुटता में बाबा साहेब का अहम योगदान

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव संविधान दिवस पर लंदन स्थित अंबेडकर हाउस पहुंचे**

- बाबा साहेब की प्रतिमा पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर संविधान की प्रस्तावना का किया वाचन
- हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान की थीम पर प्रदेश में सालभर होंगे कार्यक्रम
- जन-जन को संविधान की प्रस्तावना व मूल भावना से अवगत कराने होंगी गतिविधियां

इधर, मप्र के सीएम डॉ. मोहन यादव ने संविधान दिवस पर लंदन स्थित डॉ. बीआर अंबेडकर हाउस में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। मुख्यमंत्री यहां भारतीय संविधान की प्रति लेकर पहुंचे और उनके साथ प्रवास पर गए दल के सदस्यों के साथ संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। मुख्यमंत्री ने विजिटर्स बुक में अपने विचार भी लिखे। संग्रहालय का अवलोकन भी किया। उन्होंने कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत यदि आज एकजुट है, तो इसमें बड़ा योगदान बाबा साहेब का है, जिन्होंने समय रहते उस बीमारी को पहचाना, जिसके कारण समाज में फूट या अलगाव उत्पन्न होने की संभावना थी। विभिन्न कठिनाइयों के बावजूद, व्यक्ति अपनी क्षमता और योग्यता के बल पर कैसे आगे बढ़ सकता है, डॉ. अंबेडकर इसके सर्वश्रेष्ठ उदाहरण हैं। उन्होंने जातिगत भिन्नता और विषमता से उत्पन्न होने वाली चुनौतियों को भांपकर देश की एकजुटता बनाए रखने के प्रयास किए। संविधान की मूल भावना से प्रदेशवासियों को अवगत कराने वर्षभर कार्यक्रम किए जाएंगे। सीएम ने कहा कि भोपाल में फरवरी में होने वाली समिट में उद्योग समूहों को आमंत्रित करने के उद्देश्य से लंदन यात्रा के दौरान यह सुखद संयोग निर्मित हुआ कि संविधान दिवस पर उस भवन में आने का अवसर प्राप्त हुआ, जहां बाबा साहेब लंदन प्रवास के दौरान रहे थे।

## आधी रात घर में विस्फोट चार महिलाओं की मौत

### मुरैना में मकान ध्वस्त, जेसीबी-ट्रैक्टर से हटाया गया मलबा



- हादसे के 11 घंटे बाद निकाले जा सके मां-बेटी के शव
- पुलिस को घर के आसपास देसी पटाखों के खोखे मिले

सत्ता सुधार ■ मुरैना

मुरैना शहर पिछले एक महीने से बारूद के ढेर पर है। पिछले एक महीने में तीन बार धमाकों से दहल चुका है। बीती देर रात 12:30 बजे शहर के टंच रोड राठौर कॉलोनी में भीषण धमाका हुआ। धमाके में तीन मकान पूरी तरह से जमींदोज हो गए। इस विस्फोट में मकानों में देर रात सो रहीं चार महिलाओं की मौत हो गई। मृतकों के नाम वैजंतीय कुशवाहा, विमला कुशवाहा, विद्या राठौर और पूजा राठौर बताए गए हैं। वहीं आधा दर्जन लोग घायल हो गए। रात में दो महिलाओं के शव बरामद किए गए। दो महिलाओं के शव मंगलवार को मलबे से बरामद हो सके।

### इनका कहना है

धमाके में रात साढ़े 12 बजे के दो मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। चार महिलाओं की मौत हो गई है। हम धमाके की तह तक जाएंगे। पूर्व में दत्तपुरा में हुए धमाके की अभी एफएसएल रिपोर्ट नहीं आई है।

सुशांत सक्सेना, आईजी चंबल रेंज

धमाके की सूचना मिलने के बाद पुलिस और रेवेन्यू के अधिकारी रेक्स्यू में जुट गए। घायलों की हालत ठीक है। इलाज चल रहा है। गंभीर स्थिति में कोई घायल नहीं है। दो शव रात में और दो सुबह मलबे से बरामद किए गए हैं।

विवेक कुमार, प्रभारी कलेक्टर, मुरैना

## ब्रीफ न्यूज

### पतंजलि विज्ञापन मामले में मानहानि का केस बंद

**नई दिल्ली।** पतंजलि भ्रामक विज्ञापन केस में बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को सुप्रीम कोर्ट ने आज राहत दी है। कोर्ट ने इस मानहानि केस को बंद कर दिया है। 14 मई को शीर्ष अदालत ने अवमानना नोटिस पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

### महिला कर्नलों को लेकर विवादास्पद 'समीक्षा'

**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल राजीव पुरी ने अपने अधीन आठ कर्नल रैंक की महिला अधिकारियों की समीक्षा में सामान्य अहंकार संबंधी मुद्दों और सहानुभूति की कमी पर प्रकाश डाला है। उन्होंने कहा कि कर्नल रैंक की महिला अधिकारी निर्णय लेने के मामले में अपनी मर्जी से काम करती हैं और कमांडर बनने के लिए प्रशिक्षित नहीं हैं। इस मामले को लेकर उन्होंने एक पत्र लिखा है।

### केरलः टेंट में घुसा ट्रक, पांच लोगों की मौत, 6 घायल

**नई दिल्ली।** केरल के तिरुसुर में मंगलवार सुबह एक ट्रक सड़क किनारे बने टेंट में घुस गया। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। छह और लोग घायल हुए हैं। मरने वालों और घायलों में घुमंतू लोग शामिल हैं, जो नेशनल हाईवे पर नत्तिका में टेंट लगाकर रह रहे थे। हादसा तड़के 4:30 बजे हुआ।

## सुप्रीम टिप्पणी-हारे तो ईवीएम खराब और जीत गए तो चुप्पी

- भारत में बैलेट पेपर से वोटिंग की मांग खारिज
- याचिकाकर्ता ने कहा-ईवीएम नहीं, बैलट से हो चुनाव
- सुप्रीम कोर्ट बोला-पार्टियों को दिक्कत नहीं, आपको है...



एजेंसी ■ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इलेक्शन में बैलेट पेपर वोटिंग सिस्टम को दोबारा शुरू करने की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने याचिकाकर्ता से कहा- ईवीएम से पार्टियों को दिक्कत नहीं है, आपको क्यों है। ऐसे आइडिया कहां से लाते हो। इस पर याचिकाकर्ता केए पॉल ने कहा कि चंद्रबाबू नायडू और वाईएस जगन मोहन रेड्डी जैसे नेताओं ने भी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से छेड़छाड़ पर सवाल उठाए हैं। बेंच ने कहा-चंद्रबाबू नायडू या जगन मोहन रेड्डी जब चुनाव हारते हैं तो कहते हैं कि ईवीएम से छेड़छाड़ होती है और जब वे जीतते हैं तो वे कुछ नहीं कहते हैं। हम इसे कैसे देख सकते हैं। हम इसे खारिज कर रहे हैं। ये वो जगह नहीं है जहां आप इस सब पर बहस करें। आप इस राजनीतिक क्षेत्र में क्यों आ रहे हैं। आपका कार्य क्षेत्र बहुत अलग है।

### डिवाइडर से टकराई कार, चार की मौत

**मैहर।** मध्य प्रदेश के मैहर जिले में कार चला रहे युवक को झपकी आने से बड़ा हादसा हो गया। झपकी लगते ही कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में शादी समारोह से लौट रहे चार लोगों की मौत हो गई। कार सवार सभी लोग कटनी से मैहर आ रहे थे। सुबह तड़के 3:00 बजे एनएच-30 पर घुसड़ू नदी के पास कार हादसे का शिकार हो गई। कार सवार सभी मृतक देवेंद्रनगर पन्ना जिले के रहने वाले थे। हादसे में जान गंवाने वालों में सुखबिधान सिंह, दामोदर सिंह, अरविंद सिंह निवासी सिमरी आपस में चचेरे भाई थे। वहीं, शिवराज सिंह उनका भतीजा था। लोगों की सूचना पर मैहर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंची। इसके बाद कार का शीशा तोड़ शवों को बाहर निकाला गया।

### राज्यसभा की छह रिक्त सीटों पर 20 दिसंबर को उपचुनाव

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने राज्यसभा की छह रिक्त सीटों के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इन सीटों पर 20 दिसंबर को चुनाव होंगे। नतीजे इसी दिन घोषित कर दिए जाएंगे। जिन सीटों पर चुनाव होने जा रहे हैं, उनमें से तीन सीटें आंध्र प्रदेश की हैं। इसके अलावा पश्चिम बंगाल, हरियाणा और ओडिशा की एक-एक सीट पर उपचुनाव कराए जा रहे हैं।

## दिल्ली में दो दिन बाद प्रदूषण का स्तर फिर 400 पार

**हाइब्रिड मोड में चलेंगी कक्षाएं**

### केदारनाथ घाटी पर भी नीली धुंध छाई

एजेंसी ■ नई दिल्ली

दिल्ली में वायु प्रदूषण दो दिन बाद फिर गंभीर कैटेगरी के करीब पहुंच गया है। मंगलवार को दिल्ली के 18 इलाकों में एक्यूआई 400 के पार रिकॉर्ड किया गया। आनंद विहार में हवा सबसे ज्यादा जहरीली है। अब एक हफ्ते बाद स्कूल खोलने का फैसला किया गया है। 12वीं तक के सभी स्कूल अब हाइब्रिड मोड में चल सकेंगे। दिल्ली में प्रदूषण का असर उत्तराखंड तक पहुंच चुका है। नैनीताल में एक्यूआई 200 के करीब पहुंच गया है। यह खराब श्रेणी में माना जाता है। केदारनाथ घाटी पर भी नीली धुंध दिखी।

**साक्षात्कारः पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की दो टूक-लोकतंत्र में राजनीतिक विपक्ष के लिए अलग जगह**

## यह न मानें कि न्यायपालिका विपक्ष की भूमिका निभाएगी



एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारत के पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने एक साक्षात्कर के दौरान न्यायपालिका की भूमिका को लेकर स्पष्ट जवाब दिए। दरअसल, चंद्रचूड़ की यह टिप्पणी राहुल गांधी के उस बयान को लेकर आई, जिसमें कांग्रेस नेता ने कहा था कि विपक्ष ने न्यायपालिका का काम करने की जिम्मेदारी भी खुद पर ही ले ली है। इस पर पूर्व सीजेआई ने कहा कि न्यायपालिका यहां कानूनों का परीक्षण करने के लिए है। लोगों को यह नहीं मान लेना चाहिए कि न्यायपालिका संसद और राज्यों की विस में विपक्ष की भूमिका भी निभाएगी। लोकतंत्र में राजनीतिक विपक्ष के लिए अलग जगह है। मैं इस मुद्दे पर विपक्ष के नेता के साथ शामिल नहीं होना चाहता, क्योंकि हम यहां इस मुद्दे पर बात करने के लिए नहीं हैं। मैं कहना चाहता हूं कि कई बार यह गलतफहमी होती है कि न्यायपालिका की भूमिका विधायिका में विपक्ष की होती है, जबकि ऐसा नहीं है।

### नेता की सेलेक्शन कमेटी होगी

कई बार ऐसा होता है कि आप विपक्ष के नेता से बात करते हैं। उदाहरण के तौर पर हमारे कई विधानों में कहा गया है कि कुछ पदों पर नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री, चीफ जस्टिस और विपक्ष के नेता की सेलेक्शन कमेटी होगी। अब उसमें आपको चर्चाएं करनी होती हैं और आप किसी निष्कर्ष पर पहुंचते हैं। जब आप निष्कर्ष पर पहुंच जाते हैं तब इंसान होने के नाते आप 10 मिनट चाय पर बिताते हैं। आप क्रिकेट से लेकर फिल्मों और अन्य चीजों के बारे में भी चर्चा करते हैं।

### हम एक-दूसरे से बिल्कुल स्वतंत्र

प्रधानमंत्री मोदी को गणपति पूजा के दौरान अपने घर बुलाने पर उठे विवाद पर पूर्व सीजेआई ने कहा-यह कोई अनोखी घटना नहीं थी। यह एक सामाजिक मिलाप था। मैं कह चुका हूं कि पहले भी पीएम जजों और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में मिलते रहे हैं। लेकिन हम जो काम करते हैं, उसमें हम एक-दूसरे से बिल्कुल स्वतंत्र हैं।



## ब्रीफ न्यूज

### प्रदेश में शुरू हुआ 'हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान' अभियान

**भोपाल।** देश में 15 अगस्त 1947 को देश की आजादी के बाद तैयार किया गया संविधान 26 नवम्बर 1949 को अपनाया गया था। इसके बाद देश में 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू किया गया था। संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूरे होने पर संविधान की जानकारी के प्रति जन-जागरूकता के लिये 26 नवम्बर 2024 से वर्ष भर चलने वाला 'हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान' आज से प्रदेश भर में शुरू हो गया है। अभियान की शुरूआत में अभियान के दौरान जन-सामान्य को संविधान की प्रस्तावना, संविधान का निर्माण और देश के संविधान पर गर्व करने जैसे बिन्दुओं पर जनप्रतिनिधियों द्वारा मुख्य रूप से जानकारी दी गई। प्रदेश की विभिन्न विभूतियों का स्मरण किया गया, जिनका संविधान निर्माण में उल्लेखनीय योगदान रहा।

### वन्य जीव हमले से मृत्यु होने पर मिलेंगे 25 लाख

**भोपाल।** मप्र में वन्य जीव के हमले से किसी भी व्यक्ति की मृत्यु होने पर आठ लाख रुपए के स्थान पर अब 25 लाख रुपए देने का निर्णय राज्य सरकार ने लिया है। वन विभाग मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा के अनुसार जंगलों में वन्यप्राणी के हमले में मरने वाले व्यक्तियों को 25 लाख रुपए हर्जाना देने का प्रस्ताव तैयार कर रहा है। इसमें आर्थिक सहायता दो किस्त में दी जाएगी। वन्यप्राणी के हमले पर व्यक्ति की मृत्यु पर उसके स्वजन को तुरंत 10 लाख रुपए दिए जाएंगे। शेष 15 लाख रुपए की बैंक में एफडी की जाएगी। इसमें 10 लाख रुपए की एफडी पांच साल बाद और शेष पांच लाख रुपये की एफडी 10 साल बाद तोड़ी जाएगी। यह राशि मृतक के वारिसों को ब्याज सहित भुगतान की जाएगी।

### दृष्टिकोण व लक्ष्यों को एकीकृत करने विजन एमपी @2047 कार्यशाला

**भोपाल।** शिक्षा और कौशल विकास पर केंद्रित एक उच्च स्तरीय कार्यशाला मंगलवार को भोपाल के वल्लभ भवन में विज़न एमपी@2047 पहल के तहत किया गया। उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव अनुपम राजन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और विभिन्न हितधारकों ने मध्यप्रदेश में शिक्षा और कौशल विकास के ढांचे को सशक्त बनाने के लिए बदलावकारी रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। महिला एवं बाल विकास के प्रमुख सचिव रश्मि अरुण शमी, सचिव तकनीकी शिक्षा, रघुराम राजेंद्रन, सचिव स्कूल शिक्षा, संजय गोयल, आयुक्त उच्च शिक्षा निशांत वरवड़े और आयुक्त आदिवासी विकास श्रीमन शुक्ला सहित राज्य नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ऋषि गर्ग उपस्थित थे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षा और कौशल विकास के लिए विज़न एमपी@2047 के तहत दृष्टिकोण और लक्ष्यों को एकीकृत करना है। चर्चा की थीम विभिन्न शैक्षणिक स्तरों पर सकल नामांकन अनुपात में मौजूदा महत्वपूर्ण अंतर को पाटने और जनजातीय एवं ग्रामीण आबादी थी।

### सोशल मीडिया एवं न्यू एज मीडिया विषय पर संभागीय कार्यशाला

# खबर तथ्यपरक और सही होने से जनता में हमारा भरोसा बढ़ता है: गुप्ता

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

संचालक जनसम्पर्क अंशुल गुप्ता ने कहा है कि खबर की सत्यता की पुष्टि होने के बाद ही सोशल मीडिया पर खबर प्रसारित करें। आज के समय में सोशल मीडिया जानकारी का सबसे प्रभावी माध्यम बन गया है, लेकिन इसके साथ हमारी जिम्मेदारी भी बढ़ गई है। पोस्ट बनाते समय डीपीडीटी अधिनियम का पालन करना, पाठकों की रुचि और समझ का ध्यान रखना और सामग्री को सरल और प्रभावी बनाना जरूरी है। यह ध्यान रखना चाहिए कि सोशल मीडिया पर साझा की गई सामग्री सकारात्मक और पाठकों के लिए उपयोगी हो। जनता हमारे लिखे और




बोले पर भरोसा करती है, इसलिए फैक्ट अवश्य चैक करें। खबर तथ्यपरक और सही होने से जनता में हमारा भरोसा बढ़ता है। संचालक अंशुल गुप्ता संभागीय जनसम्पर्क कार्यालय, भोपाल द्वारा आयोजित सोशल मीडिया एवं न्यू एज मीडिया विषय पर संभागीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर अपर संचालक जनसंपर्क जीएस वाधवा, संजय जैन मौजूद थे। कार्यशाला का संचालन संयुक्त संचालक जनसम्पर्क पंकज मित्तल ने आभार प्रदर्शन उप संचालक अरूण शर्मा ने किया। कार्यशाला में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर सर्वेश पंचोली, इरशाद अहमद जैदी, सतीश कुशवाह, सुशांत कौशल आदि ने जानकारी दी। कार्यशाला में डिजिटल मार्केटिंग, वीडियो एडिटिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग, वीडियो शूटिंग और स्क्रिप्ट राइटिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की गई। कार्यशाला में इन्फ्लुएंसर्स को आधुनिक डिजिटल टूल्स और नवीनतम तकनीकों से परिचित कराया गया। साथ ही उन्हें प्रशासनिक और सामुदायिक कार्यक्रमों में अधिक प्रभावी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। वर्कशॉप में डिजिटल मीडिया के प्रभाव, ब्रांड प्रमोशन की रणनीतियों और प्रभावी संवाद कौशल पर विशेष जोर दिया गया। विशेषज्ञ वक्ताओं ने डिजिटल मार्केटिंग के नवीनतम ट्रेंड्स, प्रभावी कहानी, कहने की कला और रचनात्मक कौशल विकसित करने के तरीकों को सरल और व्यावहारिक तरीके से समझाया। प्रतिभागियों ने सत्रों के दौरान तकनीकी और रचनात्मक पक्ष से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं को सीखा, जिसमें वीडियो शूटिंग के दौरान रोशनी और फ्रेमिंग की तकनीकें, ग्राफिक डिजाइनिंग के मूल सिद्धांत और कहानी को प्रभावी ढंग से लिखने की विधियां शामिल थीं। प्रतिभागियों ने नए ज्ञान और कौशल के साथ डिजिटल युग में अपनी जिम्मेदारियों को और प्रभावी तरीके से निभाने की प्रेरणा ली।

# आइए मध्यप्रदेश में निवेश कीजिए

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव, लंदन में फ्रेंड्स ऑफ एमपी के कार्यक्रम को किया संबोधित

### सीएम ने भोपाल ग्लोबल इंवेस्टर समिट के लिए किया आमंत्रित

### पीएम मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति पथ पर अग्रसर, बढ़ाया मान

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश भारत का दिल है, देश के सभी अंचलों के लोग यहां बसते हैं। पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बदलते दौर में देश तेजी से प्रगति पथ पर अग्रसर है, मध्यप्रदेश भी उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में दिन-दूनी-रात चौगुनी प्रोग्रेस कर रहा है। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को फरवरी-2025 में भोपाल में पहली बार होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि 'मैं आप सभी को निमंत्रण दे रहा हूं-आइए मध्यप्रदेश में निवेश कीजिए'-विकास के मामले में मध्यप्रदेश ने विकास के सारे दरवाजे खोल दिए हैं।

सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश निवेशकों के स्वागत के लिए तैयार है, निवेशक और उद्योग समूह निवेश करें, मध्यप्रदेश भी आगे बढ़ेगा और हम सब मिलकर देश की प्रगति में सहभागी होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की शुरुआत की गई, इस क्रम में उज्जैन, जबलपुर, रीवा, ग्वालियर और सागर में कॉन्क्लेव आयोजित हो चुकी हैं। हेल्थ, टूरिज्म, आईटी, एजूकेशन, गारमेंट्स सहित हर क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। अधोसंरचना का क्षेत्र हो या अन्य मूलभूत सुविधाओं का क्षेत्र पीएम मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार औद्योगिक विकास और निवेश संवर्धन के लिए प्रभावी कार्य कर रही है। सड़क, बिजली और औद्योगिक क्षेत्र के लिए लैंड बैंक के मामले में मध्यप्रदेश ने देश के श्रेष्ठतम राज्य के रूप में स्वयं को स्थापित किया है। सीएम डॉ. यादव ने यूके यात्रा के दौरान लंदन में एनआरआई समूह 'फ्रेंड्स ऑफ मध्य प्रदेश' और प्रवासी समुदाय के साथ संवाद में यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री का लंदन में रॉयल नेशनल होटल में प्रवासी समुदाय और 'फ्रेंड्स ऑफ एमपी' के सदस्यों ने आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान लंदन के पूर्व डिप्टी मेयर राजेश अग्रवाल सहित अनेक प्रतिष्ठित भारतीय प्रवासी शामिल रहे। सीएम ने कहा कि पीएम मोदी के विजन और उनकी नेतृत्व क्षमता ने विश्व में भारत की साख को स्थापित किया है। दुनिया के देशों में पीएम मोदी की नेतृत्व क्षमता की स्वीकार्यता ने भारत और भारतवासियों का गर्व और मान विश्व में बढ़ाया है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत को प्राप्त श्री मोदी के सशक्त और समर्थ नेतृत्व से भारतवासी स्वयं को सौभाग्यशाली मानते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का भी स्मरण किया।

डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश के विकास क्रम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्ष-2003 तक मध्यप्रदेश में केवल 5 मेडिकल कॉलेज थे, लेकिन वर्तमान में प्रदेश में कुल 30 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं। सभी 55 जिलों में एक्सीलेंस कॉलेज संचालित हैं। खनन, टूरिज्म के क्षेत्र में भी अनेक संभावनाएं हैं। गारमेंट्स क्षेत्र में प्रति श्रमिक 5 हजार रुपये प्रति माह की दर से इंसेंटिव है, इसी प्रकार आईटी सहित अन्य क्षेत्रों में भी सुविधाएं प्रदान करने और प्रोत्साहन की व्यवस्था है।



### डॉ. यादव बहुत विनम्र एवं मिलनसार हैं: लॉर्ड



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की यूके यात्रा में ब्रिटिश सांसदों से हुई मुलाकात में उम्मीदों से अधिक प्रतिसाद मिल रहा है। ब्रिटेन के हाउस ऑफ लॉर्ड के सदस्य लॉर्ड रमिन्दर रेंजर ने कहा कि भारत जैसे देश के बड़े राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विनम्रता और मिलनसारिता ने हमें अत्यधिक प्रभावित किया है। उन्होंने हमें मध्यप्रदेश में मौजूद निवेश के अवसरों के बारे में बताया। हमने डॉ. यादव से कहा कि वे जिस प्रोजेक्ट के बारे में कहेंगे, हम उसमें निवेश करेंगे। वर्तमान समय में यूरोप और यूएसए की ग्रोथ की अपेक्षा भारत में 8 प्रतिशत से ज्यादा की ग्रोथ मौजूद है। भारत में इन्वेस्ट किया गया धन सेफ है, क्योंकि भारत एक लोकतांत्रित देश हैं यहाँ रूल ऑफ लॉ होने के साथ ही हॉर्ट ऑफ गवर्नेंस मौजूद है। उन्होंने डॉ. यादव के साथ आई प्रशासनिक टीम की भी सराहना की।

### तीन मल्टी ट्रैकिंग परियोजना के सीएम न माना पीएम का आभार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रेल मंत्रालय की 7 हजार 927 करोड़ रुपए लागत की 3 मल्टी ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान करने पर पीएम मोदी और केन्द्रीय कैबिनेट का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में रेलवे के बढ़ते नेटवर्क से प्रदेश विकास पथ पर तीव्र गति से अग्रसर है। प्रदेशवासियों के लिए आवागमन भी तीव्र गति से सुगम हुआ है। प्रदेश को मिल रही नित नई सौगातों के लिए प्रदेशवासी पीएम मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के आभारी हैं। उन्होंने कहा कि रेल लाइन के विस्तार से धार्मिक, सांस्कृतिक एवं इको पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा। इस पहल से प्रदेश में ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग (खंडवा), खजुराहो यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, असीरगढ़ किला और रीवा किला जैसे विभिन्न आकर्षणों तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित होगी, जिससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सुविधा मिलेगी।

### निवेशकों के स्वागत के लिए तैयार

कार्यक्रम में लंदन के पूर्व डिप्टी मेयर राजेश अग्रवाल ने कहा कि भारत और मध्यप्रदेश का विकास होने से कोई नहीं रोक सकता। भारत लंदन में सबसे बड़ा निवेशक है, भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को उनकी यात्रा सफल और उद्देश्यपूर्ण हो इसके लिए शुभकामनाएं दीं। 'फ्रेंड्स ऑफ एमपी' के संस्थापक सदस्य तथा एनआरआई मनीष तिवारी ने कहा कि मध्यप्रदेश में केवल वहीं के लोग नहीं बसते, बल्कि एमपी एक छोटा भारत है। उन्होंने कहा कि लंदन में मध्यप्रदेश के लोगों को संगठित करने के उद्देश्य से ही फ्रेंडस ऑफ एमपी का गठन किया। श्री तिवारी ने भोपाल, जबलपुर, कान्हा-किसली सहित प्रदेश के प्राकृतिक सौंदर्यी से परिपूर्ण पर्यटन स्थलों की प्रशंसा की।

# संविधान निर्माण में हमारे प्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान: सिंह

### मप्र विधानसभा में उत्साह पूर्वक मनाया संविधान दिवस



**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

संविधान को अंगीकार किए हुए 75 साल पूर्ण होने के अवसर पर मध्यप्रदेश विधानसभा में उत्साहपूर्वक संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ एपी सिंह, प्रमुख सचिव, विधानसभा के साथ विधान सभा सचिवालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा संविधान प्रारूपण समिति के अध्यक्ष भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके प्रति कृतज्ञता के साथ हुआ। तत्पश्चात् विधान सभा के सभागार में प्रमुख सचिव, विधान सभा द्वारा संविधान के संबंध में तथ्य परक जानकारी देते हुए सामूहिक रूप से संविधान की उद्देशिका का वाचन कराया गया। इस अवसर पर सिंह ने कहा कि अभी संविधान का अमृतकाल चल रहा है। हमारे प्रदेश के अनेक राजनेता संविधान सभा के सदस्य रहे हैं, हमारे देश में लोकतांत्रिक प्रणाली की सफलता का श्रेय मुख्य रूप से संविधान में निर्धारित सुदृढ़ व्यवस्था व संस्थागत ढांचे को जाता है। हमारे संविधान निर्माताओं ने चुनौतीपूर्ण कार्य को कुशलतापूर्वक पूरा कर राष्ट्र के करोड़ों देशवासियों की आकांक्षाओं एवं आशाओं के अनुरूप जो संविधान दिया वह हमारे राष्ट्र का पथ प्रशस्त कर रहा है। उन्होंने कहा हमारे लिए विशेष गौरव का क्षण है कि संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष मध्य प्रदेश में जन्में भारत के प्रथम विधि मंत्री, डॉ. भीमराव अम्बेडकर थे वहीं संविधान सभा में मप्र से पं. रविशंकर शुक्ल, रत्न लाल मालवीय, विनायक सरवटे, डॉ. हरिसिंह गौर, शंभूनाथ शुक्ल, डॉ. लाल सिंह, रामसहाय तिवारी, सीताराम जाजू, सेठ गोविंद दास जैसे दिग्गज राजनेता इसके सदस्य थे। संविधान सभा द्वारा अंतिम रूप से पारित किए जाने के बाद 26 नवम्बर, 1949 को अंगीकार किया गया। इसके निर्माण में 2 साल 11 माह और 18 दिन का समय लगा। हम देश के इस सर्वोच्च कानून को मूर्तरूप देने में अपना बहूमूल्य योगदान देने वाले संविधान निर्माताओं के प्रति कृतज्ञता व्यूक्त करते हैं। सिंह ने कहा कि देश में संविधान को अंगीकार किए जाने के 75 साल पूर्ण होने के अवसर पर 'हमारा संविधान हमारा अभिमान' के तहत आज राष्ट्रीय संविधान दिवस मनाया जा रहा है। इसके दर्शन एवं संकल्प इसकी उद्देशिका में समाहित है।

# दिव्यांग प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध




**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**

इंटरस्टेट वुमन ब्लाइंड क्रिकेट टूर्नामेंट का प्रदेश के सामाजिक न्याय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं उद्यानिकी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने मंगलवार को उदघाटन किया। इस अवसर पर मंत्री कुशवाह ने कहा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार दिव्यांग प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पबद्ध होकर काम कर रही है।

सरकार द्वारा दिव्यांग खिलाड़ियों को हर संभव खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रहीं हैं। श्री कुशवाह ने टूर्नामेंट में भाग ले रहीं क्रिकेट टीम के सदस्यों से इस मौके पर परिचय प्राप्त कर उन्हें प्रोत्साहित किया। ग्वालियर के एलएनआईपीई क्रिकेट मैदान पर मध्यप्रदेश की क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लांड मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित की जा रही यह प्रतियोगिता 03 दिसंबर तक चलेगी। इस टूर्नामेंट में गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान एवं मध्यप्रदेश की टीमें हिस्सा ले रहीं हैं। प्रतियोगिता के उदघाटन अवसर पर क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लांड के अध्यक्ष डॉ राघवेंद्र शर्मा, अतुल अतरौली, एसके अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, सुश्री संदीपा मल्होत्रा व ओपी दीक्षित सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया एवं मैच का आनंद लिया।

### दिव्यांगजन की सेवा परमेश्वर सेवा के समान: मंत्री कुशवाह

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जान कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने ग्वालियर दक्षिण विधानसभा के अंतर्गत स्थित आंग्रे की गोठ में, मूक बधिर कल्याण संस्था मप्र के द्वारा बच्चों को ट्रेक सूट वितरण कार्यक्रम में सहभागिता की। उन्होंने कहा की बच्चों के चेहरे पर खिलती मुस्कुराहट मन को असीम सुख देती है इस वर्ग की सेवा ईश्वर की सेवा के समान है। समाज में इस प्रकार के प्रोत्साहन के कार्यक्रम आयोजित होते रहना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. अभय पापरीकर, गोविन्द जोशी, शिव नारायण गुप्ता, श्याम सुंदर दास अग्रवाल, आशीष शिवहरे, नरेश चौहान, संस्था प्रबंधक नरोत्तम स्वरूप दीक्षित, प्रधानाध्यापिका प्रतिभा धामानी, शिक्षिका सुषमा वर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# मध्यप्रदेश वरिष्ठ नागरिक नीति को और ज्यादा प्रासंगिक बनाने पर जोर

### वृद्धजन कल्याण के लिए आधुनिक दृष्टिकोण विषय पर कार्यशाला

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

मध्यप्रदेश वरिष्ठ नागरिक नीति का पुनरीक्षण कर इसे वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अधिक प्रासंगिक बनाया जाना चाहिए। विशेषण एवं नीति निर्धारकों ने यह विचार मंगलवार को होटल पलाश भोपाल में वृद्धजन कल्याण के लिए आयोजित कार्यशाला में व्यक्त किए। मध्यप्रदेश योजना आयोग और सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मध्यप्रदेश में वृद्धावस्था के लिए एक आधुनिक दृष्टिकोण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया



हुआ। राज्य और केंद्र सरकार के अधिकारी, विशेषज्ञ, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि और नीति निर्माताओं ने कार्यशाला में भाग लिया। मध्यप्रदेश में वृद्धजन आबादी में तेजी से वृद्धि हो रही है। 2011 की जनगणना के अनुसार, राज्य में 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की संख्या 57.13 लाख थी, जो 2031 तक बढ़कर 11.1 फीसदी होने का अनुमान है। समाज में बदलते पारिवारिक ढांचे, स्वास्थ्य समस्याओं, डिजिटल प्रौद्योगिकी तक सीमित पहुंच और वित्तीय चुनौतियों ने वृद्धजनों के समक्ष नई समस्याएं पेश की हैं। कार्यशाला का उद्देश्य वृद्धावस्था को नए दृष्टिकोण से परिभाषित करते हुए स्वास्थ्य, सामाजिक समावेश और आर्थिक सुरक्षा को प्राथमिकता देना था।

## बयान

### मध्य प्रदेश में खाद की किल्लत को लेकर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा-

# किसानों को खाद व पर्याप्त समर्थन मूल्य नहीं दे पा रही सरकार

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

मध्य प्रदेश में किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। किसान लगातार आंदोलन कर रहे हैं। कई जिलों में चक्का जाम कर चुके हैं उसके बावजूद भी उन्हें पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है, इसे लेकर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता में सरकार को जमकर घेरा है। उन्होंने कहा है कि मध्यप्रदेश के किसान कई-कई दिनों तक खाद लेने के लिए कतारों में खड़े हैं। भाजपा की सरकार में किसान पुलिस की लाठियां खा रहे हैं और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री इसका संज्ञान लेने की अपेक्षा सात समुंदर पार सत्ता का लुत्फ उठा रहे हैं। विजयपुर के उप चुनाव में कांग्रेस को मिली जीत के बाद उन्होंने अब बीना



उपचुनाव काराने की चुनौती बीजेपी को दी है। पटवारी ने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारें खेती-किसानी पर गहरा आघात कर रही हैं। एक तरफ किसानों को पर्याप्त समर्थन मूल्य नहीं दिया जाता, दूसरी ओर उन्हें समय पर खाद भी नहीं मिल रही। खेती की लागत इतनी बढ़ा दी गई है कि किसानों का लागत मूल्य भी नहीं निकल पा रहा है। उन्होंने कहा कि मप्र के किसान कई-कई दिनों तक खाद लेने के लिए कतारों में खड़े हैं। भाजपा की सरकार में किसान पुलिस की लाठियां खा रहे हैं। बता दें कि मध्यप्रदेश में रबी सीजन में गेहूं, चना, मटर, सरसों, गन्ना, अलसी जैसी प्रमुख फसलें पैदा की जाती हैं। पटवारी ने सोयाबीन की फसल लगाने वाले किसानों के साथ हो रहे सौतेले व्यवहार को लेकर एक बड़ा खुलासा किया। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में करीब 52 लाख हेक्टेयर भूमि में सोयाबीन की बुवाई हुई है। 55 से 60 लाख टन सोयाबीन उत्पादित हुआ है। सोयाबीन किसानों को फसलों के दाम लागत मूल्य जितने भी नहीं मिल पा रहे थे। कृषि मंत्री और प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्राइस सपोर्ट स्कीम पर सोयाबीन को समर्थन मूल्य 4892 रुपए प्रति क्विंटल पर खरीदने का भरोसा दिया था। जबकि हकीकत कुछ और ही है।

### बीना मामले करे लेकर जाएंगे कोर्ट

वियजपुर उपचुनाव में जीत के बाद अब कांग्रेस का मनोबल बढ़ गया है। पटवारी ने बीजेपी को बीना में उपचुनाव कराने की चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बीना मामले में कोर्ट का दरवाजा खटखटाने जा रही है। हम इस मामले में कानूनी कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार में हिम्मत है तो गुना विधायक को हटाकर वहां चुनाव कराकर दिखाए। चुनाव हुए तो कांग्रेस वहां भी बीजेपी को हराएगी। विजयपुर और बुधनी के नतीजों के बाद कांग्रेस क्षेत्र की जनता का आभार जताने दो विधानसभा क्षेत्र में जाएगी।

# प्रदेश में अरविन्द मेनन की फिर एंट्री पार्टी ने बनाया चुनावी पर्यवेक्षक

### प्रदेश में काम देखने वाले सहसंगठन मंत्री शिवप्रकाश भी कमेटी में

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के लिए भाजपा ने कमेटियों की घोषणा कर दी है। प्रदेश में लंबे समय तक काम करने वाले अरविन्द मेनन को चुनावी पर्यवेक्षक बनाया है। कमेटी में राष्ट्रीय सहसंगठन मंत्री शिवप्रकाश भी शामिल किए गए हैं। अगले महीने से प्रदेश में मंडल अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष के चुनाव होना है। मंडल के चुनाव में प्रदेश के स्थानीय नेताओं को ही जवाबदारी सौंपी है, लेकिन जिलाध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष के लिए भाजपा के केन्द्रीय नेतत्व ने सभी राज्यों में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को भेजा है। ये लोग राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी और प्रदेश इकाई के समन्वय के लिए केन्द्रीय पर्यवेक्षक के रूप में कार्य करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राष्ट्रीय सहसंगठन मंत्री शिव प्रकाश, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, अजा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद गजेन्द्र पटेल तथा राष्ट्रीय मंत्री अरविन्द मेनन को जवाबदारी सौंपी हैं। इन्हें मप्र के साथ-साथ छत्तीसगढ़, आंध्रप्रदेश और तेलंगाना का प्रभार भी दिया गया है। सांसद पटेल खरगोन से ही हैं। वहीं शिवप्रकाश भी प्रदेश से भलीभांति परिचित हैं और यहां प्रभारी का काम भी देख चुके हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### उत्तरमुखी हनुमान मंदिर पर अन्नकूट आज

**श्योपुर।** शहर के पंडित पाड़ा स्थित उत्तरमुखी हनुमान मंदिर पर बुधवार को अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर के पुजारी रामू शर्मा ने बताया कि इस मंदिर पर हघ्र वर्ष की तरह इस वर्ष भी अन्नकूट महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शहर के लोग पहुंचकर प्रसादी पाते हैं। शाम को पांच बसे से शुरू होने वाला यह अन्नकूट रात नौ बजे तक चलेगा।

### हम होंगे कामयाब पखवाडे को लेकर बैठक आयोजित

**श्योपुर।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हम होगे कामयाब पखवाडे को लेकर आयोजित बैठक में निर्देश दिये कि पखवाडा अंतर्गत जेण्डर आधारित एवं महिला हिंसा को रोकने के संबंध में विभिन्न जागरूक गतिविधियों एवं संवेदीकरण के कार्यक्रम आयोजित किये जाये। इस अवसर पर सहायक संचालक महिला बाल विकास श्री रिशु सुमन ने जानकारी दी कि 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक हम होंगे कामयाब पखवाडे का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में राज्य स्तर पर 25 नवंबर को इसकी शुरूआत की गई है। आज श्योपुर में फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं के लिए जेण्डर संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला सशक्तिकरण के लिए काम करने वाले अन्य विभागों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेगी, जिसमें बाल विवाह निषेध जागरूकता, घरेलू हिंसा रोकथाम के कार्यक्रम रखे गये है। कानूनी जागरूकता कार्यशालाएं तथा जेण्डर उनमुखीकरण सहित संस्थागत संबंधों को मजबूत करने के संबंध में भी कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल, केस दर्ज

**श्योपुर।** जिले के विजयपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मैन रोड सुनवई पर सोमवार को दोपहर 3 बजे अज्ञात बोलेरो गाडी चालक द्वारा बाइक में टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार घायल हो गया। पुलिस ने मामले में अज्ञात बोलेरो चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि फरियादी धर्मेन्द्र पुत्र जयराम धाकड उम्र 30 साल ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम सुनवई में पुलिया के पास मैन रोड पर आरोपी अज्ञात बोलेरो चालक ने तेजी व लापरवाही से गाडी चलाते हुए फरियादी की मोटर साइकिल में टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया।

### मेंटीनेंस के चलते चंबल नहर में दो दिन कम रहेगी पानी की मात्रा

**श्योपुर।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने जानकारी दी कि राजस्थान क्षेत्र में चंबल नहर के मेंटीनेंस के चलते अगले 48 घंटे तक पानी की मात्रा कम रहेगी तथा इसके उपरांत फिर से पर्याप्त मात्रा में पानी की आवक होने लगेगी। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन आरएन शर्मा ने बताया कि राजस्थान के अंता क्षेत्र में चंबल दाहिनी मुख्य नहर के मेंटीनेंस का कार्य संचालित है, इस कारण वर्तमान में पानी की मात्रा 2268 क्यूसेक हो गई है। अगले दो दिन तक पानी की मात्रा कम रहेगी।

### हजारेश्वर विद्यालय में मना संविधान दिवस

# देश की आत्मा है संविधान : पाराशर

सत्ता सुधार ■ श्योपुर

शहर के बायपास रोड पर स्थित श्रीहजारेश्वर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्योपुर में मंगलवार को दोपहर 3 बजे संविधान दिवस का आयोजन मेरी पहचान संविधान अभियान के तहत किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैलाश पाराशर जी त कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य मनोज पाराशर द्वारा की गई।

कार्यक्रम के सूत्रधार जय सिंह जादौन ने नारो गीत गवाकर शुरुआत की तथा बताया कि आज संविधान दिवस है और आज का दिन पूरे देश में हमारे लिए बहुत बड़ा महत्व का दिन है आज के ही दिन संविधान को आत्मार्पित किया गया और आम नागरिक के हाथ में ऐसा




हथियार आ गया जिसके माध्यम से वह अधिकार अपने अधिकारों के लिए लड़ाई कर सकता है हमारा संविधान मानव के सम्पूर्ण विकास की अवधरणा को तय करता है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री कैलाश पाराशर जी ने बताया कि संविधान के माध्यम से उसे समानता स्वतंत्रता और न्याय मिल सकता है उन्होंने आगे कहा कि संविधान देश की आत्मा है और इस तरह आत्मा के बिना मानव शरीर कुछ नही हर उसी तरह संविधान के बिना देश का संचालन भी सम्भव नही है इसलिए संविधान पर अमल करना आम नागरिक का कर्तव्य है। कार्यक्रम का संचालन संस्था के प्राचार्य मनोज पाराशर ने किया उन्होंने संविधान के निर्माण के बारे में विस्तृत रूप से बताया और आज के परिवेश में संविधान की प्रासंगिकता के बारे में भी बच्चों को समझाया। कार्यक्रम में शिक्षक शिक्षिकाओं सहित 180 के लगभग बालक बालिकाओं ने भाग लिया अंत मे संविधान की प्रस्तावना की शपथ कराकर कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई।

# सीएम राइज स्कूल में मना संविधान दिवस



## संविधान क्विज का हुआ आयोजन

शहर के बायपास रोड स्थित सीएम राइज विद्यालय श्योपुर में संविधान दिवस मंगलवार को दोपहर 1 बजे बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में आयोजित उक्त कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग, खण्ड शिक्षा अधिकारी सुश्री मधु शर्मा, प्राचार्य अशोक खण्डेलवाल आदि उपस्थित रहें। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ-साथ खेल कूद और सह शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। डॉ सुनील के द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन करवाया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं विद्यार्थियो के द्वारा संविधान के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही संविधान पर आधारित क्विज का आयोजन कर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार प्रदान किये गये, विद्यार्थियो के द्वारा संविधान के महत्व पर आधारित विभिन्न प्रकार के चार्ट और रंगोली का प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्य अशोक कुमार खंडेलवाल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

### जिला न्यायालय के एडीआर भवन में संविधान दिवस मना, संविधान का वाचन एवं सम्मान कार्यक्रम हुआ

जिला न्यायालय के एडीआर भवन में मंगलवार को दोपहर 12 बजे विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण राकेश कुमार गुप्त की अध्यक्षता में संविधान दिवस के अवसर पर संविधान का वाचन सह न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत विजयी प्रतिभागियों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्री गुप्त द्वारा उपस्थित समस्त न्यायाधीशगण, जिला अभिभाषक संघ, श्योपुर के अधिवक्तागण, न्यायालयीन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर के अधिकारी व कर्मचारीगण, एन.सी.सी. क्रेड के छात्र व छात्राए, एवं सी.एम.राईज, स्कूल, श्योपुर के छात्र-छात्रओं को संविधान दिवस के अवसर पर बधाई प्रेषित करते हुये भारतीय संविधान के मौलिक अधिकार एवं कर्त्तव्यों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया साथ ही उन्हें संविधान के बारे में वर्णन करते हुये कहा कि भारतीय संविधान हमारे देश में 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ, बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी संविधान समिति के अध्यक्ष थे, हमारे देश का संविधान सबसे बड़ा लिखित संविधान है। संविधान बनाते समय कई देशो के नियमों को शामिल किया गया। इस दौरान सामुहिक रूप से भारत के संविधान का वाचन कर, संविधान की उद्देशिका की प्रतिज्ञा दिलवाई गई। इस मौके पर दौरान प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय डी.एस. चौहान, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अरूण कुमार खरादी, न्यायिक मजिस्टेऊट मनदीप कौर सेहमी, ऋचा भट्ट, श्योपुर, सुश्री पूर्वी राय, विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती शिखा शर्मा, जिला अभिभाषक संघ अध्यक्ष ललित मुदगल, सचिव मुश्ताक अहमद खांन, सी.एम.राईज स्कूल, श्योपुर के शिक्षक व 21 छात्र एवं छात्राए, न्यायलयीन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर के 98 अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# जिला स्तरीय संविधान दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### संविधान उद्देशिका का किया गया सामूहिक वाचन

जिला पंचायत सभागार में आज मंगलवार को दोपहर 2 बजे संविधान को अंगीकृत करने के 75 वर्ष पूर्ण होने के महत्व को देखते हुए हमारा संविधान- हमारा स्वाभिमान अभियान के अन्तर्गत वर्ष भर चलने वाले उत्सव एवं कार्यक्रमों का शुभारंभ जिला स्तरीय संविधान दिवस कार्यक्रम के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर भारत के संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, सीईओ जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर, नपाध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, एसडीएम मनोज गढवाल, कार्यक्रम के सह नोडल एवं डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, वायएस तोमर, अभिषेक मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब डॉ भीमराव




अम्बेडकर जी की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ किया गया। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा संविधान लोकतंत्र जनकल्याण और कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को समेटे हुए ऐसा दस्तावेज है, जो भारत की एकता और अखण्डता को अक्षुण बनाखे रखने के संकल्प के प्रति समर्पित है। कार्यक्रम के दौरान भारतीय संविधान पर आधारित शार्ट मूवी का प्रदर्शन किया गया तथा भारतीय संविधान को तैयार करने में तत्कालीन मध्यप्रदेश की विभूतियों और महान व्यक्तित्वों का संस्मरण करते हुए उनके योगदान को याद किया गया। इसी के साथ ही संविधान से जुडी मुख्य एवं महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर आधारित फोटो गैलरी का प्रदर्शन भी किया गया।

**कलेक्ट्रेट कार्यालय में हुआ सामूहिक वाचन :** संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अभिषेक मिश्रा द्वारा सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को उद्देशिका का सामूहिक वाचन कराया गया।

### आदर्श कन्या विद्यालय में मना संविधान दिवस

शहर के पाली रोड स्थित आदर्श कन्या महाविद्यालय में मंगलवार को दोपहर 3 बजे नेहरू युवा केंद्र श्योपुर द्वारा संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय श्योपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक संचालक महिला बाल विकास रिशु सुमन ने भारतीय संविधान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हमारे देश का संविधान बहुत लचीला और कठोर है इसमें सभी धर्म समाज एवं व्यक्ति विशेष के अधिकारों का ध्यान रखा गया है विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ सुभाष बाबू दोहरे उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग श्योपुर ने भी संविधान की बारीकियां और विशेषताएं बताई। महाविद्यालय के डॉ योगेश कुमार बाथम, प्रोफेसर शंकरी चौहान प्रोफेसर, अंजलि दादोरिया, एनएसएस अधिकारी वेदांती खंडेलवाल एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित रहे कार्यक्रम का आभार शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अरविंद कुमार दोहरे ने व्यक्त किया नेहरू युवा केंद्र की ओर से लोकेश सिंह एवं शिवकुमार दोहरे उपस्थित रहे।

## हमारा संविधान-हमारा स्वभिमान अभियान के अंतर्गत कॉलेज बनी मानव श्रृंखला



### संविधान की प्रस्तावना का किया गया वाचन

सत्ता सुधार ■ श्योपुर

शहर के पाली रोड स्थित शासकीय पीजी कॉलेज में मंगलवार को दोपहर 12 बजे संविधान दिवस पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किय गया। जिसमें डॉ विपिन बिहारी शर्मा एवं प्राध्यापक गणों के द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पूजन कर संविधान दिवस कार्यक्रम मनाया गया। इस दौरान डॉ शर्मा ने कहा कि हमारा संविधान विश्व का श्रेष्ठ संविधान है, यह लचीला एवं कठोर संविधान है यह अधिकार के साथ हमें हमारे कर्तव्यों का भी बोध कराता है। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ ओपी शर्मा ने बताया कि स्वतंत्रता का महत्व गुलामी के बाद अधिक समझ में आता है हमारा संविधान स्वतंत्रता संप्रभुता एवं समाजवाद जैसे गुणों को समाहित किए हुए हैं। राजनीति शास्त्र के प्राध्यापक आसिफ कुरैशी ने बताया कि संविधान का निर्माण विश्व के अनेक देशों के संविधानों की अच्छी बातों को समाहित कर हुआ है इसलिए यह एक श्रेष्ठ संविधान है। इस दौरान डॉ सीमा चौकसे, प्रो ज्योति शुक्ला एवं हिंदी विभाग की डॉ परवीन वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। चर्चा के उपरांत विद्यार्थियों का संविधान पर भाषण कला का आयोजन हुआ जिसमें उमाशंकर प्रजापति, शिवानी वाल्मीकि मोना जैन सहित कई विद्यार्थियों ने संविधान एवं डॉ भीमराव अंबेडकर के योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान एनसीसी, एनएसएस व महाविद्यालय के 100 से अधिक विद्यार्थियों के साथ संवैधानिक मूल्य के प्रति जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला का भी निर्माण किया गया।

### हमारे संविधान को जाने विषय पर व्याख्यान आयोजित

शासकीय महाविद्यालय बडौदा में हमारे संविधान को जाने विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य आरआर मुबेल एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ की गई। अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी दिनेश तोमर एवं सोहन शर्मा द्वारा हमारे संविधान को जाने विषय पर व्याख्यान दिया गया। इसके उपरांत संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, नुक्कड नाटक का प्रस्तुतीकरण किया गया तथा मानव श्रृंखला बनाई गई। कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनीषा आर्य द्वारा मंच का संचालन किया गया।

## नेशनल हाइवे सडक निर्माण में कम्पनी की लापरवाही : यश चौहान

वाहन चालक परेशान, धूल के गुबार से बीमारी की आशंका



**श्योपुर।** जिले की सीमा में चंबल नदी से लेकर श्योपुर और गोरस तक नेशनल हाईवे का काम चल रहा है। लेकिन निर्माण कंपनी की लापरवाही के कारण इस मार्ग पर रोज सफर करने वाले हजारों वाहनों और यात्रियों का सफर करना बहुत कष्टकारी साबित हो रहा है। कंपनी द्वारा पानी का छिड़काव ना करने के कारण पूरे रास्ते में धूल का गुबार बना रहता है जिसके कारण विशेषकर सवाई माधोपुर जाने वाले मोटरसाइकल चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा जहां भी नया रोड़ बनाया जा रहा है वहाँ डायवर्जन का बोर्ड नहीं लगाया गया है जिसके कारण कई बार वाहन चालक भ्रमित होकर गलत रास्ते पर चले जाते है जिससे असुविधा के साथ साथ दुर्घटना का भी डर रहता है। भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य यश प्रताप सिंह चौहान ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से माँग की है की जल्द से जल्द इन समस्याओं का निराकरण होना चाहिए जिससे आमजन का आवागमन सुलभ हो सके।

# सहकारिता समिति कर्मचारी संघ के निर्वाचन सम्पन्न

## सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रतिनिधि का हुआ चुनाव



सत्ता सुधार ■ श्योपुर

शहर के शिवपुरी रोड स्थित वृंदावन मैरिज गार्डन में मंगलवार को दोपहर 2 बजे मध्यप्रदेश सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ भोपाल जिला इकाई श्योपुर का निर्वाचन संपन्न हुआ जिसमें निर्वाचन अधिकारी बबलू सिंह तोमर एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी महावीर नागर ने निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न कराई।

यह जानकारी देते हुए निर्वाचन अधिकारी बबलू सिंह तोमर ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जिलाध्यक्ष पद हेतु तीन आवेदन प्राप्त हुए जिसमें हरिओम गुर्जर, विनोद तिवारी, रामेश्वर मीणा के नाम शामिल हैं वहीं प्रदेश प्रतिनिधि के रूप में 6 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें सतीश शर्मा, जुगल शर्मा, सत्यनारायण गुप्ता, महेंद्र मीणा, विनोद सुमन, बर्मालाल मीणा के नाम प्रमुख है। निर्वाचन प्रक्रिया में सर्वसम्मति से चुनाव का प्रस्ताव रखा गया जिसमें सभी की सहमति से जिलाध्यक्ष पद पर हरिओम गुर्जर को जिलाध्यक्ष एवं सतीश शर्मा को प्रदेश प्रतिनिधि के पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया है। इस दौरान सत्यनारायण गुप्ता, महावीर नागर, रणवीर शर्मा, भूपेंद्र नगर, राजेंद्र शर्मा, लालता प्रसाद शर्मा, रामस्वरूप वैष्णव, सुरेंद्र वैष्णव, राजू शर्मा, बनवारी लाल मीणा, दिनेश शर्मा, नबी अहमद, रघुवीर शर्मा, ओमप्रकाश पांचाल, महेंद्र मीणा, रामेश्वर मीणा, ब्रह्मानंद मीणा, रमेश गुर्जर, लोकेंद्र मीना, भूपेंद्र शर्मा, धनराज मीणा, विनोद सुमन, विनोद तिवारी सहित अन्य कर्मचारीगण शामिल रहे।

# सभ्य समाज के निर्माण में शिक्षक की भूमिका अहमः कलेक्टर

### नव नियुक्त शिक्षको ने कलेक्टर से की भेंट

सत्ता सुधार ■ श्योपुर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को शाम 4 बजे कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने आदिम जाति कल्याण विभाग अंतर्गत नव नियुक्त शिक्षको से भेंट की और उनसे चर्चा करते हुए समर्पण भाव से शासकीय सेवा का दायित्व निभाने की बात कही है। कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि शासन ने जो दायित्व सौपा है, उसका निर्वहन पूर्ण समर्पण की भावना के साथ करें। सभ्य समाज के निर्माण में शिक्षक की भूमिका अहम होती है। राष्ट्र निर्माण में शिक्षकीय कार्य महत्वपूर्ण होता है, इसलिए



अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता के साथ निभायें। उन्होने सभी नव पदस्थ शिक्षको से अपेक्षा की कि विद्यालयों में अकादमिक वातावरण का निर्माण करें तथा वनांचल के स्कूलो में विद्यार्थियों को शिक्षा का दान कर उन्हें समाज में आगे बढने का रास्ता दिखायें। अपने विचारो, आदर्शो और शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से वनांचल के स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हुए उच्च गुणवत्ता के साथ शिक्षा प्रदान करें। कलेक्ट्रेट चेंबर में शिक्षको की भेंट के दौरान सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण लालजी राम मीणा भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा 20 उच्च माध्यमिक शिक्षको को आदिम जाति कल्याण अंतर्गत पदस्थ किया गया है, इसी क्रम में विभाग द्वारा उन्हें आदिवासी अंचल के विद्यालयों में पदस्थापना दी गई है। इसके तहत कृषि विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायनशास्त्र, अर्थशास्त्र, भौतिकशास्त्र, अंग्रेजी, गणित, संस्कृत एवं समाजशास्त्र विषय के शिक्षक शामिल है, उनकी पदस्थापना विभाग अंतर्गत हाईस्कूल एवं हायर सैकेण्डरी विद्यालयों में की गई है। इस अवसर पर शिक्षको को विद्यालयो में पदस्थापना आदेश प्रदान किया गया।

**जनसुनवाई** 11 बच्चों को स्पोन्सरशिप योजना में लाभ देने के निर्देश, कलेक्टर की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित

# जनसुनवाई को मैदानी अमले के आंकलन का माध्यम बनायेः कलेक्टर

सत्ता सुधार ■ श्योपुर

जिला कलेक्टेऊट सभागार में मंगलवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों के निराकरण के दौरान सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनसुनवाई को मैदानी अमले द्वारा किये जा रहे कार्यो के आंकलन का माध्यम बनायें तथा अपने-अपने विभागों में मैदानी स्तर पर मॉनीटरिंग बढाते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कार्यवाही सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में विभागीय अधिकारियों पर कडी कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि प्रथम लेबल पर ही आवेदनों का निराकरण किया जायें, यदि



किसी योजना में अथवा मांग के आधार पर हितग्राही पात्र नही है तो कारण बताते हुए हितग्राही को लिखित में अवगत कराया जायें। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर डॉ अनुज कुमार रोहतगी, सीईओ जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर, एसडीएम मनोज गढवाल, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, वायएस तोमर, अभिषेक मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई के दौरान कुल 114 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनो में त्वरित निराकरण की कार्यवाही करते हुए 11 बच्चों को स्पॉरशिप योजना का लाभ देने के निर्देष दिये तो वहीं छात्रा हिमांशी बैरवा पीएम आवास की मांग लेकर आई थी जिसे उच्च शिक्षा हेतु पढाई में मदद कराने का निर्देश दिया गया है।

**बुजुर्ग को जमीन पर कब्जा दिलाने के निर्देश :** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने जनसुनवाई के दौरान ग्राम आवनी निवासी बुजुर्ग व्यक्ति लटुर नायक को उसकी दो बीघा भूमि पर कब्जा दिलाने के निर्देश एसडीएम मनोज गढवाल को दिये गये। बुजुर्ग लटुर नायक ने बताया कि गांव के ही व्यक्ति ने 10 साल पहले अधबटाई के लिए जमीन ली थी, लेकिन अब जमीन पर कब्जा कर लिया है। इस मामले में जमीन छुडाकर दिलाये जाने के निर्देश दिये।

## दुनिया में अमिट मिसाल है कृष्ण-सुदामा की मित्रता

### अर्रोद गांव में जारी है श्रीमद्भागवत कथा

सत्ता सुधार ■ श्योपुर

जिले के विजयपुर ब्लॉक के अर्रोद गांव में रनसिंह सरकार मंदिर पर जारी श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिवस मंगलवार को कथावाचक आचार्य पवनसुत मुद्गल श्रीधाम वृंदावन वालों ने कथा में सुदामा चरित्र का मनोहारी वर्णन सुनाया। श्रीकृष्ण सुदामा मिलन का प्रसंग सुनाते हुए आचार्य पवनसुत मुदगल ने कहा कि एक बार सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर मित्र श्री कृष्ण से मिलने द्वारकापुरी जाते हैं। जब वह महल के गेट पर पहुंच जाते हैं, तब प्रहरियों से श्री कृष्ण को अपना मित्र बताते है और अंदर जाने की बात कहते हैं। सुदामा की यह बात सुनकर प्रहरी उपहास उड़ाते है और कहते है कि भगवान श्रीकृष्ण का मित्र एक दरिद्र व्यक्ति कैसे हो सकता है।

प्रहरियों की बात सुनकर सुदामा अपने मित्र से बिना मिले ही लौटने लगते हैं। तभी एक प्रहरी महल के अंदर जाकर भगवान श्रीकृष्ण को बताता है कि महल के द्वार पर एक सुदामा नाम का दरिद्र व्यक्ति खड़ा है और अपने आप को आपका मित्र बता रहा है। द्वारपाल की बात सुनकर भगवान कृष्ण नंगे पांव ही दौड़े चले आते हैं और अपने मित्र सुदामा को रोककर गले लगा लिया।

## ग्वालियर में भी मौजूद है भारतीय संविधान की ऐतिहासिक हस्तलिखित प्रति

# कॉन्स्टिट्यूशन की मूल कॉपी देखने सेंट्रल लायब्रेरी पहुंचे बुद्धिजीवी

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

भारतीय संविधान की ऐतिहासिक हस्तलिखित प्रति ग्वालियर में भी मौजूद है, जो सेंट्रल लायब्रेरी में रखी हुई है। मंगलवार को संविधान दिवस के मौके पर कॉन्स्टिट्यूशन की यह मूल प्रति देखने के लिए तमाम बुद्धिजीवी सेंट्रल लायब्रेरी पहुंचे।

यहां बता दें कि 26 नवंबर 1949 को हमारे देश का संविधान तैयार हुआ था, यही कारण है कि प्रतिवर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। जब यह संविधान बनाया गया था, तब उसकी 16 हस्तलिखित प्रतियां भी तैयार की गई थीं। जिन पर तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू सहित संविधान सभा के अन्य सदस्यों के हस्ताक्षर हैं। इनमें से एक प्रति ग्वालियर के सिंधिया राजवंश को भी भेंट की गई थी, जिसे उन्होंने देशवासियों के लिए दर्शनार्थ सेंट्रल लायब्रेरी में सुरक्षित रखवाया हुआ है। संविधान दिवस के मौके पर तमाम बुद्धिजीवी मंगलवार को महाराजबाड़ा स्थित सेंट्रल लायब्रेरी पहुंचे, जो उक्त मूल प्रति के दर्शन करने के साथ ही उसके बारे में जानकारी एकत्रित कर रहे हैं।



### अब नहीं करने देते स्पर्श

पूर्व में संविधान की हस्तलिखित उक्त मूल प्रति को पन्ने पलटकर भी देखा जा सकता था, लेकिन सुरक्षा के मद्देनजर अब इसे स्पर्श नहीं करने दिया जाता है। बल्कि इसके दर्शन करने आने वालों को डिजिटल फॉर्मेट में एलईडी के जरिए दिखाया जाता है।

### हर वर्ष पहुंचते हैं पांच सैकड़ा से अधिक लोग

संविधान दिवस के मौके पर सेंट्रल लायब्रेरी ग्वालियर में पांच सैकड़ा से अधिक देशी- विदेशी पहुंचते हैं, जिनमें हर आयु वर्ग के लोग शामिल होते हैं। इनमें से कई लोग तो संविधान की मूल प्रति देखकर इतने अधिक भावुक हो जाते हैं, कि दंडवत प्रणाम करके उसे सम्मान देते हैं।

### 75 वर्ष बाद भी वही चमक बरकरार

संविधान लिखने के लिए बेहद उन्नत कागज व स्याही का उपयोग किया गया है। जिससे 75 वर्ष बाद भी इसकी वही चमक बरकरार है, मानो इसे हाल ही में तैयार किया गया हो।

### इनका कहना है

संविधान दिवस के मौके पर लायब्रेरी में रखी हस्तलिखित कॉन्स्टिट्यूशन की यह मूल प्रति देखने के लिए देश- विदेश से काफी लोग आते हैं। संविधान दिवस के अलावा 14 अगस्त व 25 जनवरी को भी इसके दर्शन करवाने की व्यवस्था की जाती है।

**विवेक कुमार सोनी**
**प्रबंधक, सेंट्रल लायब्रेरी ग्वालियर**

# चेकिंग के दौरान पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर वाहन चोर

### आरोपी की निशांदेही पर चुराई गई चार बाइक्स बरामद

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

चेकिंग के दौरान हजीरा थाना पुलिस के हत्थे एक शातिर वाहन चोर लगा है, जिसकी निशांदेही पर विभिन्न स्थानों से चुराई गई चार बाइक्स बरामद हुई हैं। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी से वाहन चोरी की अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जा रही है।



एसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश पर जिले भर में की जा रही रेंडम वाहन चेकिंग का अब असर नजर आने लगा है। जिसके चलते महाराजपुरा सर्किल सीएसपी नागेंद्र सिंह सिकरवार के मार्गदर्शन में हजीरा थाना पुलिस द्वारा बीते रोज बिरला नगर चौकी पर पॉइंट लगाकर वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान बाइक सवार एक संदिग्ध युवक ने चेकिंग देख गाड़ी मोड़कर भागने का प्रयास किया, जिसे मौजूद पुलिस टीम ने घेराबंदी कर रोक लिया। जिसके पास मौजूद बाइक के दस्तावेज मांगने पर वह नहीं दिखा सका। इस पर उसे थाने लाया गया, जहां की गई पूछताछ में उसने स्वयं को चंदनपुरा बिरला नगर का रहने वाला बताते हुए उक्त बाइक बीती 22 नवंबर को कमेटी हॉल कांचमील से चोरी करना स्वीकार लिया। पुलिस द्वारा आरोपी से सख्ती के साथ पूछताछ करने पर उसने हजीरा थाना क्षेत्र के ही बिरला नगर से बीती 12 नवंबर को, 15 नवंबर को इंटक मैदान से तथा 22 नवंबर को ग्वालियर थाना क्षेत्रातंर्गत आशीर्वाद गार्डन से एक- एक बाइक चोरी करना बताया। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी की निशांदेही पर उक्त तीनों बाइक्स भी बरामद कर ली हैं। उक्त वाहन चोर पर पूर्व से वाहन चोरी दो प्रकरण तथा वर्तमान के चार केस मिलाकर कुल आधा दर्जन अपराध पंजीबद्ध हैं। इस कार्रवाई में हजीरा टीआई शिवमगंल सिंह सेंगर, एसआई हरेंद्र सिंह भदौरिया, एएसआई तिलक सिंह, प्रधान आरक्षक उमांकात शर्मा, रायसिंह गुर्जर, अनिल गुप्ता, आरक्षक अशोक सिंह सिकरवार, करन चौरसिया, श्रीकृष्ण राठौर, भानु प्रताप परिहार, संदीप जाट, राजीव शर्मा व जितेंद्र जादौन की सराहनीय भूमिका रही।

## भविष्य के चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ने जमकर उठाया यूथ फेस्ट का लुत्फ

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

सीए ग्वालियर ब्रांच की स्टूडेंट्स एसोसिएशन कमेटी द्वारा यूथ फेस्ट 2024 का आयोजन किया। यूथ फेस्ट में बतौर मुख्य अतिथि मिसेस नेशनल यूनिवर्स 2022 एवं रूबरू सुपर मॉडल वर्ल्ड वाइड 2021 शिविका सिंह उपस्थित रहीं। सिकासा चैयरमेन सीए समर्थ दौनेरिया से सभी का अभिवादन किया। उन्होंने स्टूडेंट्स को पढ़ाई के साथ खुद की ग्रूमिंग पर टिप्स दिए। यूथ फेस्ट कार्यक्रम में सांस्कृतिक गान, नृत्य के साथ नाट्य मंचन अन्य खेल खूद हुए। ब्रांच के उपाध्यक्ष सीए पंकज शर्मा ने सभी को धन्यवाद अर्पित किया। शिविका सिंह ने सीए स्टूडेंट्स को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कल्चरल कार्यक्रमों में स्टूडेंट्स को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए जिससे दिमागी ताजगी के साथ साथ बौद्धिक विकास भी होता है। इस मौके पर ग्वालियर ब्रांच के वाइस चेयरपर्सन सीए पंकज शर्मा, सिकासा चैयरमेन सीए समर्थ दौनेरिया, इमीडिएट पास्ट चैयरमेन सीए सचिन गुप्ता, सीए ऋचा मंडेलिया, सिकासा वाइस चेयरपर्सन विशाल गोयल, ट्रेजरार नमन अग्रवाल, एग्जीक्यूटिव मेंबर आयुष गुप्ता, कोऑर्डिनेटर मुस्कान और मलय उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 150 से अधिक स्टूडेंट्स ने भाग लिया सभी ने परफॉर्म किया और सभी ने कार्यक्रम का लुफ्त उठाया। सभी स्टूडेंट्स को सर्टिफिकेट और गिफ्ट्स देकर उनका मनोबल बढ़ाया गया।




## पुलिस कप्तान ने कराया संविधान की प्रस्तावना का वाचन



**ग्वालियर।** संविधान दिवस के अवसर पर शहर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। इसी क्रम में एसपी ऑफिस में पदस्थ पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को एसपी द्वारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया गया।

## भैरव अष्टमी पर किया भंडारा



**ग्वालियर।** भैरव अष्टमी पर दतिया में कब्जू परिवार द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद के अध्यक्ष विजय कब्जू एवं सचिव कल्ली पंडित द्वारा यहां उपस्थित सभी संतों को शॉल, श्रीफल देकर सम्मानित किया।

## दिव्यांगजन की सेवा परमेश्वर सेवा के समान: मंत्री कुशवाह

**ग्वालियर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यायांग जन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने ग्वालियर दक्षिण विधानसभा के अंतर्गत स्थित आंग्रे की गोठ में मूक बधिर कल्याण संस्था म.प्र. के द्वारा बच्चों को ट्रेक सूट वितरण कार्यक्रम में सहभागिता की। उन्होंने कहा की बच्चों के चेहरे पर खिलती मुस्कुराहट मन को असीम सुख देती है। इस वर्ग की सेवा ईश्वर की सेवा के समान है। समाज में इस प्रकार के प्रोत्साहन के कार्यक्रम आयोजित होते रहना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. अभय पापरीकर, गोविन्द जोशी, शिवनारायण गुप्ता, श्याम सुंदर दास अग्रवाल, आशीष शिवहरे, नरेश चौहान, संस्था प्रबंधक नरोत्तम स्वरूप दीक्षित, प्रधानाध्यापिका प्रतिभा धामानी, शिक्षिका सुषमा वर्मा सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।



## 'हम होंगे कामयाब' जन-जागरूकता अभियान

# चौपाल लगाकर आमजन व बच्चों को किया जागरूक

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

महिला एवं बाल विकास विभाग भोपाल के निर्देश पर जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु 25 नवंबर से 15 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान 'हम होंगे कामयाब' आयोजित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में एसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश तथा महिला अपराध डीएसपी किरण अहिरवार के मार्गदर्शन में महिला पुलिस अफसरों ने चौपाल लगाकर आमजन व बच्चों को जागरूक किया।

अभियान के दूसरे दिन मंगलवार को झांसी रोड थाना क्षेत्रांतर्गत नाका चंद्रबदनी में जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें एसआई रूबी भार्गव एवं महिला आरक्षक रमा शर्मा व पूर्वा मिश्रा द्वारा महिलाओं और बच्चियों की समस्याओं को सुनकर उनका उचित समाधान किया गया। कार्यक्रम के दौरान जेंडर आधारित अपराधों जैसे घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, छेड़छाड़, बलात्कार आदि एवं उनसे बचाव के संबंध में जागरूक किया गया और सभी को हेल्पलाइन नंबर 100 डायल, 1091,1098,181 आदि की उपयोगिता के बारे में बताया गया।



### दी गुड टच- बेड टच की जानकारी

इसी क्रम में बिलौआ थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम जौरासी के शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित स्कूली बच्चों को एसआई पूनम कटारे, प्रधान आरक्षक शिवशांत व महिला आरक्षक आसना द्वारा गुड टच- बेड टच, छेड़छाड़, बलात्कार के बारे में जानकारी देकर उनसे बचाव के संबंध में जागरूक किया गया गया।

## पुलिस ने तत्परता दिखा आग की लपटों में घिरी वृद्धा को सकुशल बचाया

### सिरोल इलाके में पानी गर्म करते वक्त सिलेंडर में अचानक लग गई थी आग



**ग्वालियर।** पानी गर्म करते वक्त अचानक सिलेंडर में आग लग जाने से वृद्ध महिला आग की लपटों के बीच घिर गई। घटना सिरोल थाना क्षेत्र की है, जिसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने तत्परता दिखा वृद्धा को सकुशल बचाया। दरअसल सिरोल थाना क्षेत्रांतर्गत फूटी कॉलोनी स्थित आदिवासी छात्रावास के सामने रहने वाली वृद्ध महिला बैजंती जाटव मंगलवार शाम 7.30 बजे के लगभग गैस पर पानी गर्म कर रही थी, इसी दौरान अचानक सिलेंडर में आग लग गई। जैसे ही उक्त आगजनी की सूचना सिरोल टीआई आलोक सिंह भदौरिया को लगी, उनके द्वारा तत्काल एसआई उपेंद्र सिंह धाकड़ सहित प्रधान आरक्षक उमेश, आरक्षक महेश, बलराम व जगजीवन को मौके पर पहुंचाया गया। जिन्होंने कर रेत डालकर एवं गीले कंबल सिलेंडर पर लपेटकर आग पर काबू पाते हुए लपटों में घिरी बुजुर्ग महिला को सकुशल बाहर निकाला। पुलिस की इस तत्परता से एक गंभीर घटना घटित होने से बच गई।

# झांसी मंडल में संविधान की प्रस्तावना का हुआ वाचन

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय झांसी मंडल में संविधान दिवस प्रस्तावना पाठ समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान का प्रस्तावना पाठ कराया गया। ज्ञात हो कि 26 नवंबर 1949 को भारत की संविधान सभा द्वारा अंगीकार और 26 जनवरी 1950 से प्रभावी होने के साथ भारत का संविधान हमारे राष्ट्र का सर्वोच्च कानून बना था। यह दस्तावेज़ हमारी मूलभूत राजनीतिक व्यवस्था, संरचना, प्रक्रियाओं, शक्तियों और सरकारी संस्थानों के कर्तव्यों का सीमांकन करता है और साथ ही मौलिक अधिकारों, नीति निर्देशक सिद्धांतों और नागरिकों के कर्तव्यों को निर्धारित करता है। यह दुनिया में किसी भी देश का सबसे बड़ा लिखित संविधान है और विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की रीढ़ है। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) आरडी मौर्या, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) पीपी शर्मा, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) आशुतोष चौरसिया, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक जे संजय कुमार, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं टेलिकॉम इंजीनियर (समन्वय), वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी गिरीश कंचन, वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर (कर्षण) मयंक शांडिल्य, वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर (सामान्य) नितिन गुप्ता सहित अन्य सभी विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी ब्रजेश चतुर्वेदी द्वारा किया गया।



# वार्ड क्रमांक 66 के लखनौती कला में बनेगा 15 लाख का सामुदायिक भवन

■ संविधान दिवस पर पार्षद ऊषा गिर्राज सिंह गुर्जर ने किया भूमिपूजन

**ग्वालियर।** ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 66 में स्थित ग्राम लखनौती कला में 15 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन बनेगा। जिसका भूमिपूजन संविधान दिवस के अवसर पर स्थानीय पार्षद ऊषा गिर्राज सिंह गुर्जर द्वारा किया गया। भूमिपूजन के अवसर पर पार्षद ऊषा गिर्राज सिंह गुर्जर ने कहा कि आज संविधान दिवस है, अतः इस सामुदायिक भवन का नाम डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के नाम पर रखा जाएगा। इस मौके पर उपस्थित भाजपा ग्वालियर ग्रामीण के जिला मंत्री गिर्राज गुर्जर ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि कांग्रेस ने सदैव बाबा साहब का विरोध किया है। तत्कालीन समय जब बाबा साहब ने लोकसभा चुनाव का नामांकन भरा, तब पं. नेहरू ने विरोध करते हुए उनके खिलाफ प्रचार कर उन्हें चुनाव हराने का काम किया। जब तक उनकी सरकारें रही, उन्होंने अपने परिवार वालों को ही भारत रत्न देने का काम किया है। श्री गुर्जर ने कहा कि बाबा साहब को भारत रत्न देकर उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का काम भारतीय जनता पार्टी और उससे जुड़े कार्यकर्ता कर रहे हैं।



## विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग 5 दिसंबर तक

**ग्वालियर।** नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी नेहा जादौन ने बताया कि इस बार विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग की थीम पर चार स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें युवा द्वारा माय भारत पोर्टल पर 5 दिसंबर तक प्रतिभागिता किया जा सकता है। 15 से 29 वर्ष के युवा इस कार्यक्रम में हिस्सा ले सकते हैं। पहले चरण में विकसित भारत की थीम पर ऑनलाइन क्विज कंपटीशन का आयोजन मायभारत पोर्टल पर होगा। इसमें से चुने गए प्रतिभागी दूसरे चरण में ऑनलाइन निबंध लेखन में भाग लेंगे। तीसरे लेवल पर स्टेट चैंपियनशिप भोपाल में और चौथी और आखिरी चरण में नेशनल चैंपियनशिप नई दिल्ली में प्रधानमंत्री की मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया जाएगा। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान 11 और 12 जनवरी को आयोजित होगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली के भारत मंडपम में 3000 युवा नेताओं के साथ संवाद करेंगे। इन 3000 युवा नेताओं में से 1500 प्रतिभागियों का चयन विकसित भारत चैलेंज के माध्यम से माय भारत प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा।

**सत्ता न्यूज**

## पकड़ने पर बोला- इस बार बचा लो अब गलती नहीं होगी

# पुलिस से बचने पहाड़ी पर चढ़ा शातिर बदमाश

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

पुलिस से बचने के लिए एक शातिर बदमाश पहाड़ी पर चढ़ गया, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया, तो वह गांव के बुजुर्गों से कहने लगा कि इस बार बचा लो, अब गलती नहीं होगी। घटना बेहट सर्किल के हस्तिनापुर थाना क्षेत्र की है।




एसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश पर पुलिस द्वारा आदतन अपराधियों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में हस्तिनापुर थाना पुलिस को मंगलवार दोपहर मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी, कि ग्राम बिलारा में रहने वाला बदमाश प्रमोद जाट कट्टा लेकर गांव के बाहर नहर की ओर घूम रहा है। उक्त जानकारी मिलते ही बेहट एसडीओपी संतोष पटेल द्वारा पुलिस टीम को बताए गए स्थान पर पहुंचाया गया, तो वहां मौजूद बदमाश पुलिस को देख पहाड़ी पर चढ़ गया। जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। जो बचने के लिए गांव के बुजुर्गों से कहने लगा कि इस बार बचा लो, अगली बार गलती नहीं होगी। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके पास से लोडेड देशी कट्टा बरामद हुआ है। उक्त शातिर बदमाश को पकड़ने में हस्तिनापुर थाना प्रभारी राजकुमार राजावत, एएसआई वीर सिंह, प्रधान आरक्षक मनोज सिंह, आरक्षक कृष्णपाल, सुरजीत सिंह, धर्मेंद्र पवैया, राघवेंद्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

### करीब डेढ़ दर्जन अपराध हैं पंजीबद्ध

पुलिस के हत्थे चढ़ा प्रमोद जाट बेहद शातिर बदमाश है। जिसके खिलाफ हत्या का प्रयास, लूट, डकैती, मारपीट, जातिसूचक प्रताड़ना, अवैध शराब बेचने, अवैध हथियार दिखा रास्ता रोककर पैसे मांगने के कुल 17 अपराध पूर्व से पंजीबद्ध हैं।

## एनडीआरएफ ने भूकंप से प्रभावित लोगों को बचाने का किया जीवंत प्रदर्शन

**ग्वालियर।** भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं से किस प्रकार त्वरित कार्रवाई कर जान-माल के नुकसान को कम से कम किया जा सकता है, इस सबका जीवंत प्रदर्शन एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, जिला प्रशासन, पुलिस एवं नगर निगम के संयुक्त दल द्वारा किया गया। नगर निगम मुख्यालय भवन पर सफल बचाव कार्य का जीवंत प्रदर्शन कर गाजियाबाद से आए 8जी एनडीआरएफ के दल ने सभी को सुखद रोमांच से अभिभूत कर दिया। कलेक्टर रूचिका चौहान के निर्देश पर मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय भवन पर भूकंप से बचाव संबंधी प्रभावी मॉक एक्सरसाइज की गई। 8जी एनडीआरएफ के सहायक सेनानी अनिल कुमार के नेतृत्व में गाजियाबाद से आए 30 सदस्यीय दल एवं स्थानीय एसडीआरएफ के दल ने जिला प्रशासन, नगर निगम व पुलिस की मदद से बचाव कार्य का जीवंत प्रदर्शन किया।


## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला श्योपुर (म.प्र.)

E-mail modgmshe@mp.gov.in

क्र./ खनि/3-6/क्यू.एल.92/2024/13517 श्योपुर दिनांक 25.11.2024

### सूचना
### (म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18-क)

यह सूचित किया जाता है कि श्री विष्णु वर्मा पुत्र स्व. श्री महेश वर्मा निवासी पुरानी सब्जी मण्डी रोड़, माता मंदिर के पास, कैलारस मुरैना (म.प्र.) द्वारा म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क के तहत् उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 21.10.2024 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

### आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा क्र. | रकवा | भूमि का प्रकार निजी/ अन्य भूमि स्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्योपुर | वीरपुर | श्यामपुर | 851 | 1.040 हे. में से रकवा 1.000 हे. | अन्य भूमि स्वामियों से सहमति प्राप्त भूमि | मिट्टी (चिमनी भट्टा द्वारा ईंट निर्माण) | |
| | | | कुल आवेदित रकवा | 1.000 हे. | | | |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा, जिला श्योपुर में आपत्ति का लेख/कारण दर्शाते हुए लिखित रुप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करें।

नियत अवधि के उपरान्त प्रस्तुत किसी भी आपत्ति / दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

G-19505/24

प्रभारी खनि अधिकारी
(खनि शाखा)
जिला श्योपुर म.प्र.

## ब्रीफ न्यूज

### स्पेस स्टेशन में हादसे का शिकार होने से बचीं सुनीता विलियम्स

**वॉशिंगटन।** इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में फंसे एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर बड़े हादसे का शिकार होने से बच गए। दोनों ने अंतरिक्ष मलबे के साथ संभावित टकराव को ऐन मौके पर होशियारी दिखाते हुए टाल दिया। सुनीता और बुच ने अंतरिक्ष के मलबे की टक्कर से बचने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आईएसएस से जुड़े प्रोग्रेस कार्गो अंतरिक्ष यान के इंजन को 5.5 मिनट तक चालू रखकर सुरक्षित दूरी पर ले गए। इससे स्टेशन की कक्षा बदल गई और चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित हुई, लेकिन ये 5.5 मिनट बेहद तनाव भरे थे। यह घटना तब घटी, जब सुनीता विलियम्स आईएसएस पर मौजूद थीं। खबर के मुताबिक यह अंतरिक्ष मलबा 2015 में नष्ट हुए एक वेदर सैटेलाइट का टुकड़ा था। यह स्टेशन के चार किलोमीटर के दायरे में आ सकता था, जो अंतरिक्ष के हिसाब से बेहद खतरनाक है। सुनीता विलियम्स ने इस खतरे पर प्रकाश डालते हुए टीम की ऐसी घटनाओं के लिए तैयारी की सराहना की। सुनीता विलियम्स ने अंतरिक्ष मलबे से बचने की इस घटना पर कहा कि सुरक्षा के लिए सभी कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रोग्रेस कार्गो अंतरिक्ष यान ने स्टेशन को सुरक्षित दूरी पर ले जाने के लिए अपने इंजन दागे। यह घटना अंतरिक्ष में बढ़ते मलबे के खतरे को उजागर करती है। यह खतरा अंतरिक्ष अभियानों के लिए चिंता का विषय है।

### बड़ी राहतः इजरायल और लेबनान के बीच चल रहा संघर्ष थमेगा

**तेल अवीवी।** इजरायली सेना एक के बाद एक एयर स्ट्राइक करके हिजबुल्लाह के ठिकानों और हथियारों के भंडार को निशाना बना रहा था, तो जमीन पर भी ऑपरेशन शुरू तेज़ था। लेकिन अब सीज़फायर का समय आ गया है। इजरायली मीडिया के मुताबिक, सोमवार को इस सीजफायर एग्रीमेंट को तैयार कर लिया गया और मंगलवार को होने वाली इजरायली नेशनल सिक्योरिटी कैबिनेट की बैठक में इस पर मुहर लग सकती है। इजरायली सरकार के प्रवक्ता ने कहा, डील की तरफ बढ़ रहे हैं, लेकिन अब भी कुछ मुद्दे हैं जिसे एड्रेस करना है। हालांकि बेंजामिन नेतन्याहू से इसे मंजूरी भी दे दी है।

### रूस-यूक्रेन युद्ध के अगले साल फरवरी में तीन साल पूरे होंगे

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच तनाव और उत्साह दोनों ही देशों के संघर्ष को बढ़ाते हुए दिख रहे हैं। आने वाले साल फरवरी में इस युद्ध को तीन साल पूरे होने जा रहे हैं और दोनों पक्षों के राष्ट्रपतियों की नज़रें किसी भी मुद्दे पर झुकने के लिए तैयार नहीं हैं। यूक्रेन ने अमेरिका और ब्रिटेन की सहायता से रूस के विभिन्न शहरों पर लगातार हमले की खबरें सुनाई देती है, जिसकी प्रतिक्रिया में रूस ने बिना विलंब किए जवाब दिया है। मीडिया के अनुसार रूस ने यूक्रेन के एक शहर पर हाल ही में एक बैलिस्टिक मिसाइल द्वारा हमला किया, इस मिसाइल ने अपनी रेंज और विशेषताओं के साथ सभी को चौंका दिया। यूक्रेन के विशेषज्ञ इस मिसाइल के मलबे की जांच कर रहे हैं, ताकि उन्हें रूस के हथियारों की तकनीक और रणनीतियों को समझने में मदद मिल सके।



जार्जिया में विरोध पार्टी के समर्थक चुनावों में धांधली के आरोप लगाते हुए विरोध जताते हुए, वहीं इस दौरान पुलिस ने एक सड़क को पूरी तरह से बंद कर दिया।

## हम ऋण या अनुदान तब लेते हैं, जब यह हमारे राष्ट्रीय हित में हो

### नेपाली पीएम ओली ने चीन यात्रा से पहले फैली अफवाहों को किया खारिज

एजेंसी ■ काठमांडू

नेपाली पीएम केपी शर्मा ओली ने चीन की यात्रा से पहले साफ कर दिया है कि उनकी यात्रा का उद्देश्य राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देना है, न कि ऋण संबंधी किसी नए समझौते पर हस्ताक्षर करना। ओली 2 दिसंबर को चीन के दौरे पर रवाना होंगे। नेपाल के पीएमओ 'सिंह दरबार' में पूर्व प्रधानमंत्रियों और विदेश मंत्रियों के साथ हुई बैठक में ओली ने कहा कि चीन के साथ 'बेल्ट एंड रोड' पहल कोई ऋण आधारित समझौता नहीं था। उन्होंने कहा कि नेपाल के लिए ऋण लेने का फैसला हमेशा राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए लिया जाएगा। ओली ने अफवाहों को खारिज करते हुए कहा कि हमें इस आधारहीन बात से प्रभावित नहीं होना चाहिए कि नेपाल को कर्ज के जाल में फंसाने के लिए ऋण लिया जा रहा है। हम किसी भी देश से ऋण या अनुदान तब लेते हैं, जब यह हमारे राष्ट्रीय हित में हो। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी यात्रा का उद्देश्य चीन के साथ दोस्ताना संबंधों को और मजबूत करना है और इसे बहुआयामी स्तर पर ले जाना है। पीएम ओली ने यह भी कहा कि नेपाल के लिए भारत और चीन दोनों के साथ संतुलित और मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखना जरुरी है। उन्होंने दोनों देशों के साथ सहयोग के माध्यम से नेपाल के आर्थिक विकास को तेज करने की जरुरत पर बल दिया। नेपाल के इस कदम को चीन की कर्ज-जाल कूटनीति से बचने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है, जिसे कई छोटे देशों ने महसूस किया है। नेपाल अपने पड़ोसियों के साथ सहयोग करते हुए अपनी संप्रभुता और आर्थिक स्वतंत्रता को बनाए रखने की दिशा में काम कर रहा है।

# इमरान खान की पार्टी का विरोध प्रदर्शन बढ़ा, सरकार ने दिए गोली मारने के आदेश

### इस्लामाबाद को किया रेड जोन घोषित, सड़कों पर तैनात की पाकिस्तानी सेना

एजेंसी ■ इस्लामाबाद



पाकिस्तान में पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कार्यकर्ताओं ने बड़ा प्रदर्शन शुरू कर दिया है। हालात बेकाबू हो गए हैं जिसके चलते इस्लामाबाद को रेड जोन घोषित कर दिया गया है। रेड जोन में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोकने के लिए पाकिस्तानी सेना तैनात कर दी गई है। रेड जोन में पीएम आवास, संसद भवन, सरकारी कार्यालय और कई देशों के दूतावास शामिल हैं। शाहबाज सरकार ने आदेश दिए हैं कि रेड जोन में प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए देखते ही गोली मारने की नीति अपनाई जाएगी। इमरान के निर्देश पर पार्टी कार्यकर्ता रविवार से सरकार के खिलाफ 'करो या मरो' आंदोलन के तहत इस्लामाबाद की ओर बढ़ रहे हैं।

पाकिस्तान के कई शहरों से करीब 30 हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारी इस्लामाबाद पहुंच चुके हैं। इस्लामाबाद में पीटीआई कार्यकर्ताओं और सुरक्षा बलों के बीच झड़प की कई घटनाएं सामने आई हैं। पंजाब और अन्य इलाकों में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े, लेकिन प्रदर्शनकारियों का जोश कम नहीं हो रहा है।

स्थिति तनावपूर्ण है। देशभर में हिंसा और बढ़ते प्रदर्शन को देखते हुए शहबाज शरीफ सरकार ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। सरकार का कहना है कि प्रदर्शनकारियों को शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है, लेकिन हिंसा फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। रेड जोन में सेना की तैनाती के पीछे मकसद सरकारी संपत्तियों और दूतावासों को किसी भी तरह के खतरे से बचाना है। इमरान खान की गिरफ्तारी को लेकर बढ़ते विरोध के कारण पाकिस्तान में राजनीतिक अस्थिरता और बढ़ गई है।

### इमरान खान से जेल में मिले पार्टी नेता, विरोध प्रदर्शन पर की चर्चा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान से रावलपिंडी की अदियाला जेल में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने मुलाकात की। इस दौरान नेताओं ने इस्लामाबाद में विरोध प्रदर्शन और पार्टी की रणनीति को लेकर चर्चा की। पार्टी सूत्रों के मुताबिक इस मुलाकात का उद्देश्य राजधानी में हो रहे विरोध प्रदर्शन की जानकारी साझा करना और इमरान खान का मार्गदर्शन लेना था।

मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में गौहर अली खान ने कहा कि हमने इमरान खान से पार्टी की रणनीति और आगामी विरोध प्रदर्शनों पर चर्चा की। उनकी रिहाई के लिए हमारी योजना पर वे पूरी तरह से शामिल हैं। बतादें इमरान खान पर 200 से अधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से कुछ में उन्हें जमानत मिली है, जबकि अन्य में सुनवाई जारी है उनकी रिहाई को लेकर प्रदर्शन तेज कर दिया है। राजधानी इस्लामाबाद और पंजाब में बढ़ते विरोध के कारण प्रशासन सतर्क है, और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

## दो महायुद्धों ने पूरी दुनिया में बढ़ाया टेंशन, बातचीत से समाधान जरुरीः जयशंकर



एजेंसी ■ रोम

विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने सोमवार को रोम में मेडिटेरेनियन संवाद-24 को संबोधित करते हुए रूस-यूक्रेन और इजरायल-ईरान युद्ध को दुनिया में बढ़ते गंभीर तनाव की बड़ी वजह बताया और एक बार फिर से भारत के शांति संदेश को सबके सामने दोहराया। उन्होंने कहा कि हम आतंकवाद और लोगों को बंधक बनाए जाने की कड़ी निंदा करते हैं। युद्धक्षेत्र से कोई समाधान नहीं निकल सकता है। वर्तमान में जारी इन संघर्षों का समाधान युद्ध से नहीं निकाला जा सकता है। जल्द बातचीत और कूटनीति के मार्ग पर चलकर ही समाधान निकाला जा सकता है। संघर्षों को लेकर यही दुनिया की और खासतौर पर वैश्विक दक्षिण की राय है। उन्होंने कहा कि दोनों संघर्षों से कई प्रकार की गंभीर वैश्विक समस्याएं खड़ी हो गई हैं। सप्लाई चेन असुरक्षित हैं, समुद्री कनेक्टिविटी में बाधा उत्पन्न हो गई है। जलवायु संबंधी घटनाएं तेजी के साथ विकराल रूप में सामने आ रही हैं और कोरोना महामारी ने तो पहले ही हमारे ऊपर गहरे घाव छोड़े हैं। आज हम एक नए युग की दहलीज पर हैं। ये पुनः वैश्वीकरण, पुनर्संतुलन और बहुध्रुवीयता का युग है। इस दौर में अवसर चिंताओं के बराबर बंटने वाले नहीं हैं। डॉ जयशंकर ने मध्य-पूर्व को लेकर कहा कि वहां के हालात हमारे लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। विवाद बढ़ने के साथ-साथ हमारी चिंताएं भी बढ़ रही हैं। भारत आतंकवाद और लोगों को बंधक बनाए जाने की निंदा करता है। सैन्य अभियानों में बेकसूर नागरिकों की मौत अस्वीकार्य है। इस मामले पर भारत इसके द्विराष्ट्र समाधान का पक्षधर है।

# ट्रंप ने भारत के शत्रु जॉर्ज सोरोस के पूर्व मनी मैनेजर को चुना वित्त मंत्री

**जॉर्ज सोरोस फंड मैनेजमेंट के पूर्व मनी मैनेजर रह चुके हैं, वह एक प्रमुख वित्तीय विशेषज्ञ हैं**

एजेंसी ■ वॉशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जीतने के बाद डोनाल्ड ट्रंप अब अपनी टीम बनाने की तैयारी कर रहे हैं। राष्ट्रपति बनने से पहले ही उन्होंने अपनी टीम के महत्वपूर्ण सदस्यों का चयन करना शुरू कर दिया है और इसी कड़ी में उन्होंने एक ऐसे व्यक्ति को वित्त मंत्री के रूप में नियुक्त किया है, जिनका कनेक्शन भारत के प्रमुख विरोधी जॉर्ज सोरोस से रहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया कि वह स्कॉट बेसेंट को अपना अगला ट्रेजरी सेक्रेटरी यानी वित्त मंत्री नियुक्त करेंगे। स्कॉट बेसेंट, जो कि जॉर्ज सोरोस फंड मैनेजमेंट के पूर्व मनी मैनेजर रह चुके हैं, एक प्रमुख वित्तीय विशेषज्ञ हैं। अगर सीनेट ने उनकी नियुक्ति पर मुहर लगा दी तो वह अमेरिका के पहले समलैंगिक ट्रेजरी सेक्रेटरी बनेंगे। 62 वर्षीय स्कॉट बेसेंट हेज फंड स्क्वायर कैपिटल मैनेजमेंट के संस्थापक हैं और 1991 से जॉर्ज सोरोस फंड मैनेजमेंट में काम कर चुके हैं। वे घाटे को कम करने और सरकारी खर्चों में कटौती के पक्षधर रहे हैं। अमेरिका के बढ़ते कर्ज के बारे में उनकी चिंता को ध्यान में रखते हुए वह ट्रंप के कैम्पेन से जुड़े थे और अब वित्त मंत्री के रूप में उनकी जिम्मेदारी अमेरिकी अर्थव्यवस्था को संभालने की होगी। स्कॉट बेसेंट का जॉर्ज सोरोस के साथ करीबी संबंध रहा है। सोरोस वही हैं, जो भारत के खिलाफ कई बार बयान दे चुके हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय व्यापारिक वर्ग के खिलाफ अपनी आलोचनाओं को खुलकर व्यक्त किया है और विशेष रूप से कश्मीर से आर्टिकल 370 के हटने और सीएए के विरोध में कई विवादित टिप्पणियां की हैं। सोरोस पर यह भी आरोप हैं कि उन्होंने 1992 में बैंक ऑफ इंग्लैंड को नुकसान पहुंचाकर बड़ी राशि कमाई थी। स्कॉट बेसेंट पहले डेमोक्रेटिक पार्टी के समर्थक थे, लेकिन बाद में उन्होंने रिपब्लिकन पार्टी को अपना समर्थन दिया। वे डोनाल्ड ट्रंप के कट्टर समर्थक बन गए और उनके लिए चंदा जुटाने वाले प्रमुख व्यक्तियों में से एक रहे। बेसेंट ने ट्रंप के 2017 के टैक्स कट्स एंड जॉब्स एक्ट का भी समर्थन किया था, जो अमेरिकी खजाने पर कई ट्रिलियन डॉलर का खर्च लाने का अनुमान था।

### पर्यटकों से भरी नाव डूबी, 28 यात्रियों को बचाया, 16 अभी भी लापता

**काहिरा।** लाल सागर में पर्यटकों को ले जा रही नाव डूब गई। नाव पर सवार 44 लोगों में से 16 अभी भी लापता हैं, जबकि 28 लोगों को बचा लिया गया है। यह दुर्घटना मिस्र के तटीय शहर मार्सा आलम के दक्षिण में हुई, जहां से नाव यात्रा पर निकली थी।

मीडिया रिपोर्ट में लाल सागर क्षेत्र के गवर्नर ने बताया कि बचाए गए लोगों में से कुछ की गंभीर स्थिति होने पर हवाई मार्ग से अस्पताल पहुंचाया। नाव पर चालक दल के 13 मिस्र के लोगों के साथ 31 विदेशी पर्यटक भी सवार थे, जिनमें अमेरिका, जर्मनी, ब्रिटेन, और पोलैंड समेत 12 देशों के नागरिक थे। शुरुआती जांच में पाया गया है नाव पर कोई तकनीकी समस्या नहीं थी। दुर्घटना से पहले नाव का निरीक्षण किया गया और यात्रा के लिए सभी आवश्यक परमिट भी जारी किए थे। हादसे का कारण एक विशाल लहर मानी जा रही है, जिसने नाव को पलट दिया जिससे वह डूब गई।




उत्तरी सुमात्रा में भूस्खलन के बाद राहत व बचाव के कार्यों के दौरान एक एक्सकवेटर मशीन के जरिये मलबे को हटाया जा रहा।

**बदलाव** तीनों देशों पर लगाएंगे अतिरिक्त शुल्क, अवैध प्रवासियों पर भी कसेंगे लगाम

# डोनाल्ड ट्रंप के शपथ लेते ही चीन, कनाडा और मेक्सिको पर बढ़ेगा दबाव

एजेंसी ■ वाशिंगटन

अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चुने जा चुके हैं। ट्रंप के अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद कई देशों में खलबली मच गई हैं। वहीं नवनिर्वाचित डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि देश की बागडोर संभालने के बाद वह चीन, मेक्सिको और कनाडा पर अतिरिक्त शुल्क लगाएंगे। इन तीनों देशों की नीतियों में बदलाव कराने को लेकर प्रेशर पॉलिटिक्स के तहत यह कदम उठाया जाएगा।



ट्रंप ने कहा कि कनाडा और मेक्सिको से अमेरिका आने वाले सभी उत्पादों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया जाएगा। इन देशों से बड़ी संख्या में अवैध प्रवासी अमेरिकी में दाखिल होते हैं। इन देशों से बड़े पैमाने पर ड्रग्स की सप्लाई भी हो रही है। इसके साथ ही चीन के उत्पादों पर 10 फीसदी का टैक्स लगाया जाएगा। ट्रंप ने कहा कि हजारों की संख्या में लोग मेक्सिको और कनाडा सीमा से अमेरिका में अवैध रुप से प्रवेश कर रहे हैं। अमेरिका में इस समय क्राइम का स्तर बहुत बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि 20 जनवरी को शपथ लेने के बाद मेरे पहले आदेशों में एक आदेश ये भी होगा कि मैं मेक्सिको और कनाडा से अमेरिका में आयात हो रहे सभी उत्पादों पर 25 फीसदी का शुल्क लगा दूंगा। यह फैसला ऐसे समय पर लागू किया जाएगा, जब ड्रग्स विशेष रूप से फेंटानिल और सभी गैरकानूनी सामान धड़ल्ले से अमेरिका में लाया जा रहा है।

ट्रंप ने कहा कि मैंने चीन से बड़ी संख्या में अमेरिका में सप्लाई हो रहे ड्रग्स से फेंटानिल को लेकर चीन प्रशासन से बात की है लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। चीन प्रतिनिधियों ने बताया कि वे पकड़ने जाने पर ड्रग्स डीलर्स को मृत्युदंड की सजा देंगे लेकिन दुर्भाग्य से इसका पालन नहीं किया और चीन से अमेरिका में लगातार ड्रग्स खेपें आ रही हैं। ये ड्रग्स मुख्य तौर पर मेक्सिको के रास्ते अमेरिका पहुंच रही हैं। हम चीन पर अतिरिक्त 10 फीसदी टैरिफ लगाने जा रहे हैं। बता दें कि ट्रंप के इस फैसले से उत्तरी अमेरिका की सप्लाई चेन प्रभावित हो सकती है और यहां के कारोबार पर असर पड़ सकता है। इससे पहले चीन के पॉलिसी एडवाइजर ने ट्रंप की नई टीम को लेकर बड़ा बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि एलन मस्क और भारतीय मूल के बिजनेसमैन विवेक रामस्वामी वाली ट्रंप की टीम से चीन को सबसे बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा था कि ट्रंप की टीम अमेरिकी सरकार को नए तरीके से प्रभावी बनाने का काम करेगी, जिससे चीन को अमेरिकी राजनीतिक प्रणाली से मुकाबला करना होगा। ट्रंप अपने पहले कार्यकाल में चीन के खिलाफ कड़े कदम उठाए थे।

## कनाडा-चीन पर भड़के ट्रंप ने कर दिया भारी टैरिफ लगाने का एलान

एजेंसी ■ वॉशिंगटन

अमेरिका में अवैध अप्रवासियों की बढ़ती संख्या को लेकर अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कनाडा, मैक्सिको से आने वाले सभी उत्पादों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का एलान किया। साथ ही ट्रंप ने देश में अवैध रूप से आ रही ड्रग्स के लिए चीन को जिम्मेदार ठहराया है और चीन पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कही है।

ट्रंप ने चीन पर निशाना साधा और कहा कि चीन से अमेरिका में ड्रग्स, खासकर फेंटानिल बड़े पैमाने पर आ रही है। उन्होंने पूर्व में भी चीन के सामने ड्रग्स का मुद्दा उठाया है और चीन ने भी ड्रग्स पैडलर्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही थी, लेकिन उसके बावजूद अमेरिका में फेंटानिल ड्रग्स की आमद बदस्तूर जारी है। ऐसे में हमारी सरकार चीन पर ड्रग्स न रोक पाने के लिए तय टैरिफ से अतिरिक्त 10 फीसदी टैरिफ लगाएगी। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ पर साझा कई पोस्ट में कहा कि 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के साथ ही वे सबसे पहला काम कनाडा, चीन और मैक्सिको से आने वाले सामान पर टैरिफ लगाने का ही करेंगे।

# सदनद्वय की कार्रवाई का संभल-हिंसा की भेंट चढ़ जाने से आशय

संसद के शीतकालीन सत्र को लेकर जैसा कि संभावना व्यक्त की जा रही थी कि यह सत्र हंगामेदार रहने वाला है, सो पहले ही दिन संसद के दोनों सदनों की कार्रवाई हंगामे के चलते 27 नवंबर सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। बस अंतर यह रहा कि हंगामे की वजह बदल गई है। पहले समझा जा रहा था कि गौतम अडानी और मणिपुर हिंसा जैसे मामलों को लेकर विपक्ष सदन में हंगामा कर सकता है, लेकिन अचानक से संभल हिंसा सामने आ गई, जिस पर विपक्ष ने चर्चा की मांग रखी। इसी बीच हंगामा हुआ जिसके चलते पहले लोकसभा की कार्रवाई एक घंटे के लिए और बाद में लोकसभा और राज्यसभा दोनों ही सदनों की कार्रवाई अगले कार्यदिवस बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। मतलब यह कि संभल में जो हिंसा हुई और 4 से 5 लोगों को अपनी जांन से हाथ धोना पड़ गया। यह वाकई गंभीर चिंतनीय विषय है। इस मामले को लेकर राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं तो हैरानी की बात भी नहीं है। वायनाड लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित सांसद प्रियंका गांधी का इस मामले में जो बयान आया उसके मुताबिक उत्तर प्रदेश के संभल में अचानक उठे विवाद को लेकर राज्य सरकार का रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। वाकई इस संवेदनशील मामले में बिना दूसरे पक्ष को सुने और बिना दोनों पक्षों को विश्वास में लिए प्रशासनिक स्तर पर जो हड़बड़ी में कार्रवाई की गई, वह दिखाता है कि राज्य सरकार ने खुद ही माहौल को खराब किया है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से स्वतः संज्ञान लेने की बात कहते हुए प्रियंका ने सत्ताधारियों पर भेदभाव, अत्याचार और फूट डालने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए हैं। इससे पहले संभल मामले में ही उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव ने दावा किया था कि संभल में एक गंभीर घटना हुई है। इसके मुताबिक चुनाव पर चर्चा रोकने की गरज से सुबह-सुबह जानबूझकर एक सर्वेक्षण टीम को भेज दिया गया, जिसका उद्देश्य अराजकता पैदा करना था। उन्होंने सवाल खड़ा करते हुए कहा कि जब मस्जिद का सर्वेक्षण पहले ही हो चुका था, तो फिर से नया सर्वेक्षण क्यों किया गया और वह भी सुबह-सुबह और बिना किसी तैयारी के? वैसे यह कहना गलत भी नहीं होगा कि देश में



मौजूद ज्वलंत समस्याओं और अडानी जैसे अंतर्राष्ट्रीय मामलों से देशवासियों का ध्यान भटकाने के लिए कथित तौर पर सरकारों द्वारा संभल हिंसा जैसे प्रयोग किए जाने से इंकार नहीं किया जा सकता है। सूबे की कानून व्यवस्था और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिंह लगाने जैसी घटना यूं ही अचानक तो नहीं हो सकती है।

# सभी के लिए आवास

जीवंत रामपाल (संकाय, आईआईएम अहमदाबाद)

एडुआर्डो फैब्रेस (अनुसंधान सहायक, आईआईएम अहमदाबाद)

ग्रामीण भारत के लिए आवास एक मूलभूत चुनौती है। ग्रामीण परिवारों का एक बड़ा हिस्सा मिट्टी, बांस या अन्य अस्था यी सामग्रियों से बने कच्चे आवासों में रहता है। इससे ये घर मौसम की विपरीत परिस्थितियों में और अधिकसंवेदनशील हो जाते हैं। भारत सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के माध्यम से इस मुद्दे का समाधान निकालने की दिशा निरतंररूप से कार्य कर रही है। यह एक व्याापक सामाजिक कल्याण कार्यक्रम है और सभी के लिए आवास प्रदान करने के लक्ष्यध पर केंद्रित है।

इस योजना का उद्देश्य सभी बेघर परिवारों और कच्चे एवं जीर्ण-शीर्ण घरों में रहने वाले ग्रामीण परिवारों को ऐसे पक्के आवास बनाने के लिए वित्तीय और निर्माण सहायता प्रदान करना है, जो दीर्घकालिक, मौसम-अनुकूल आवश्यक सुविधाओं से परिपूर्ण हों। पीएमएवाई-जी की प्रगति सराहनीय रही है। ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमआरडी) के अनुसार, अक्टूबर 2024 तक 2.67 करोड़ घरों का निर्माण किया जा चुका है। क्या सचमुच सबके लिए आवास होगा? पीएमएवाई-जी ग्रामीण आवास की चुनौतियों से कितने प्रभावी ढंग से निपटती है?

पीएमएवाई-जी ने निर्माण की गुणवत्ता में सुधार और लाभ के वितरण में निगरानी के लिए प्रौद्योगिकी को अपनाया है। निर्माण की गुणवत्ता में सुधार के लिएपीएमएवाई-जी का एक प्रमुख घटक ग्रामीण राजमिस्त्री प्रशिक्षण (आरएमटी) कार्यक्रम है, जिसने राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के सहयोग से, निर्माणमें बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु2.81 लाख राजमिस्त्रियों को प्रशिक्षित किया है। स्थानीय विशेषज्ञता का उपयोग करने के साथ-साथ गुणवत्ता में सुधार करते हुएइस स्थानीय-विशेषज्ञता पद्धति ने पीएमएवाई-जी के अंतर्गत नई पहलों की गति बढ़ाने में सहायता की है। वर्ष 2021-22 में नई आवास पहल 40 लाख की संख्या को पार कर चुकी हैऔर वर्ष 2022-23 में 50 लाख को पार करते हुए इसने पिछले सभी रिकॉर्ड भी तोड़ दिए हैं। हाल ही में हुए शोध से पता चलता है कि पीएमएवाई-जी ने आवास की स्थिति, बुनियादी सुविधाओं की पहुंच और समग्र कल्याण को बढ़ाते हुए कई आयामों में लाभार्थियों के जीवन में महत्वीपूर्ण सुधार किया है। सामाजिक स्थिति, आत्म-सम्मान और अपनेपन की भावना में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। यह संभवतः संकटग्रस्त प्रवासन में कमी लाने में भी योगदान दे रही है। पीएमएवाई-जी का मुख्य ध्याटन आर्थिक रूप से कमजोर वर्गोंके लिए सस्तौआवासों के प्रावधान औरपारदर्शिता को प्राथमिकता देने के साथ-साथमहिला सह-स्वामित्व एवं इस तरह की आबादी में शामिल वर्गों के सशक्तिकरण पर रहा है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना(एमजीएनआरईजीएस) के माध्यम से इसके साक्ष्य एक महत्वपूर्ण रोजगार प्रभाव का भी उल्लेजख करते हैं।इस कार्यक्रम के साथ 2016 से प्रति परिवार लगभग 314 व्यक्ति-दिवस कार्य का सृजन हुआ है, जिसमें 81 कुशल, 71 अर्ध-कुशल और 164 अकुशल व्यक्ति-दिवस शामिल हैं। ग्रामीण राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम भी उच्च गुणवत्तायुक्तै रहा है, जिसमेंसे कुछ को प्रमाणित राजमिस्त्री निर्माण क्षेत्र में विदेश में काम करने के अवसर भी मिल रहे हैं। गुणवत्ता पर ध्यान देने जैसे तथ्य से पता चलता है कि आपदा से निपटने के मामले में डिजाइनों को समावेशी बनाने जैसी पहलों द्वारा समर्थित किया जाता है। यह स्थानीय परिस्थितियों और स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्रियों के आधार पर आपदा के अनुरूप सुविधाओं के साथ विविध आवासों का डिजाइन तैयार करने की तकनीक प्रदान करता है। आवासों के लिए यह समावेशी



पहल एक ऐप द्वारा समर्थित है जिसके माध्यकम से अनुशंसित आदर्श 3डी आवास डिज़ाइन प्रदान किए जाते है। प्रौद्योगिकी के उपयोग ने दो प्रमुख साधनों-बेहतर निरीक्षण और व्या पक कार्यक्रम एकीकरणके माध्यम से लाभार्थियों के जीवन को बेहतर बनाने में पीएमएवाई-जी की सफलता में योगदान दिया है। कार्यक्रम एकीकरण शौचालयों (एसबीएम), एलपीजी कनेक्शन (पीएमयूवाई), पाइप से पेयजल के प्रावधान (जल जीवन मिशन), बिजली कनेक्शन (सौभाग्य) और अन्य सरकारी पहलों के साथ-साथस्वच्छ ऊर्जा समाधानएवं अन्य महत्वपूर्ण सुविधाओंकोपीएमएवाई-जी के अनुकूल बनाकर आवश्यक सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंच को सुनिश्चित करते हुए लाभार्थियों के जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार लाता है। इस प्रकार, आवास संख्याओं में वृद्धि के अलावा नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में पीएमएवाई-जी का ध्यान एक स्वागत योग्य नीति विशेषता है। बेहतर निरीक्षण ने भी पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

ग्राम सभाओं और अपीलीय प्रक्रिया के माध्यम से सत्यापित आवास अभाव मानदंडों का पालन करते हुए, लाभार्थियों को एसईसीसी (सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना) 2011 और आवास+2018 सूचियों से लक्षित किया जाता है। इसके अलावा, आवास+ सूची को मोबाइल ऐप आवास+2024 के माध्यम से किए गए सर्वेक्षणों का उपयोग करके अद्यतन किया जाता है। यह परिवारों को स्वयं-सर्वेक्षण का विकल्प भी प्रदान करता है। हाल ही में, निरीक्षण में और सुधार लाने के लिए चेहरे की पहचान प्रणाली को भी इसमें शामिल किया गया है। पीएमएवाई-जी की व्यापिकता विकासशील देशों में अन्य समान आवास नीतियों के मुकाबले बहुत अधिक है।

पीएमएवाई-जी का 2029 तक 2 करोड़ अतिरिक्त घरों के निर्माण को समर्थन करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य है। संदर्भ के तौर परब्राजील (ब्राजील सरकार)के माई हाउस, माई लाइफ कार्यक्रम ने 2021 तक केवल लगभग 60 लाख आवास इकाइयां वितरित या अनुबंधित की हैं और दक्षिण अफ्रीका के पुनर्निर्माण और विकास कार्यक्रम ने 1994 से 2001(टॉम लॉज, 2003)तक कम आय वाले परिवारों के लिए केवल 11 लाख आवासों का निर्माण किया है।पीएमएवाई-जी की व्याकपकता और दायरा इसे विश्व स्तर पर सबसे प्रभावशाली आवास पहलों में रखता है।

वर्तमान शोध मुताबिक पीएमएवाई-जी समग्र रूप से सफल रही है, यह शोध भविष्य के लिए सुधार के कुछ क्षेत्रों का भी उल्लेईख करता है। सबसे पहले, यह सुनिश्चित करने के लिए कि कार्यक्रम उन लोगों तक पहुंचे जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है, पात्रता मानदंड के बारे में जानकारी तक पहुंच बढ़ाई जा सकती है। इससे जागरूकता में अंतर को पाटने और व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी। दूसरा, नीति गुणवत्ता में सुधार करने के लिए, नीति निर्माताओं के दृष्टिकोण में संभावित खामियों को दूर करते हुएलाभार्थियों की प्रतिक्रिया के लिए साधनों में सुधार करना आवश्यक है। अंत में, राज्यों में आवास पहल के वितरण में पर्याप्त भिन्नता है। कुछ राज्यों ने अपने लक्ष्य हासिल कर लिए हैं या उससे आगे निकल गए हैं, जबकि अन्य ने अभी तक शुरुआत भी नहीं की है। पीएमएवाई-जी ने न केवल आवास सुनिश्चित करने का वादा किया है, बल्कि लाभार्थियों के लिए कई अतिरिक्त लाभ भी सुनिश्चित किए हैं, जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। राज्यों में पीएमएवाई-जी को लागू करने के लिए व्यापक राजनीतिक सहमति वास्तव में सभी के लिए आवास हासिल करने के लिए संपूर्ण भारत में संसाधनों का अधिक संतुलित और प्रभावी आवंटन सुनिश्चित कर सकती है।

# पाक में इमरान के लिए प्रदर्शन और राजनीतिक संकट

पाकिस्तान में राजनीतिक संकट खड़ा हो जाना आश्चर्यजनक बात नहीं है। फिलहाल दुनियां में जिस तरह की उथल-पुथल मची हुई है, उस स्थिति में पाकिस्तानी आवाम का सड़कों पर उतर आना वाकई चिंता की बात है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को रिहा किए जाने की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ जारी विरोध प्रदर्शन अपने चरम पर है। हिंसक प्रदर्शन के बीच करीब 6 लोगों की मौत होने की भी खबर है। यह प्रदर्शन देश ही नहीं बल्कि पड़ोसी मुल्कों समेत अमेरिका तक को सोचने पर मजबूर कर रहा है। पड़ोसी देश इसलिए चिंतित होते हैं क्योंकि पाकिस्तान में हिंसा होने के बाद सीमा पर घुसपैठ जारी हो जाती है। इससे निपटने के लिए सीमा पर अलर्ट रहना होता है। बहरहाल पाकिस्तान में इमरान समर्थक बड़ी संख्या में सड़क पर उतर कर सरकार के खिलाफ विरोध कर रहे हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) कार्यकर्ताओं ने आंदोलन को असरकारी बनाने के लिए इस्लामाबाद कूच किया, इससे हिंसा और टकराव की घटनाएं सामने आई हैं। इमरान की पत्नी बुशरा बीबी पहले ही ऐलान कर चुकी हैं कि पति की रिहाई तक इस्लामाबाद में जमी रहेंगी। इससे जनता और सरकार में टकराव की स्थिति बनती जा रही है। इसके चलते शहबाज सरकार ने सुरक्षा के मद्देनजर इस्लामाबाद को रेड जोन घोषित कर प्रदर्शनकारियों को हद में रहने का संदेश दे दिया है। रेड जोन एरिया में प्रधानमंत्री आवास, संसद और दूतावास समेत महत्वपूर्ण सरकारी दफ्तरों को शामिल किया गया है। पाकिस्तानी सेना की तैनाती कर दी गई है और सरकार ने आदेश जारी किया है कि अगर किसी प्रदर्शनकारी को रेड जोन के अंदर देखा गया तो उसे गोली मार दी जाएगी। खास बात यह है कि मौजूदा प्रदर्शन के दौरान करीब 30,000 से ज्यादा इमरान समर्थक राजधानी में मौजूद हैं। प्रदर्शनकारियों के हिंसक होने की वजह से कई स्थानों पर झड़पें भी हुई हैं, और इसमें जहां करीब आधा दर्जन लोगों के मारे जाने की खबर है तो वहीं एक पुलिसकर्मी की मौत की भी खबर आई है। ऐसे में कब स्थिति विस्फोटक हो जाए कहा नहीं जा सकता है।



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पिछले साल से ही रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। उन्होंने जेल के अंदर से ही 24 नवंबर को विरोध प्रदर्शन के लिए करो या मरो का आह्वान किया था। इसी के साथ ही इमरान ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान की सरकार ने संविधान का उल्लंघन किया है। उन्होंने 26वें संशोधन को तानाशाही शासन को बढ़ावा देने वाला बताया। इस समय इमरान के खिलाफ 200 से अधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से कुछ में उन्हें दोषी भी ठहरा दिया गया है, जबकि कुछ मामलों में सुनवाई जारी है। ऐसे में जारी विरोध प्रदर्शनों का पाकिस्तान के सियासी हलके में खासा असर देखने को मिल रहा है। फिलहाल प्रदर्शनकारियों का मुख्य उद्देश्य इमरान की रिहाई है, लेकिन कब यह वर्तमान सरकार को सत्ता से हटाने वाला बन जाए कहा नहीं जा सकता है। यही वजह है कि पंजाब और इस्लामाबाद में पुलिस ने पीटीआई के 3500 से ज्यादा नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई का प्रदर्शन पर उल्टा ही असर पड़ा है। यही वजह है कि गिरफ्तारियों के बावजूद, प्रदर्शनकारी सरकार के खिलाफ संघर्ष जारी रखे हुए हैं। प्रभावी विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए अब अमेरिका ने भी पाकिस्तान सरकार को नसीहत देनी शुरु कर दी है। अमेरिकी विदेश विभाग ने स्पष्ट कहा है कि पाकिस्तान में प्रदर्शन करने वालों के मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रताओं का सम्मान किया जाना चाहिए। बात साफ है कि जब प्रदर्शन शांतिमय ढंग से हो रहा है तो उन पर जोर-जबरदस्ती करने की आवश्यकता नहीं है। बल्कि सरकार को चाहिए कि वह प्रदर्शनकारियों से बात-चीत के रास्ते खोले, जैसा कि अमेरिका ने पाकिस्तान से अपील की है। पाकिस्तान सरकार प्रदर्शनकारियों को शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने का अधिकार दे और हिंसा से बचने का आग्रह करे। सवाल यह है कि इमरान की रिहाई के बगैर प्रदर्शनकारी मानने को तैयार नहीं हैं और सरकार ऐसा कोई कदम उठा नहीं सकती, जिससे उसकी अपनी पकड़ सत्ता पर कमजोर पड़ने लग जाए। इस स्थिति में पाकिस्तान का वर्तमान राजनीतिक संकट और विरोध प्रदर्शनों का बढ़ना देश की राजनीतिक अस्थिरता को उजागर कर रहा है। एक तरफ इमरान समर्थकों का सरकार के खिलाफ आंदोलन, जो पाकिस्तान में लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्थिरता पर सवालिया निशान लगा रहा तो दूसरी तरफ हिंसा और गिरफ्तारियों की बढ़ती घटनाएं देश की कानून-व्यवस्था के लिए खतरे की घंटी न साबित हो जाएं, इसकी चिंता भी मौजूदा सरकार को करनी होगी। पाकिस्तान में राजनीतिक असंतोष और विरोध प्रदर्शन के बीच इस्लामाबाद को छावनी में तब्दील कर दिया जाना अपने आप में संकट को उजागर करने जैसा ही है। चूंकि दुनियां में अनेक देशों के हालात भी सही नहीं चल रहे हैं। तृतीय विश्वयुद्ध के मुहाने पर दुनिया खड़ी नजर आ रही है। ऐसे में पाकिस्तान में जो घटनाएं घट रही हैं, वे केवल राजनीतिक असंतोष की नहीं, बल्कि एक देश की कानून-व्यवस्था और लोकतांत्रिक प्रणाली की स्थिरता पर गंभीर सवाल खड़ा कर रही हैं। देखने वाली बात यह है कि पाकिस्तान की सरकार इस विकट स्थिति को कैसे संभालती है और क्या यह विरोध प्रदर्शनों को शांतिपूर्ण तरीके से हल कर पाती है या फिर पाकिस्तानी आवाम और अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। यह विस्फोटक स्थिति पाकिस्तान को किसी बड़े संकट में डाले उससे पहले शहबाज शरीफ सरकार को चाहिए कि वह बीच का कोई रास्ता निकाले, फिर चाहे इमरान को रिहा ही क्यों न करना पड़े।

डॉ हिदायत अहमद खान

## राजकाज



### हरियाणा के बाद भी नही एकजुट हुआ विपक्ष

हरियाणा के विधानसभा चुनाव में जो हुआ था उसे सारे देश ने देखा था। हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज कराई। हरियाणा के विधानसभा चुनाव से सारे विपक्ष को सबक लेना था।लेकिन विपक्ष के नेता कांग्रेस की हार पर मजे ले रहे थे। उत्तर प्रदेश में सपा ने कांग्रेस को हड़काया। महाराष्ट्र में शिवसेना ने कांग्रेस को हड़काने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। अंतिम समय तक टिकटों के बंटवारे को लेकर कुत्ते बिल्ली की तरह लड़ते रह गए। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव हो गए। हरियाणा की पुनरावृति हो गई।विपक्ष के हाथ कुछ भी नहीं लगा।शर्मनाक पराजय के कारण अब मुंह दिखाना भी मुश्किल है। महाराष्ट्र की हार से अब विपक्ष सबक लेगा या नहीं,यह देखने की बात है।अब तो लोगों को बांग्लादेश की याद आने लगी है। जहां पर इसी तरह से चुनाव हुए थे। खालिदा जिया प्रधानमंत्री बन गई थी। लेकिन जनता ने उन्हें स्वीकार नहीं किया। बांग्लादेश से भागकर उन्हें भारत में शरण लेने पड़ी।चर्चाओं में यह भी कहा जाने लगा है। भारत से अच्छा तो बांग्लादेश की जनता और विपक्ष है। जब कहीं से न्याय नहीं मिला, तो सड़कों पर आकर न्याय प्राप्त कर लिया।

### हर राजा का अपना-अपना राजधर्म

भारत में राजाओं का बहुत पुराना इतिहास है। हजारों लाखों राजा हुए हैं। सभी का राजधर्म अलग-अलग था। स्वतंत्र भारत के इतिहास में भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था का राजधर्म भी राजा के हिसाब से तय होता है। अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राजधर्म चर्चाओं में है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को राजधर्म का पालन करने के लिए कहा था। उस समय के (राजा) अटल बिहारी वाजपेई के स्थान पर अब राजा प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी हैं। उनके राजधर्म में अडानी ही राष्ट्र है। उनकी रक्षा करना ही राजा का धर्म है। हर राजा के राज धर्म को लेकर इन दिनों बड़ी चर्चा हो रही है। भारत में 2014 के बाद से उद्योगपति गौतम अडानी राष्ट्र के प्रतीक बनकर उबरे हैं। राजा उनको बचाने के लिए अपने राजधर्म का पालन कर रहा है। इसमें गलत क्या है, विपक्ष को यह बात समझ क्यों नहीं आ रही है।

### दिग्गी राजा को भाजपा से सीखना होगा चुनावी प्रबंधन

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह जब दूसरी बार मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। उस समय वह कहते थे। चुनाव विकास से नहीं प्रबंधन से जीते जाते हैं। 2003 में मध्य प्रदेश विधानसभा का चुनाव हुआ। उनका प्रबंधन काम नहीं आया। दो तिहाई बहुमत के साथ मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार बन गई। भाजपा का चुनावी प्रबंधन दिग्विजय सिंह के प्रबंधन से बहुत बेहतर है। महाराष्ट्र में महायुती की सरकार भारी बहुमत से बन गई। हरियाणा भी भाजपा ने प्रबंधन से जीत लिया। महाराष्ट्र में तो इस तरह से प्रबंध किया। भाजपा को सरकार बनाने के लिए अब किसी क्षेत्रीय पार्टी की जरूरत नहीं रही। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की भी अब कोई हैसियत नहीं रही।

## फीचर



# फेशियल कराने के बाद न करें ये काम

खूबसूरती निखारने के लिए महिलाएं आमतौर पर फेशियल कराती हैं लेकिन क्या आप जानती हैं फेशियल कराने के बाद आपको बहुत सारी बातों का खास ख्याल रखना होता है।

अगर नहीं जानतीं तो जान लें क्योंकि आपकी छोटी सी गलती आपके निखार को बेकार कर सकती है। आइए जानते हैं फेशियल के बाद क्या न करें।

**मेकअप:** फेशियल करवाने के तुरंत बाद मेकअप नहीं करना चाहिए। दरअसल फेशियल करवाने के बाद त्वचा के रोम छिद्र खुल जाते हैं और ऐसे में अगर आप फेशियल के बाद मेकअप करते हैं तो इसमें मौजूद कैमिकल स्किन में चले जाते हैं। इससे आपकी सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है, इसलिए फेशियल करवाने के बाद कम से कम 72 घंटे तक मेकअप से दूर रहें।

**मुंह ना धोएं:** फेशियल करवाने के 4 घंटे तक फेसवॉश नहीं करना चाहिए। अपनी त्वचा को फेशियल में इस्तेमाल किए गए प्रोडक्ट्स के फायदों को सोखने दीजिए। अगर चेहरा रूखा लग रहा हो तो फेस पर मिस्ट का इस्तेमाल करें और यदि चेहरा ऑयली हो रहा हो तो चेहरे पर ठंडे पानी के छींटे मार लें।

**थ्रेडिंग:** अगर आप कभी पार्लर जाती हैं और आपको फेशियल और थ्रेडिंग दोनों करवाने हैं तो कभी भी फेशियल पहले कराने की गलती न करें।

**चेहरे पर वैक्सिंग न करवाएं:** कभी भी फेशियल करवाने के तरुंत बाद चेहरे पर अपर लिप्स करवाने के लिए वैक्सिंग न करवाएं। बता दें फेशियल के बाद चेहरे की सबसे ऊपरी त्वचा बहुत मुलायम और संवेदनशील हो जाती है और वैक्स करने से उस पर बुरा असर पड़ सकता है।

**स्क्रब ना करें:** अगर आपने फेशियल करवाया है तो चेहरे पर स्क्रबर का इस्तेमाल करने से बचे। याद रखें कि फेशियल करवाने के तीन दिन तक सक्रब का इस्तेमाल करने से बचें।

## प्रेरणा

# संत की सीख

एक धनी सेठ ने एक संत के पास आकर उनसे प्रार्थना की, महाराज, मैं आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए साधना करता हूं पर मेरा मन एकाग्र ही नहीं हो पाता है। आप मुझे मन को एकाग्र करने का कोई मंत्र बताएं। सेठ की बात सुनकर संत बोले, मैं कल तुम्हारे घर आऊंगा और तुम्हें एकाग्रता का मंत्र प्रदान करूंगा। यह सुनकर सेठ बहुत खुश हुआ। उसने इसे अपना सौभाग्य समझा कि इतने बड़े संत उसके घर पधारेंगे। उसने अपनी हवेली की सफाई करवाई और संत के लिए स्वादिष्ट पकवान तैयार करवाए। नियत समय पर संत उसकी हवेली पर पधारे। सेठ ने उनका खूब स्वागत-सत्कार किया। सेठ की पत्नी ने मेवों व शुद्ध घी से स्वादिष्ट हलवा तैयार किया था। चांदी के बर्तन में हलवा सजाकर संत को दिया गया तो संत ने फौरन अपना कमंडल आगे कर दिया और बोले, यह हलवा इस कमंडल में डाल दो। सेठ ने देखा कि कमंडल में पहले ही कूड़ा-करकट भरा हुआ है। वह दुविधा में पड़ गया। उसने संकोच के साथ कहा, महाराज, यह हलवा मैं इसमें कैसे डाल सकता हूं।



कमंडल में तो यह सब भरा हुआ है। इसमें हलवा डालने पर भला वह खाने योग्य कहां रह जाएगा, वह भी इस कूड़े-करकट के साथ मिलकर दूषित हो जाएगा। यह सुनकर संत मुस्कराते हुए बोले, वत्स, तुम ठीक कहते हो। जिस तरह कमंडल में कूड़ा करकट भरा है उसी तरह तुम्हारे दिमाग में भी बहुत सी ऐसी चीजें भरी हैं जो आत्मज्ञान के मार्ग में बाधक हैं। सबसे पहले पात्रता विकसित करो तभी तो आत्मज्ञान के योग्य बन पाओगे।

## अपनी बात



पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, संसद में स्वास्थ्य चर्चा होना चाहिए, लेकिन कुछ लोग हुड़दंग करते हैं। बकौल पीएम मोदी, संसद में मुट्ठी भर लोग हुड़दंग करते हैं। जनता सब देखती और समझती है। ऐसे लोगों को समय-समय पर चुनावों में जनता सजा भी देती है। हंगामे के कारण नए सांसदों के विचार देश तक नहीं पहुंच पाते हैं।



शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत में नारियों को सम्मान देने की परंपरा दम तोड़ती नजर आ रही है। एक बार फिर नई चेतना की जरूरत है। अब नहीं सहेंगे आगे हमें बढ़ना पड़ेगा। अब कोई बहाना नहीं चलेगा, जैसी चीजों को साथ जोड़ कर हम तेजी से आगे बढ़ेंगे और फिर से वे दिन लेकर आएंगे जब किसी भी बहन और बेटी के साथ हिंसा न हो। उन्होंने कहा कि दुष्कर्मियों को फांसी की सजा होनी चाहिए ताकि ऐसी घटनाएं न हों।

## ब्रीफ न्यूज

### पेंशनर संघ की बैठक कल

**गुना।** कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार पेंशनर संघ की समस्याओं के निराकरण के लिये 28 नवंबर को प्रातः 10:30 बजे से 11:30 बजे तक जिला पेंशन कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया हैं।

### कलेक्टर ने किया संजय स्टेडियम का औचक निरीक्षण

**गुना।** कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा आज संजय स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्टेडियम के बाहर अतिक्रमण करने वाले वाले हाथठेलों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करने के निर्देश मुख्य नगरपालिका अधिकारी तेज सिंह यादव को दिये। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा स्टेडियम के अंदर जाकर साफ-सफाई कराने सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में मुख्य नगरपालिका अधिकारी को निर्देशित किया।

### आज यहां रहेगी बिजली गुल

**गुना।** मेंटीनेंस के चलते बुधवार को शहर के विभिन्न हिस्सों में बिजली गुल रहेगी। सहायक प्रबंधक (शहर) विद्युत वितरण कंपनी लिमि. गुना ने बताया कि 33 केव्ही एआईआर सब-स्टेशन पर आवश्यक कार्य होने से दिनांक 27 नवम्बर को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। जिससे विध्यांचल कॉलोनी, बलवंत नगर, विकास नगर, शुक्ला कॉलोनी, खेड़ापति कॉलोनी, एवन कॉलोनी, गुप्ता कॉलोनी, महावीरपुरा, कस्तुरवा नगर, पोरवाल कॉलोनी एवं मारूति शोरूम के सामने वाले क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। उक्त विद्युत कटौती के समयावधि को आवश्यकतानुसार घटाया अथवा बढ़ाया भी जा सकता है।

### प्रेक्षक द्वारा किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

**गुना।** प्रेक्षकों द्वारा शहर की नगर पालिका गुना के वार्ड नं. 10 में हो रहे उपनिर्वाचन के कार्य की समीक्षा की। मदन सिंह ठाकुर प्रेक्षक द्वारा चुनाव के लिये प्राप्त किये जा रहे नाम निर्देशन पत्रों की कार्यवाही का कलेक्टर कार्यालय गुना में अवलोकन किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र द्वारा चुनाव के सबंध में की जा रही कार्यवाही की जानकारी से अवगत कराया गया। आयोग के निर्देशानुसार वार्ड के निर्वाचन सभी कार्यवाही समय पर निष्पक्ष एवं शांति पूर्वक सम्पन्न की जावेगी। मतदान के दौरान 9 दिसम्बर को पर्याप्त कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस की व्यवस्था की जावेगी। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं अनुविभागीय अधिकारी शिवानी पाण्डेय, उपनिर्वाचन अधिकारी अखलेश जैन द्वारा भी चुनाव से संबंधित जानकारी दी।

### बाईक ने युवक को मारी टक्कर, घायल इंदौर रैफर

**गुना।** शहर के कैंट थानांतर्गत गुलाबगंज कैंट में सड़क किनारे खड़े युवक में बाईक ने टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी मोहम्मद शमीम खान पुत्र मोहम्मद वहीद खान उम्र निवासी मस्जिद के पास गुलाबगंज केन्ट ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि गत रात उसका लड़का मोहम्मद शाहिद खान अपनी दुकान बंद करके ढोंगापुरा से अपने घर गुलाबगंज आ रहा था।

### गुस्साएं भीलों ने एक दर्जन घरों में लगाई आग

# वनभूमि पर कब्जे को लेकर भील और बंजारा समाज के विवाद में युवक की उपचार के दौरान मौत

सत्ता सुधार ■ गुना

फतेहगढ़ थानाक्षेत्र के पन्हेटी गांव में मंगलवार सुबह भील और बंजारा समाज के बीच वन विभाग की जमीन पर कब्जा को लेकर चली आ रही पुरानी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया। वनभूमि पर कब्जे को लेकर लंबे समय से चले आ रहे विवाद में सोमवार रात इंदौर में इलाजरत गलसिंह भील की मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित भील समुदाय के लोगों ने मंगलवार सुबह बंजारा समाज के घरों को निशाना बनाया और 12 घरों व टपरों में आग लगा दी। आगजनी में बंजारा समाज के दो ट्रैक्टर, पांच मोटरसाइकिल, राशन, सर्दी के कपड़े, और खलिहान में रखी फसल जलकर राख हो गई। इतना ही नहीं, पानी के बोरों को भी जानबूझकर खराब कर दिया गया। घटना के समय अधिकांश ग्रामीण खेतों में मजदूरी करने गए थे, जिससे जनहानि होने से बच गई। लेकिन संपत्ति का भारी नुकसान हुआ है।



### पुलिस पर भी किया पथराव, हालात नाजुक

सूचना पर फतेहगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन भील समुदाय के उग्र लोगों ने पुलिस को गांव में घुसने नहीं दिया। पुलिस वाहनों पर पथराव किया गया, जिससे पुलिस को लौटना पड़ा। इसके बाद जिला मुख्यालय से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया और आसपास के थानों से भी जवान तैनात किए गए। गांव में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए पुलिस और प्रशासन सतर्क है। भील समुदाय के लोग गांव के मंदिर पर जुटे हुए हैं, जिससे तनाव और बढ़ने की आशंका है।

### दिवाली पर भी हुई थी झड़प

जानकारी के अनुसार, पन्हेटी गांव में वनभूमि पर कब्जे को लेकर भील और बंजारा समाज के बीच विवाद पुराना है। दीपावली के दिन भी दोनों समुदायों के बीच झड़प हुई थी, जिसमें दोनों पक्षों के लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। गलसिंह भील को इंदौर और कल्लू बंजारा को भोपाल रेफर किया गया था। सोमवार रात गलसिंह की मौत हो गई, जिसके बाद भील समुदाय के लोग भड़क उठे और मंगलवार को इस घटना को अंजाम दिया।

एसडीओपी विवेक अष्ठाना ने बताया कि दीपावली की घटना के बाद दोनों पक्षों पर क्रॉस केस दर्ज किया गया था। गलसिंह की मौत के बाद भील समुदाय के लोग आक्रोशित हो गए और गांव में आगजनी कर दी। एसडीएम शिवानी पांडे ने कहा कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए दमकल बुलाकर आग पर काबू पाया गया। प्रभावित परिवारों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया जाएगा।

### प्रभावित परिवारों को राहत का आश्वासन

प्रशासन ने घटनास्थल पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। पुलिस बल गांव में तैनात है, और हालात को सामान्य करने की कोशिश जारी है। फिलहाल गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है, लेकिन स्थिति नाजुक बनी हुई है।

# क्षेत्र में रेलों का जाल बिछाने के लिए जाने जाते हैं केंद्रीय मंत्री सिंधिया, जल्द सौगात मिलने की उम्मीद

### आईटी सिटी बेंगलुरु तक ट्रेनों की मांग तेज, जैन मिलन, डाक कर्मचारी संघ सहित अनेकों संगठनों ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को लिखा पत्र

सत्ता सुधार ■ गुना

आईटी हब बेंगलुरु तक सीधी रेल सेवा की मांग ने अब जोर पकड़ लिया है। क्षेत्र के कई सामाजिक और कर्मचारी संगठनों, जिनमें जैन मिलन और डाक कर्मचारी संघ प्रमुख हैं, ने इस मांग को लेकर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र लिखा है। इन संगठनों ने केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया है कि गुना और आसपास के इलाकों को देश के प्रमुख आर्थिक और तकनीकी केंद्र बेंगलुरु से जोड़ने के लिए रेल सेवा शुरू की जाए।

दरअसल गुना, अशोकनगर, राघौगढ़, शिवपुरी, आरोन आदि क्षेत्र से बड़ी संख्या में छात्र, आईटी पेशेवर, व्यापारी और अन्य कामकाजी लोग बेंगलुरु आते-जाते हैं। इस मार्ग पर सीधी ट्रेन सेवा न होने के कारण यात्रियों को समय और धन की भारी बर्बादी का सामना करना पड़ता है। फिलहाल गुना से बेंगलुरु के लिए कोई सीधी रेलगाड़ी उपलब्ध नहीं है, जिसके चलते यात्रियों को या तो अन्य शहरों से होकर लंबा सफर तय करना पड़ता है या फिर महंगी हवाई सेवाओं का सहारा लेना पड़ता है। जैन मिलन और भारतीय डाक कर्मचारी संघ ग्रुप सी ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि बेंगलुरु से गुना-अशोकनगर, शिवपुरी क्षेत्र का व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंध काफी पुराना है। एक सीधी ट्रेन सेवा से न केवल यात्रियों को सुविधा होगी बल्कि व्यापार, शिक्षा और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

### वर्तमान रेल सेवाओं की स्थिति

गुना से दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, विशाखापट्नम, अजमेर, जयपुर, हरिद्वार, ऊना हिमाचल जैसे प्रमुख शहरों के अलावा हिन्दू, मुस्लिम, सिख और जैन समाज के प्रमुख धार्मिक स्थलों तक के लिए सीधी रेल सेवाएं उपलब्ध हैं। फिलहाल बेंगलुरु जैसे दक्षिण भारत के महत्वपूर्ण शहरों के लिए कोई सीधा मार्ग नहीं है। इससे क्षेत्र के लोगों को ट्रेन यात्रा के लिए बीना, भोपाल, इंदौर या अन्य बड़े स्टेशन का सहारा लेना पड़ता है। यह न केवल असुविधाजनक है बल्कि समय और धन का भी बड़ा नुकसान करता है। पत्र में सुझाव दिया गया है कि गुना से बेंगलुरु के लिए एक नई एक्सप्रेस ट्रेन शुरू की जाए, जो झांसी, भोपाल और नागपुर जैसे प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरे। यह मार्ग न केवल यात्रियों की सुविधा के लिए आदर्श होगा बल्कि रेलवे को भी राजस्व में वृद्धि का अवसर देगा। वहीं सीधी रेल सेवा शुरू होने से गुना-अशोकनगर क्षेत्र के आईटी पेशेवरों, छात्रों और व्यापारियों को काफी लाभ मिलेगा। गुना से बड़ी संख्या में छात्र बेंगलुरु के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ाई के लिए जाते हैं। एक सीधी ट्रेन सेवा उनकी यात्रा को सरल बनाएगी।



### सिंधिया की भूमिका को सराहा

इन संगठनों ने क्षेत्र में रेलवे नेटवर्क के विस्तार में ज्योतिरादित्य सिंधिया की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की है। पत्र में लिखा गया है कि सिंधिया के प्रयासों से ही गुना-अशोकनगर क्षेत्र में कई नई रेल सेवाएं शुरू हुई हैं। उनके द्वारा क्षेत्र में हवाई और रेल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है।

### अन्य संगठन भी शामिल

जैन मिलन और डाक कर्मचारी संघ के अलावा अन्य संगठनों ने भी इस मांग का समर्थन किया है। महिला मंडल, युवा संगठन और व्यापारिक संघों ने भी इस मुद्दे पर अपनी सहमति व्यक्त की है। इन संगठनों ने सरकार से अपील की है कि क्षेत्र को देश के आधुनिकतम शहरों में से एक बेंगलुरु से जोड़ने के लिए जल्द से जल्द कदम उठाए जाएं। बहरहाल यदि यह मांग स्वीकार कर ली जाती है, तो क्षेत्र में रेलवे सेवाओं के विस्तार की एक नई शुरुआत होगी। इससे यात्रियों को जहां सुविधा मिलेगी, वहीं क्षेत्र का आर्थिक और सामाजिक विकास भी गति पकड़ेगा। दरअसल गुना और बेंगलुरु के बीच सीधी ट्रेन सेवा की मांग लंबे समय से चली आ रही है। क्षेत्र के संगठनों द्वारा केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को लिखा गया यह पत्र इस मुद्दे को और अधिक प्रभावी ढंग से उठाने की पहल है।

# शीत लहर से बचाव और नियंत्रण को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जारी किये निर्देश

सत्ता सुधार ■ गुना

लगातार तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। शीतल लहर चलने लगी हैं। हालांकि आमजन के लिए यह ठंडी हवाएं फिलहाल उतनी परेशान करने वाली नहीं है, जितना माह दिसम्बर एवं जनवरी के बीच मानव शरीर पर इनका असर पड़ता है। कई बार तो सर्द हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ने के साथ-साथ यदा कदा मृत्यु होना भी संभावित हो जाता है। शीत लहर का नकारात्मक प्रभाव वृद्ध जनों एवं 05 वर्ष के छोटे बच्चों पर अधिक होता है। इसके अतिरिक्त दिव्यांगजनों, बेघर व्यक्तियों, दीर्घकालिक बीमारियों से पीडित रोगियों, खुले क्षेत्र में व्यवसाय करने वाले छोटे व्यवसायियों के लिए भी शीतलहर के दौरान विशेष सतर्कता बरतना आवश्यक है। दूसरी तरफ शीत लहर एवं सर्द हवाओं के दौरान घरों में उपयोग किए जाने वाले हीटर, फायर पॉट आदि बंद कमरों में उपयोग करने के कारण कार्बन मॉनोऑक्साइट विषाक्तता का भी खतरा बढ़ जाता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण द्वारा शीत लहर और पाले की रोकथाम और प्रबंधन हेतु कार्य योजना तैयार करने के दिशा-निर्देश जारी किये हैं। जिसमें कहा गया है कि आमजन को शीतल लहर से बचाव अथवा बचाव और नियंत्रण के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हॉटस्एप, फेसबुक, ट्वीटर आदि के साथ-साथ एस.एम.एस. का भी प्रयोग किया जा सकता है। जिससे शीतलहर/पाले से बचाव हेतु की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी जनसमुदाय तक पहुंच सके। जिला अस्पताल और विकासखण्ड स्तर पर स्वास्थ्य संस्थाओं में क्रमशः मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारियों द्वारा व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा की जावेगी।

### सचेत रहना ही बचाव का पहला चरन

जागरूक और सचेत रहना ही किसी हानि से बचाव का पहला चरण है। शीत लहर/पाले के संबंध में रेडियों, टी.व्ही. समाचार पत्रों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर पूर्वानुमानों के संबंध में सदैव सजग रहना चाहिए। परिस्थिति के हिसाब से गर्मवस्त्र एवं कई परतों में कपड़ों का उपयोग किया जाना चाहिए। आकस्मिक स्थितियों में घर में राशन पानी एवं अन्य जरूरी सामग्रियों की व्यवस्था पहले ही सुनिश्चित कर लेनी चाहिए। यदि शीतल लहर के दौरान नाक बहना, नाक बंद होना, फ्लू, नाक से खून आने जैसे लक्षण दिखाई दे रहे हैं, तो तुरंत ही अपने निकटस्थ चिकित्सक से सलाह प्राप्त करें।

# जन सुनवाई में एसपी ने आवेदकों की सुनी शिकायतें

सत्ता सुधार ■ गुना

संजीव कुमार सिंहा द्वारा मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम स्थित मीटिंग हॉल में जन सुनवाई की गई। इस दौरान अपनी समस्याओं, शिकायतों के आवेदन लेकर आये आवेदकों को पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा एवं जन सुनवाई में मौजूद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर, एसडीओपी राघौगढ़ दीपा डोडवे, सीएसपी गुना भरत नोटिया, एसडीओपी धरनावदा युवराज सिंह चौहान आदि अधिकारियों द्वारा उन्हें बारी-बारी से सुना और समझा गया। जिनकी शिकायतों, समस्याओं पर त्वरित व वैधानिक कार्यवाही कर उनका समय सीमा में निराकरण हेतु जनसुनवाई में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया। आज जन सुनवाई में 36 शिकायतकर्ताओं द्वारा अपनी शिकायतों, समस्याओं के आवेदन दिए।



**कलेक्टर की जनसुनवाई में आए 183 आवेदन**

इधर कलेक्ट्रेट परिसर के जनुसनवाई कक्ष में कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। आयोजित जनसुनवाई में आज 183 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और संबंधित अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान अनुविभागीय अधिकारियों को व्हीसी के माध्यम से वर्चुअली जोड़कर प्राप्त आवेदनों के मौका पर जाकर निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान आवेदक जितेन्द्र प्रजापति पुत्र अनंत सिंह निवासी ग्राम बजरंगगढ द्वारा आवेदन प्रस्तुत बताया कि मैं 80 प्रतिशत अस्थि बाधित दिव्यांग हूँ। आवेदक द्वारा बैसाखी की मांग की गयी। जिस पर कार्यवाही करते हुये दिव्यांग श्री जितेन्द्र प्रजापति को मौके पर ही बैसाखी प्रदाय कर समस्या का निराकरण किया गया।

### उपमहानिरीक्षक ने किया एनएफएल व गेल विजयपुर का निरीक्षण

**गुना।** एनएफएल व गेल की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ का वार्षिक निरीक्षण व सुरक्षा ऑडिट दयाशंकर उपमहानिरीक्षक मध्य क्षेत्र मुख्यालय भिलाई द्वारा किया गया। सर्वप्रथम इकाई प्रभारी एनएफएल स्वप्निल उबाले, उप कमांडेंट एवं इकाई प्रभारी गैल अशोक सिंह, उप कमांडेंट द्वारा दयाशंकर, उप महानिरीक्षक का स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि वार्षिक निरीक्षण व सुरक्षा ऑडिट पूरे वर्ष में एक बार उप महानिरीक्षक द्वारा किया जाता है। जिसमें दोनों संयंत्र में सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन बारीकी से किया जाता है और दोनों संयंत्र की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक अच्छा बनाने के बारे में महोदय द्वारा सुझाव दिए जाते हैं। वार्षिक निरीक्षण व सुरक्षा ऑडिट के दौरान उपमहानिरीक्षक द्वारा एनएफएल के कार्यकारी निदेशक विजय बांगड़ व गेल के कार्यकारी निदेशक प्रवीण कुमार से मुलाकात की।

# राघौगढ़ में निकली भव्य हिंदू एकता झंडा यात्रा

सत्ता सुधार ■ गुना

राघौगढ़ नगर में हिंदू संस्कृति और सनातन धर्म की अखंडता को समर्पित भव्य हिंदू एकता झंडा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा संत बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी के नेतृत्व में राष्ट्र और धर्म के संवर्धन के उद्देश्य से निकाली जा रही हिंदू एकता यात्रा के समर्थन में निकाली गई। राघौगढ़ में यह आयोजन गाडरवारा धाम के प्रसिद्ध संत पंडित दीपक पारीक जी एवं अन्य संतगणों के मार्गदर्शन में किया गया। झंडा यात्रा का शुभारंभ राघौगढ़ के बजरंग फाटक स्थित हनुमानजी महाराज के मंदिर से पूजा पाठ एवं आरती के साथ हुआ। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं हनुमानजी के अनन्य भक्त हीरेंद्र सिंह बंटी बना भी शामिल हुए। श्री बना सनातन धर्म के सशक्त समर्थक के रूप में जाने जाते हैं और उन्होंने इस आयोजन में सहभागिता कर धर्म और समाज के प्रति अपनी निष्ठा को प्रकट किया।



इस दौरान यात्रा राघौगढ़ के मुख्य मार्गो से होकर गुजरी। इसमें हजारों की संख्या में सनातन धर्म के अनुयायी और श्री राम भक्त शामिल हुए। सभी भक्तगण हाथों में भगवा झंडे लेकर जय श्री राम और हर हर महादेव के जयघोष करते हुए यात्रा में आगे बढ़े। भक्तों के उत्साह और समर्पण ने पूरे नगर को धर्ममय वातावरण में डुबो दिया। मार्ग के दोनों ओर श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा का समापन पाटई हनुमानजी महाराज के मंदिर में हुआ। वहां संतगणों ने धर्म और समाज की एकता पर प्रवचन दिए और सनातन धर्म की रक्षा व प्रचार-प्रसार के लिए सभी को प्रेरित किया। इस अवसर पर समाज के सभी वर्गों का सहयोग और समर्थन देखने को मिला। यात्रा में देश और धर्म की अखंडता का संदेश देने वाले नारे मुख्य आकर्षण रहे। नगरवासियों ने पूरी यात्रा के दौरान सहभागिता कर अपने धर्म और संस्कृति के प्रति अटूट आस्था को प्रदर्शित किया। यह भव्य झंडा यात्रा न केवल हिंदू समाज के लिए प्रेरणा बनी, बल्कि समाज में एकता, प्रेम और धार्मिक सहिष्णुता का संदेश भी प्रसारित किया। आयोजनकर्ताओं ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में आपसी सद्भाव और धर्म के प्रति जागरूकता को बढ़ावा मिलेगा। इस भव्य आयोजन में नगर के प्रमुख संतगणों, धर्मप्रेमियों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने इसे ऐतिहासिक बना दिया।

### कलेक्टर कार्यालय, उत्कृष्ट विद्यालय गुना सहित पी.जी. महाविद्यालय में किया गया संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन

# संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का किया आयोजन

सत्ता सुधार ■ गुना

भारत के संविधान को अपनाये जाने के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस पर गरिमापूर्ण तरीके से विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन, संविधान की गौरवगाथा से संबंधित फिल्म प्रदर्शन, प्रस्तावना वाचन सेल्फी सर्टिफिकेट डाउनलोड एवं देश-प्रदेश के महानुभावों के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। संविधान दिवस के आयोजन के दौरान कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया गया। इस अवसर पर एडीएम अखिलेश जैन, अतिरिक्त जिपं सीईओ पंचायत विशाल सिंह, संयुक्त कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया, डिप्टी कलेक्टर जिला फातिमा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

**प्रदर्शनी का अवलोकन कर संविधान की प्रस्तावना का कराया गया सामूहिक वाचन**

इस दौरान जिले के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुना सहित विकासखण्ड स्तर के विद्यालयों में भी संविधान दिवस पर गरिमापूर्ण तरीके से विभिन्न आयोजन किये गये। इस दौरान जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुना में आयोजित किया गया। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी श्री सी.एस. सिसोदिया द्वारा विद्यालय में संविधान पर आधारित लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया और उपस्थित छात्र-छात्राओं को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य वक्ता सेवानिवृत प्राध्यापक डॉ. लक्ष्मीनारायण बुनकर, पूर्व सीएमएचओ डॉ.रामवीर सिंह रघुवंशी, जिला रोजगार अधिकारी बीएस मीना द्वारा संविधान दिवस मनाने के उद्देश्य एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध करायी गई। इस दौरान बच्चों द्वारा सामूहिक प्रार्थना का आयोजन किया गया। जिले के अन्य शैक्षणिक संस्थानो में भी संविधान दिवस मनाया गया इस दौरान उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य श्री एच एन जाटव सहित बड़ी संख्या में स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक श्री गोविन्द मीना ने किया संविधान दिवस के उपलक्ष्य में गुना पुलिस लाईन में संविधान दिवस का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर एसपी संजीव कुमार सिंहा द्वारा पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को भारतीय संविधान की उद्देशिका से अवगत कराया गया। तत्पश्चात उपस्थित पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को भारतीय संविधान के सम्मान की शपथ दिलाते हुए संविधान में निहित मूल्यों जैसे न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को आत्मसात करने तथा अपने दायित्वों का निष्ठा व ईमानदारी से पालन करने हेतु पेरित किया गया।



# मृगवास मामले में लामबंद ब्रह्मण समाज ने सौंपा ज्ञापन

**गुना।** जिले के मृगवास थानांतर्गत विगत दिनों हनुमानजी सहित अन्य देव स्थलों पर कचरा-मैला फेंकने के मामले में पुलिस ने ब्रह्मण समाज द्वारा निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए एसडीएम राघौगढ़ को ज्ञापन सौंपा। सर्व ब्रह्मण समाज समिति राघौगढ़ के अनुसार 3 नवंबर को भगवान भोलेनाथ मंदिर, तेजाजी मंदिर एवं हनुमान जी महाराज मंदिरों में कुछ अराजक तत्वों द्वारा घृणित, आपत्तिजनक घटनाएँ घटित की गई। इन घटनाओं से ग्रामवासियों एवं क्षेत्रीय लोगों की धार्मिक भावनां आहत हुई हैं। तत्समय ग्रामवासियों द्वारा आरोपित दोषियों की पहचान एवं गिरफ्तारी की माँग की गई थी। परंतु, यह अत्यंत खेदजनक है कि 26 नवंबर 24 तक वास्तविक दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इसके विपरीत, प्रभात फेरी के श्रद्धालुओं को शक के आधार पर पकड़ा और कैलाश शर्मा को झूठा आरोप लगाकर जेल भेज दिया गया। जिससे ग्रामवासियों को न्याय मिलने के स्थान पर पक्षपातपूर्ण कार्यवाही का सामना करना पड़ा।



# गुस्से पर लगाएं ब्रेक

**अपने गुस्सैल स्वभाव पर काबू नहीं कर पाती हैं बेला। बाद में सोचती जरूर हैं कि नाहक गुस्सा किया मैंने, लेकिन तब तक तीर कमान से निकल चुका होता है। बात-बात में गुस्सा करने की उनकी आदत अब खुद पर भारी पड़ने लगी है। उनके लिए कोई कहता है, बड़ा एटीट्यूड है इसका, कोई कहता है, इससे तो बात करना ही बेकार है और कोई तो यह तक कह देता है, नकचढ़ी हैं। परिवार के लोग भी उनकी इस आदत को बखूबी समझते हैं, इसलिए उनसे सिर्फ जरूरत भर की बात करना ही पसंद करते हैं।**



भौंहें हर दम तनी रहती हैं मिसेज बेला उपाध्याय की। बच्चों से कोई चीज रखने में चूक हो जाए तो सातवें आसमान पर चढ़ जाता है उनका पारा। पति उनके कहे काम को टाल दें तो बर्दाश्त नहीं हो पाता उनसे। फट पड़ती हैं पति पर। ऑफिस में भी सहयोगी ज्यादा बात नहीं करना चाहते हैं उनसे, सभी अनप्रेडिक्टेबल कहते हैं उन्हें। अपने गुस्सैल स्वभाव पर काबू नहीं कर पाती हैं बेला। बाद में सोचती जरूर हैं कि नाहक गुस्सा किया मैंने, लेकिन तब तक तीर कमान से निकल चुका होता है। बात–बात में गुस्सा करने की उनकी आदत अब खुद पर भारी पड़ने लगी है। उनके लिए कोई कहता है, बड़ा एटीट्यूड है इसका, कोई कहता है, इससे तो बात करना ही बेकार है और कोई तो यह तक कह देता है, नकचढ़ी हैं। परिवार के लोग भी उनकी इस आदत को बखूबी समझते हैं, इसलिए उनसे सिर्फ जरूरत भर की बात करना ही पसंद करते हैं। चूंकि वह अपनी इस फितरत को मैनेज नहीं कर पा रही हैं, इसलिए अलग–थलग पड़ती जा रही हैं। बेला की अपनी टेंशंस हैं, अपनी मुश्किलें हैं, अपनी कमजोरियां, मजबूरियां हैं, अपनी व्यस्तता और निराशा है, लेकिन कोई दूसरा उसका खामियाजा क्यों भुगते? गुस्सा करने की उनकी आदत उन पर तो भारी है ही, पर दूसरों को भी जीने नहीं देती। क्या बेला का यह व्यवहार उचित है? उनके अनुरूप अगर मैं बच्चों को डांटूं नहीं या पति और ऑफिस के सहयोगियों को टोकूं नहीं तो सब कुछ अस्त–व्यस्त हो जाएगा। बेला को अपनी सोच भले ही सही लगती हो, लेकिन वह इसके कुप्रभावों को लेकर बेपरवाह हैं। आज जमाना परंपरागत तरीकों को छोड़कर व्यावहारिक उपायों को अपनाने का है। अगर कूल लाइफ चाहिए तो मैनेज करना ही पड़ेगा तुरंत भड़क जाने की इस आदत को और देनी पड़ेगी दूसरों को सांस लेने की आजादी।

## एक बार चीखती हूं बस

मुझे जब बहुत तेज गुस्सा आता है तो एक बार चीखती जरूर हूं, लेकिन जल्दी ही खुद पर कंट्रोल कर लेती हूं और किचन में चली जाती हूं। अपने गुस्से को मैं वहीं उतारती हूं। जल्दी–जल्दी काम खत्म कर लेती हूं। कुछ समय मिल जाता है कूल होने के लिए और पति व बच्चों को मेरी नाराजगी समझ में आ जाती है। ज्यादा देर माहौल में तनाव नहीं रखती। जल्दी ही सब नॉर्मल कर देती हूं। कनिका का यह फॉर्मूला एकदम प्रैक्टिकल है। इसमें किसी का कोई नुकसान नहीं। उनका काम भी तेजी से हो जाता है और आवेश भी खत्म हो जाता है। दरअसल, समय की मांग भी यही है। व्यर्थ का तनाव मुश्किलों को बढ़ाएगा ही।

## खुशबू से रिलैक्स

भीनी–भीनी सी खुशबू हर मर्ज का इलाज साबित होती है। मल्टीनेशनल कंपनी में मैनेजर पद पर कार्यरत प्रज्ञा श्रीवास्तव के लिए तो कम से कम ऐसा ही है। दफ्तर में छोटी सी बात पर भड़क जाती थीं वह। शुरू में तो उन्हें लगा कि उनके तेज बोलने से काम तेजी से हो रहा है, लेकिन जब लगा कि अपनी टीम से कटने लगी हैं वह तो उन्होंने खुशबू को अपना सहारा बना लिया। जब उनका पारा हाई होने लगता है तो खुशबूदार टिश्यू पेपर निकाल लेती हैं। उससे चेहरे को पोंछने पर उन्हें हीलिंग इफेक्ट का अहसास होने लगता है। इसकी नमी उन्हें ताजगी देती है और खुशबू खुद को काबू करने की क्षमता।

## ब्रिस्क वॉक से कूल

मैंने तो छोटी सी बात पर रिएक्ट किया था। ऐसा तो मैं हरदम ही करती हूं। इसमें नया क्या था। ये चाहते तो चुप रहकर बात खत्म भी कर सकते थे, लेकिन इन्होंने ही बहस बढ़ा दी और मेरा गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। अच्छा हुआ कि फिर मैं निकल गई सैर पर। तेज कदम चलकर मैंने अपने गुस्से को बाहर आने की जगह दी और खुद को कूल किया। किरण को शायद यह अहसास नहीं था कि किसी भी मौके पर गुस्सा हो जाना उनकी आदत में शुमार हो गया था और यही झगड़े की जड़ था। फिर भी उन्होंने बिगड़ी बात को और बिगड़ने से बचा लिया और ब्रिस्क वॉक करके अपनी सेहत को भी सुधरने का मौका दिया।

## रामबाण है संगीत

संगीत में खो जाना दुनिया भुला देने जैसा है। आवेग को नियंत्रित करने में रामबाण साबित हो सकती है संगीत सुनने की प्रैक्टिस। घर में आपके मनपसंद गीत हल्की आवाज में चल रहे हों तो कोई कुछ भी करे, कुछ भी कहे आपको कोफ्त नहीं होगी। आप शांति से समाधान निकाल पाएंगी। अगर गाड़ी चला रही हैं और मध्यम आवाज में एफएम पर आ रहे पुराने गीत या गजलों का लुत्फ उठा रही हैं तो सड़क पर तकरार जैसी नौबत तो नहीं आएगी। इस संगीत की बदौलत ही शालिनी अपने घर और दफ्तर का सफर बिना किसी तनाव के पूरा कर लेती हैं। घर से भी गुनगुनाती हुई निकलती हैं और ऑफिस में भी अच्छे मूड में प्रवेश करती हैं।

**समय से पहले जब बच्चा मैच्योर की तरह बर्ताव करने लगता है, तो बड़े होने के बाद उसके मन में यह टीस रह जाती है कि उसने अपना बचपन एंजॉय नहीं किया। कहीं पारिवारिक दबाव तो कहीं विपरीत स्थिति के कारण बच्चों में मैच्योर व्यवहार स्वाभाविक है। पहले जहां संयुक्त परिवार में बच्चों का बचपन सुरक्षित रहता है, वहीं अब एकल परिवार, मीडिया, गैजेट्स सबने मिलकर बचपन छीन लिया है। जब बच्चों का बचपन छिनता है तो बड़े होने के बाद दूसरे बच्चों को देख उन्हें यह महसूस होता है कि उन्होंने अपना बचपन खोया है।**

# क्या बच्चे जल्दी मैच्योर होने लगे हैं?



पंद्रह साल की दिव्या को देखकर एक पल के लिए उसकी मां को बेहद हैरानी हुई। उसने अपने आप को ऐसे ड्रेस–अप किया था जैसे 20 साल की कोई युवती हो। गुड्डे–गुडियों से खेलने की उम्र में अब बच्चे बड़ों जैसा व्यवहार करने लगे हैं। अक्सर बच्चे घर के बड़ों की तरह ही हकरतें करते हैं चाहे वह अच्छी हो या बुरी। छोटे बच्चों और किशोरियों में यह व्यवहार मैच्युरिटी या वुमनहुड कहलाता है। जिस तरह वे घर के बड़ों को बात करते ड्रेसअप होते और और व्यवहार करते देखते हैं वह भी उनकी तरह करने की कोशिश में लगे रहते हैं। यहां तक कि घर में बड़े भाई–बहनों को देखकर भी उन्हीं की तरह करना चाहते हैं।

तेरह साल की श्रुति की बहन उससे सात साल बड़ी है। जब भी वह अपनी बहन को ड्रेसअप होते देखती, उसके दोस्तों को देखती या उसे काम पर जाते देखती, वह भी उसी की तरह बनना चाहती। उसे यह सब बेहद आकर्षक लगता था। जबकि सच्चाई यह है कि श्रुति अभी सिर्फ 13 साल की ही तो थी। बच्चे अगर बड़ों की तरह व्यवहार करें, तो यह अच्छी बात है पर इसका मतलब यह नहीं कि अपना बचपन ही भूल जाएं। यह बात उनके भविष्य को प्रभावित कर सकती है। विशेषज्ञों की मानें, तो किसी भी बच्चे या किशोर के लिए 10 से 18 साल की उम्र बेहद नाजुक होती है। यह वह अवस्था होती है, जब बच्चा अच्छे बुरे की पहचान करता है। साथ ही अपोजिट सेक्स की उपस्थिति को भी महसूस करता हैं। अगर बच्चा समय से पहले मैच्चोर व्यवहार करेगा तो उसका बचपना और मासूमियत दोनों ही खत्म हो जाएगी। जिस कारण उसमें समय से पहले मेन्सट्रअल शुरू होगा, हार्मोनल गडबड़ी और साथ में विपरीत सेक्स के प्रति आकर्षण, ये सारे लक्षण नजर आने लगेंगे।

समय से पहले जब बच्चा मैच्योर की तरह बर्ताव करने लगता है, तो बड़े होने के बाद उसके मन में यह टीस रह जाती है कि उसने अपना बचपन एंजॉय नहीं किया। कहीं पारिवारिक दबाव तो कहीं विपरीत स्थिति के कारण बच्चों में मैच्योर व्यवहार स्वाभाविक है। पहले जहां संयुक्त परिवार में बच्चों का बचपन सुरक्षित रहता है, वहीं अब एकल परिवार, मीडिया, गैजेट्स सबने मिलकर बचपन छीन लिया है। जब बच्चों का बचपन छिनता है तो बड़े होने के बाद दूसरे बच्चों को देख उन्हें यह महसूस होता है कि उन्होंने अपना बचपन खोया है। कई माता–पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे छोटी उम्र में ही बड़ों जैसे व्यवहार करें। जबकि ऐसी उम्र में बड़ों जैसा व्यवहार कैसे करना है बच्चे यह समझ नहीं पाते। कम्प्यूटर, आईपैड और मोबाइल जैसे गैजेट्स ने भी बच्चों से उनका बचपन चुरा लिया है। बाहर शोर मचाकर खेलने वाले बच्चे और किशोर आज मोबाइल और कम्प्यूटर में खो गए हैं। उन्हें बचपन के खेलों में भी कोई रूचि नहीं रह गई है। ऊपर से माता–पिता और आस–पास के लोगों की उम्मीदें भी उन पर ज्यादा हावी हो गई है। कुछ बच्चे घर की मजबूरी और आर्थिक दबाव में बड़े हो जाते हैं। गिल्ली–डंडे से खेलना या कंचे से खेलना सब भूल गए। हर बच्चे को अपना बचपन प्यारा होता है।

# इच्छाओं और जरूरतों को बदल देती है बढ़ती उम्र



**जब आदमी चालीस के दशक में पहुंचता है और जीवन में अर्जित अपनी उपलब्धियों का जायजा लेता है तो महसूस करता है कि बीस और तीस के दशकों में उसने जो स्वप्न संजोए थे वो सब ऐसे ही रह गये। थकान, तनाव और सफेद होते सिर के बाल, ये सब मिलकर उसकी अपने बारे में बनायी तस्वीर को चुनौती देते हैं। उसकी चेतना में तेजी से आता हुआ बुढ़ापा उसे सुई-सी चुभाता है और उसे भयभीत करता है कि अब वह युवा नहीं रहा।**

चालीस से पचास साल की औरतें भी उम्र के इस दौर में कुछ खास किस्म के सेक्स संबंधी परिवर्तनों से गुजरती हैं और अक्सर वे अपनी सेक्स की इच्छा को गहराई से जानना चाहती हैं। इस उम्र में बहुत सारी औरतें एक ऐसी कुंठा के दौर से गुजरती हैं जब उन्हें लगता है कि यौवन काल में गलत धारणाओं के कारण और बाद में गृहस्थी के दबाव के कारण वे सेक्स का भरपूर आनंद नहीं ले पाईं और उम्र के इस दौर में आने पर उन्हें कुंठा होने लगती है। उन्हें सबसे बड़ी कुंठा यह होती है कि उन्होंने जीवन के सुनहरे समय को यूं ही गवां दिया। उम्र के इस दौर में सेक्स की तीव्र इच्छा को अपने जीवन साथी के सामने प्रकट करने के बजाय वे इसे छिपाती हैं।

उम्र के इस पड़ाव में पुरुष औरत के शारीरिक सौन्दर्य की बात नहीं करते बल्कि अच्छे मित्र की बात करते हैं। इस उम्र में औरतें एक आदर्श पुरुष में मधुरता और सज्जनता ढूंढती हैं। इस उम्र में लोग आत्म केंद्रीत हो जाते हैं और उनकी भावनाएं कोमल हो जाती हैं। इस उम्र में जीवन साथी संबंधी हमारी बदलती इच्छाएं, आकांक्षाएं और अपेक्षाएं हमारे जीवन को प्रभावित करती हैं। स्पष्ट रूप से जीवन के अनुभवों से हम जीवन से समझौता करने और कुछ समस्याओं के साथ जीना सीख लेते हैं। समझौता करने का अर्थ यह नहीं कि उन सारे मुद्दों को छोड़ दिया जाए जिन पर हमारे मतभेद हों। इस उम्र में यह बात ध्यान रखनी चाहिए कि अपने क्रोध पर काबू पाना सीखें और इस बात को ध्यान में रखिए कि कुछ निराशा और कुछ क्रोध जीवन के सामान्य हिस्से हैं और बहुत अच्छे संबंधों में भी ये चीजें पैदा होती हैं। एक–दूसरे पर दोषारोपण करना छोड़िए। वैवाहिक जीवन के अधिकांश झगड़े इसीलिए पैदा होते हैं और इसका परिणाम सिर्फ क्रोध और कुंठा है। क्रोध समस्या का सूचक है। जीवन साथी के क्रोध को यों ही मत टालिए। उस पर ध्यान दीजिए। अगर इस क्रोध पर आप ध्यान दें और इसके कारणों की तह तक पहुंचने का प्रयास करें तो आप इससे उत्पन्न होने वाली ढेर सारी समस्याओं से बच सकती हैं। आप अपने जीवनसाथी के साथ जिन चीजों को बांट कर खुशियां ले सकती हैं उनकी अनदेखी न करें। यही वैवाहिक जीवन का आनंद है।

# कुछ कहता है मेहंदी का गहरा रंग



भारतीय परम्परा में मेहंदी सिर्फ रंग ही नहीं, संस्कृति का हिस्सा भी है। यह एक परम्परा भी है। सुहागिन महिलाओं के जीवन में इसका विशेष महत्व है। शादी–ब्याह और त्योहार पर अक्सर महिलाएं मेहंदी से अपने हाथों को रचाती हैं। बात जब करवा चौथ की हो, तो इस दिन तो हर महिला और युवती के हाथ मेहंदी से सज जाते हैं। भारतीय परम्परा में मेहंदी शादी–शुदा महिलाओं के लिए सौभाग्य का प्रतीक है। करवा चौथ का व्रत क्योंकि हर सुहागिन के लिए सौभाग्य का प्रतीक है इसलिए महिलाएं अपने हाथों में मेहंदी रचा कर खुद को सौभाग्यवती समझती हैं। नई दुल्हन हो या वृद्ध हो चुकी सुहागिन, हर किसी के लिए इस मेहंदी का बेहद महत्व है। कहते हैं जिस महिला के हाथों पर मेहंदी का रंग जितना गहरा होता है उसके पति का प्यार और स्नेह भी उतना ही असीम होता है। मेहंदी इस बात को भी दर्शाती है कि जिस तरह उसका रंग खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है, उसी तरह युवतियां अपने पति और ससुराल वालों के लिए भी अपने समर्पण और स्नेह में गहरा रंग रखेंगी। नववधू को इस रंग से यह सीखना चाहिए कि उसके पति के लिए उसका प्यार भी इतना ही गहरा होगा और समय आने पर वह परिवार के लिए कोई भी त्याग कर सकती है। मेहंदी का गहरा रंग महिला और उसके परिवार के लिए समृद्धि और अच्छे भाग्य का प्रतीक है। शादी–शुदा महिलाएं कोई भी शुभ कार्य करने से पहले अपने हाथों में मेहंदी रचाती हैं। कई बार यह मिल कर खुद लगाई जाती है, तो कई बार एक्सपर्ट से लगवाई जाती है। तरह–तरह के डिजाइन से लगी मेहंदी हाथों पर खूब सजती है। कई महिलाओं की मानें, तो हाथों पर लगी मेहंदी सिर्फ उनके लिए महज रंग भर नहीं है बल्कि खुशी और उल्लास के साथ जीने की वजह भी है। इसके पीछे हमारी भारतीय परम्परा और संस्कृति ही नहीं धर्म और कर्तव्य परायणता भी निहित है। मेहंदी के अलग–अलग डिजाइन अलग–अलग परम्परा के प्रतीक होते हैं। करवा चौथ की पूजा में बैठने से पहले महिलाएं अपने हाथ पैरों पर मेहंदी के खूबसूरत डिजाइन बनवाती हैं। इस मौके पर बाजार में मेहंदी लगाने वाले बैठे दिख जाते हैं। लगभग सभी बाजारों में मेंहदी लगवाने के लिए महिलाओं की भीड़ होती है। न सिर्फ बाजार बल्कि सौभाग्य की प्रतीक इस मेहंदी को रचने में ब्यूटी पार्लर भी पीछे नहीं। पति की लंबी उम्र की कामना के लिए महिलाएं श्रद्धा और विश्वास के साथ इस व्रत को करती हैं। नई साड़ी और पारम्परिक गहने पहनने के साथ मेहंदी को महिलाएं कभी नहीं भूलतीं। करवा चौथ पर मेहंदी लगाना महिलाओं के लिए गुड लक चार्म का काम करता है। भारत त्योहारों की भूमि है। हर त्योहार की अपनी कुछ विशिष्ट परम्परा के साथ धार्मिक और सामाजिक महत्व है। हर त्यौहार अपने महत्व और रीति–रिवाज में निपटा हुआ है। करवा चौथ का त्योहार भी उत्तर भारत के प्रमुख त्योहारों में से एक है जब सुहागिन महिलाएं पति की लंबी उम्र की समृद्धि की कामना लेकर व्रत रखती हैं। इस मौके पर मेहंदी भारतीय परम्परा को अपने तरीके से अभिव्यक्त करती है।

# कंतारा ने भारतीय सिनेमा में गहरी छाप छोड़ी

चर्चित फिल्म कंतारा ने अपनी अनोखी कहानी और भव्य दृश्यों के साथ भारतीय सिनेमा में गहरी छाप छोड़ी है। लेकिन इन शानदार विजुअल्स के पीछे छिपी है कड़ी मेहनत से तैयार किए गए कदंब साम्राज्य के भव्य सेट की कहानी। फिल्म के निर्माताओं के लिए इस ऐतिहासिक कहानी को जीवंत करने के लिए सही स्टूडियो ढूंढना बड़ी चुनौती बन गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेकर्स को कदंब साम्राज्य के विशाल सेट बनाने के लिए उपयुक्त स्टूडियो नहीं मिला। इस मुश्किल को हल करने के लिए उन्होंने कर्नाटक के तटीय शहर कुंदापुर में एक विशाल स्टूडियो का निर्माण किया। यह स्टूडियो न केवल भारत के सबसे बड़े स्टूडियो में से एक है, बल्कि प्राचीन साम्राज्य को सटीक रूप से दर्शाने के लिए इसे अत्यंत बारीकी से तैयार किया गया। सेट के हर हिस्से को इतनी खूबसूरती से डिजाइन किया गया कि यह दर्शकों को एक खोई हुई दुनिया में ले जाने का अनुभव कराता है। कंतारा- चैप्टर 1 का यह भव्य सेट भारतीय सिनेमा के लिए नई संभावनाओं का प्रतीक बन गया है और दर्शकों के दिलों में फिल्म के प्रति एक खास जगह बना चुका है।




# सुहाना खान का नया ऐड इंटरनेट पर छाया

शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान का लेटेस्ट विज्ञापन सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। इस ऐड में सुहाना ने अपने ग्लैमरस अंदाज और आत्मविश्वास से फैंस का दिल जीत लिया। अपने स्टाइलिश डांस मूव्स और एक दमदार वन-लाइनर के साथ, उन्होंने विज्ञापन को एक अलग पहचान दी है। पिछले साल सुहाना ने कई बड़े ब्रांड्स के लिए काम किया है, लेकिन इस ऐड को उनका सबसे प्रभावशाली काम माना जा रहा है। नेटिज़न्स ने उनकी खूबसूरती और एनर्जी की तारीफ करते हुए उन्हें अगली बड़ी स्टार बताया। सोशल मीडिया पर फैंस ने लिखा, सुहाना का यह ऐड बेहतरीन है, वह भविष्य में बड़ा मुकाम हासिल करेंगी। सुहाना न केवल ऐड इंडस्ट्री में छा रही हैं, बल्कि वह जल्द ही अपने डेब्यू प्रोजेक्ट पर भी काम कर रही हैं। वह फिल्म किंग में अपने पिता शाहरुख खान के साथ नजर आएंगी, जिसे लेकर फैंस बेहद उत्साहित हैं। विज्ञापन और मनोरंजन जगत में सुहाना खान की बढ़ती लोकप्रियता से यह साफ है कि वह इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।



# किंशुक वैद्य ने दीक्षा नागपाल संग रचाई शादी

फेमस टीवी शो शाका लाका बूम बूम के संजू के नाम से मशहूर किंशुक वैद्य ने अपनी गर्लफ्रेंड दीक्षा नागपाल संग 22 नवंबर, 2024 को अलीबाग में शादी कर ली। मराठी रीति-रिवाजों से संपन्न इस समारोह में परिवार और दोस्तों ने शिरकत की। सुमेध मुदगलकर, हिमांशु सोनी, हिबा नवाब और शाहीर शेख जैसे सेलेब्स ने इस खास दिन पर कपल को बधाई दी। शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। वहीं, अभिनेता भाविन भानुशाली ने भी अपनी सगाई की खबर से फैंस को खुश कर दिया। दे दे प्यार दे में अजय देवगन के बेटे का किरदार निभा चुके भाविन को उनकी सपनों की राजकुमारी मिल गई है, लेकिन उनकी मंगेतर की पहचान फिलहाल गुप्त रखी गई है। दूसरी ओर, अमेरिकी टीवी सीरीज रियल हाउसवाइव्स के स्टार मैथ्यू बायर्स की मौत की खबर ने सभी को सदमे में डाल दिया। 37 वर्षीय मैथ्यू ने 21 नवंबर को सुसाइड कर लिया। उनके निधन से फैंस और इंडस्ट्री में शोक की लहर है। उनके परिवार और दोस्तों ने इस घटना पर दुख जताया है।



# दारासिंग खुराना बने कॉमनवेल्थ ईयर ऑफ यूथ चैंपियन

मॉडल और समाजसेवी दारासिंग खुराना को इस साल कॉमनवेल्थ ईयर ऑफ यूथ चैंपियन के रूप में सम्मानित किया गया। वे इस सम्मान को प्राप्त करने वाले पहले एशियाई और कुल मिलाकर दूसरे व्यक्ति हैं। दारासिंग मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कार्यरत हैं। उनका पॉज़. ब्रीद. टॉक फाउंडेशन लोगों को केवल 250 में थेरेपी सत्र प्रदान करता है, जबकि इसकी असली कीमत 2,500-3,000 होती है। हाल ही में दारासिंग ने कॉमनवेल्थ हेड्स ऑफ गवर्नमेंट मीटिंग में भाग लिया और समोआ का दौरा किया। इस दौरान, उनकी मुलाकात सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से हुई, जहां उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत की।
दारासिंग ने सिंगापुर में बढ़ती एंज़ाइटी और डिप्रेशन के मामलों को उजागर किया, जिसमें रिपोर्ट के अनुसार हर तीन में से एक व्यक्ति मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से प्रभावित है। उनका मानना है कि तकनीकी प्रगति और सोशल मीडिया के अधिक उपयोग के कारण ये समस्याएं बढ़ रही हैं। दारासिंग का कार्य न केवल मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में योगदान दे रहा है, बल्कि यह युवा पीढ़ी को मानसिक स्वास्थ्य पर विचार करने की प्रेरणा भी दे रहा है।



# तमन्ना और विजय 2025 में कर सकते हैं शादी

**बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया और एक्टर विजय वर्मा जल्द ही अपने रिश्ते को अगले स्तर पर ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। खबरों की मानें तो यह जोड़ा 2025 में शादी करने की योजना बना रहा है। बताया जा रहा है कि वे शादी के बाद रहने के लिए एक शानदार अपार्टमेंट की तलाश कर रहे हैं।**

हालांकि, इस बारे में दोनों की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन फैंस इस खबर को लेकर काफी उत्साहित हैं। तमन्ना और विजय ने 2023 में लस्ट स्टोरीज 2 की रिलीज के दौरान अपने रिश्ते की पुष्टि की थी। यह उनके साथ काम करने का पहला मौका था, और यहीं से उनकी केमिस्ट्री की शुरुआत हुई। अभिनेता विजय वर्मा ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि वह अपने रिश्ते को गुप्त नहीं रखना चाहते, लेकिन कुछ निजी पलों को निजी रखना उनकी प्राथमिकता है।

विजय ने खुलासा किया कि उनके पास तमन्ना और उनकी पांच हजार से ज्यादा तस्वीरें हैं। हालांकि, वह इन्हें सोशल मीडिया पर साझा नहीं करना चाहते, क्योंकि यह उनके लिए बेहद खास और व्यक्तिगत हैं। विजय ने यह भी कहा कि उनका रिश्ता गहरा और मजबूत है, और वह इसे केवल अपने और तमन्ना के बीच रखना पसंद करते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कपल ने अपने भविष्य के लिए योजनाएं बनानी शुरू कर दी हैं।

हालांकि, इस पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन फैंस को उम्मीद है कि तमन्ना और विजय जल्द ही अपनी शादी की खबर से सबको खुशखबरी देंगे। तमन्ना और विजय के इस कदम को लेकर इंडस्ट्री में भी खासा उत्साह है, और हर कोई उनकी शादी की घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहा है।

बता दें कि तमन्ना और विजय इन दिनों अपने रिश्ते को लेकर फिर से सुर्खियों में हैं। दोनों को उनके फैंस न सिर्फ साथ में पसंद करते हैं, बल्कि उनकी केमिस्ट्री की भी खूब तारीफ करते हैं।

# परिणीति ने लांच किया अपना वीडियो ब्लॉग

अपने नए सफर की शुरुआत करते हुए अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने पहला ब्लॉग (वीडियो ब्लॉग) लॉन्च किया हैं। अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर परिणीति ने एक शॉर्ट वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने बताया, ÷ऑफिशियली मेरा पहला ट्रैवल व्लॉग आने को तैयार है।÷

परिणीति वीडियो में एयरपोर्ट पर चलते हुए कैमरे के साथ नजर आ रही हैं और अपने ब्लॉग की झलक दिखा रही हैं। उन्होंने वीडियो में कहा, ÷मैं अपने दूसरे सफर के लिए तैयार हूं दोस्तों।÷ परिणीति सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और उनकी यह नई पहल उनके फैंस को उत्साहित कर रही है। परिणीति ने हाल ही में एक और पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपनी मां रीना चोपड़ा द्वारा शादी की सालगिरह पर दिए गए एक खास गिफ्ट की झलक दिखाई। इस गिफ्ट में रीना ने एक सुंदर पेंटिंग बनाई, जिसमें परिणीति और उनके पति राघव चड्ढा की सगाई का एक भावुक पल कैद किया गया है। परिणीति ने पोस्ट में लिखा, ÷यह पेंटिंग हमारे लिए सिर्फ कला नहीं, बल्कि हमारे प्यार का आईना है। इसे हमारे घर में खास जगह दी जाएगी।÷

वहीं, राघव चड्ढा ने इस तोहफे के लिए रीना चोपड़ा को धन्यवाद देते हुए लिखा, अब मुझे पता चल गया कि परी में आर्टिस्ट वाला जीन कहां से आया। यह गिफ्ट हमारे लिए बेहद खास है। यह पेंटिंग परिणीति और राघव की सगाई का एक यादगार पल दिखाती है, जिसमें परिणीति राघव का हाथ थामे रिंग दिखा रही हैं। रीना चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में इस पेंटिंग को बनाते समय अपनी भावनाओं को साझा करते हुए लिखा, यह मेरे लिए सिर्फ एक पेंटिंग नहीं, बल्कि मेरे दिल का ब्रश है।



# स्वर्ण मंदिर में रणवीर सिंह और आदित्य धर ने टेका मत्था

अपनी अपकमिंग फिल्म के अगले शेड्यूल की शुरुआत से पहले अभिनेता रणवीर सिंह और फिल्म निर्माता आदित्य धर ने अमृतसर के प्रसिद्ध स्वर्ण मंदिर का दौरा किया और उन्होंने वहां मत्था टेका। इस यात्रा के माध्यम से दोनों ने शहर की पवित्रता और समृद्ध विरासत को श्रद्धांजलि अर्पित की। अमृतसर, जो सदियों से आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक रहा है, अभिनेता-निर्देशक की जोड़ी के लिए एक विशेष स्थान रखता है, और यह यात्रा फिल्म की शूटिंग की शुरुआत से पहले एक हार्दिक संकेत के रूप में देखी जा रही है। टीम ने पहले बैंकॉक में फिल्म का एक विस्तृत शेड्यूल शूट किया था, और अब उनका अगला शेड्यूल अमृतसर में शुरू होने जा रहा है। इस फिल्म में भारतीय सिनेमा के दो दिग्गज रणवीर सिंह और आदित्य धर एक साथ नजर आएंगे, जो इस प्रोजेक्ट को और भी खास बनाते हैं। आदित्य धर, जिनकी पहली फिल्म उरी-द सर्जिकल स्ट्राइक ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़े थे और दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बनाई, अब एक और प्रोजेक्ट के साथ वापसी कर रहे हैं। वहीं, रणवीर सिंह, जिन्होंने अपनी बेहतरीन अभिनय क्षमता से बॉलीवुड में अपनी पहचान बनाई है, हाल ही में रिलीज हुई सिंघम अगेन में अपने दमदार किरदार से सबका दिल जीत चुके हैं। रणवीर सिंह और आदित्य धर का यह नया प्रोजेक्ट उनके प्रशंसकों के लिए एक और सरप्राइज है।



# रवीना की थ्रोबैक तस्वीरों ने मचाया तहलका

अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर हाल ही में अभिनेत्री रवीना टंडन ने एक थ्रोबैक तस्वीरों की सीरीज शेयर की, जिसमें वह ब्लैक आउटफिट में गॉर्जियस और स्टाइलिश नजर आ रही हैं। रवीना द्वारा शेयर की गई इन तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर एक बार फिर से तहलका मचा दिया है, और उनके फैंस और फिल्म इंडस्ट्री के सितारे जमकर उनकी तारीफ कर रहे हैं।

रवीना ने अपनी पोस्ट में कैप्शन लिखा, ÷पुरानी तस्वीरें, फरवरी 2024।÷ इन 12 तस्वीरों में से हर एक तस्वीर में रवीना की खूबसूरती और स्टाइल को देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए। तस्वीरों में रवीना का आत्मविश्वास और आकर्षण बखूबी झलकता है, और यह साबित करता है कि उम्र सिर्फ एक नंबर है। पोस्ट पर फिल्म डायरेक्टर फराह खान ने रवीना की तारीफ करते हुए कमेंट सेक्शन में फायर इमोजी डाला। एक फैन ने लिखा, ÷वाह, चार्मिंग,÷ तो दूसरे ने कहा, ÷आप एवरग्रीन हैं।÷ एक और फैन ने लिखा, आप स्टनिंग हैं। रवीना की यह तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं, और फैंस उनकी खूबसूरती की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। रवीना टंडन सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और अपनी लेटेस्ट पोस्ट के जरिए फैंस से जुड़ी रहती हैं। वह कभी ट्रेडिशनल लुक में तो कभी वेस्टर्न आउटफिट में अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। हाल ही में, अभिनेत्री ने कॉटन सलवार सूट में अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की थीं, जिनमें वह सादगी और खूबसूरती से भरी हुई नजर आईं। इसके अलावा, रवीना टंडन हाल ही में अपनी बेटी राशा थडानी के साथ झारखंड के वैद्यनाथ बाबा के दर्शन करने पहुंची थीं। वह द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन के लिए निकली थीं, और इसके बाद उन्होंने मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर में भी दर्शन किए। रवीना की बेटी राशा बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत करने जा रही हैं, और उनकी डेब्यू फिल्म आजाद है।

# इंदौर की मॉडल नूपुर में देखी जा रही बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना की झलक

मेरा नाम नूपुर छाबड़ा है, मैं एक मॉडल, सिंगर, एक्ट्रेस, डांसर और वीडियो क्रिएटर हूं। मेरा एक यूट्यूब चैनल भी है। जिसमें आपको मेरे गाने और वीडियो देखने को मिल जाएंगे। मैं मध्य प्रदेश के इंदौर से हूं, यहां मैंने बी.कॉम की पढ़ाई कर रखी है। यह बात इंदौर की मॉडल नूपुर छाबड़ा ने इंटरव्यू के दौरान कही। दरअसल नूपुर को नजदीक से जानने वाले उनमें बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर की झलक देखते हैं और उन्हें इंदौर की करीना कहते हैं। अपने इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि इंदौर में मैंने प्रमोशन कॉन्सेप्ट शूट किया। उनकी तुलना करीना कपूर से किए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं नहीं चाहती कि मुझे किसी और से कंपेयर किया जाए, लेकिन मुझे चाहने वाले बॉलीवुड अभिनेत्री से मुझे कंपेयर करते हैं, तो अच्छा लगता है। वैसे मेरे लिए ये किसी सम्मान से कम नहीं है।

**शुरू से ही मुझे मॉडलिंग का शौक था :** नूपुर ने बताया कि लड़कियों को रैंप वॉक करते हुए देखती थी, तब से ही मैंने मॉडल बनने का सपना देख लिया था। स्कूल टाइम से ही मुझे डान्सिंग का, एकटिंग का और गाने का शौक था। मैं मॉडलिंग के अलावा बिजनेस करतीं हूं। मेरे शोरूम में लड़कियों के लिए वेस्टर्न वेयर, नाइट वेयर मिलता है।

**परिवार को बताया अपनी ताकत :** नूपुर ने कहा कि मेरा परिवार ही मेरी ताकत है। मेरे परिवार ने मुझे पूरी तरह से सपोर्ट किया है। हर कदम पर मेरा साथ दिया है। जहां तक मुझे लगता है कि अगर मेरा परिवार मेरे साथ नहीं होता, तो मैं अपने जीवन में इस मुकाम तक नहीं पहुंच पाती। मैंने जो करना चाहा मेरे परिवार ने मुझे करने दिया। मेरे परिवार और उनकी खुशियों से बढ़कर मेरे लिए कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं चाहती हूं कि मेरा बिजनेस बढ़ता रहे, इंदौरवासियों का सम्मान बढ़ता रहे। मेरा यूट्यूब चैनल बहुत बड़ा बने। मेरी डान्सिंग, सिंगिंग और एक्टिंग को दुनिया देखे। इससे मेरे साथ-साथ मेरे इंदौर का भी नाम हो।



## ब्रीफ न्यूज

### महाविद्यालयों में किया गया संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन



**सीहोर।** संविधान दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। इस दौरान विद्याथिज़्यों को बताया कि भारतीय संविधान पूवज़् में भारत में अंग्रेजों द्वारा समय-समय पर लागू कानूनों और अधिनियमों के आधार पर ही निर्मित हैं, भारतीय संविधान में भारतीयता को गौरवान्वित करने के लिए 22 भागों में 22 चित्र उकेरे गए हैं, जो भारतीय संविधान को भारतीयता प्रदान करते हैं। इसके साथ ही संशोधन प्रक्रिया भारतीयता के और अधिक अनुकूल भारतीय संविधान को बनती है। इसके पश्चात विद्याथिज़्यों द्वारा महाविद्यालय परिसर से भोपाल नाका तक जन जागरूकता रैली निकाली गई तथा एक वृहद मानव श्रृंखला बनाई गई। इस अवसर पर संविधान का महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### बूथ समिति का शॉल श्रीफल से किया सम्मान



**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी प्रीतम सिंह लोधी के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल नगर मंडल के बजरिया वार्ड क्रमांक 4 के बूथ क्रमांक 94 पर नव नियुक्त बूथ समिति का सम्मान किया गया जिसमें बूथ अध्यक्ष हेमलाल अहिरवार, मंत्री माखनलाल, बी एल ए हेमंत हजारी शाल श्रीफल से सम्मान किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कृष्णा राज, पवन तिवारी अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष गणेश जाटव, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दीपक मिश्रा, देवल कोरी, राजकुमार अहीरवाल, जितेंद्र अहिरवार, भगवान दास अहीरवार, कैप्टन अहिरवार सहित बूथ समिति सदस्यों की उपस्थिति रही। जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ पर जिस लगन और मेहनत के साथ कार्य करता है उसी का परिणाम है कि महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में पार्टी को अभूतपूर्व सफलता प्राप्त हुई मध्य प्रदेश भाजपा संगठन संपूर्ण देश में सशक्त एवं अनुशासित माना जाता है।

### कृषक संगोष्ठी का आयोजन

**मोरगढी ।** क्षेत्र में एक कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पंचायत सचिव राजेश खोदरे द्वारा की गई। इस कृषक संगोष्ठी में आसपास के अनेक ग्रामों से100 से अधिक महिला-पुरुषों ने भाग लिया। पशुपालन विभाग से डॉ. अजय कुशवाह ने पशुओ में नस्ल सुधार, टीकाकरण एवं कृत्रिम गर्भाधान के बारे में किसानों को विस्तार से समझाया गया। डॉ मनमोहन पाली द्वारा मुर्गी पालन एवं बकरी पालन की बारीकीय किसानो को बताई गयी एवं पशुपालन के लिए किसानो को प्रोत्साहित किया गया।

# संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर नेहरू युवा केंद्र खरगोन ने मनाया संविधान दिवस

## युवा मंडल और महिला मंडल सदस्यों को संविधान की दिलाई शपथ



सत्ता सुधार ■ खरगोन

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर देश भर में संविधान दिवस के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 26 नवंबर को देश के सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों की राजधानी में संविधान दिवस मनाया जा रहा है।

इसी के साथ नेहरू युवा केंद्र खरगोन जिला समन्वयक पंकज गोस्वामी के निर्देशन में भीकनगांव विकासखंड के अर्पित जायसवाल द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया एवं संविधान निर्माताओं के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उपस्थित सभी को संविधान की शपथ दिलाई गई। इस दौरान युवा मंडल एवं महिला मंडल के सदस्य उपस्थित थे।

# पुलिसकर्मियों ने मनाया 'संविधान दिवस'

## जिले के समस्त थानों पर किया गया संविधान की उद्देशिका का वाचन



सत्ता सुधार ■ खरगोन

1949 को भारत गणराज्य का संविधान बनकर तैयार हुआ था, जिसमे संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ भीमराव आंबेडकर की 125 वें जयंती वर्ष के रूप में 26 नवम्बर 2015 को पहली बार भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस सम्पूर्ण भारत में मनाया गया तथा 26 नवम्बर 2015 से प्रत्येक वर्ष सम्पूर्ण भारत में संविधान दिवस मनाया जा रहा है । इससे

### उद्देशिका के वाचन मे समस्त पुलिसकर्मी रहे उपस्थित

पहले इसे राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था । संविधान सभा ने भारत के संविधान को 02 वर्ष 11 माह 18 दिन में 26 नवम्बर 1949 को पूरा कर राष्ट्र को समर्पित किया था जिसे गणतंत्र भारत में 26 जनवरी 1950 से संविधान अमल में लाया गया था। इसी क्रम मे दिनांक 26.11.2024 को संविधान दिवस के उपलक्ष्य मे जिला खरगोन के पुलिसकर्मियों जिसमे जिला खरगोन मुख्यालय के कार्यालयों, अनुभाग के कार्यालयों, पुलिस थानों एवं चौकियों पर संविधान दिवस के उपलक्ष्य में जिले के समस्त पुलिसकर्मियों को संविधान की उद्देशिका का वाचन कर संविधान के उद्देश्य के बारे मे बताया गया ।

# जनसुनवाई में सुनी 54 आवेदकों की समस्याएं

## अधिकारियों को दिये निराकरण करने के निर्देश

सत्ता सुधार ■ खरगोन

प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 26 नवंबर को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें संयुक्त कलेक्टर श्री सत्यनारायण दर्रे, श्रीमती हेमलता सोलंकी एवं डिप्टी कलेक्टर सुश्री पूर्वा मण्डलोई ने आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 54 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर आए थे।



जनसुनवाई में मंशाराम शिकायत लेकर आया था कि उसके निवास स्थान भगवानपुरा तहसील की ग्राम पंचायत पीपरीपाल के ग्राम बामनपुरी के नासरिया फाल्या में हेडपंप नहीं होने से ग्रामीणों को पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। अतः नासरिया फाल्या में शीघ्र हेडपंप खोदा जाए। खरगोन तहसील के ग्राम पोखर की रूकमणी सारदे शिकायत लेकर आयी थी कि उसके पति की 02 वर्ष पहले मृत्यु हो गई है। उसके पति का संबल योजना का कार्ड बना हुआ है, लेकिन उसे अब तक संबल योजना की सहायता राशि नहीं मिली है। अतः उसे शीघ्र सहायता राशि दिलायी जाए।

कसरावद तहसील के ग्राम डेडगांव के तारांचद अवचरे राशन कार्ड में अपनी पत्नी शांति अवजरे का नाम जुड़वाने की मांग लेकर आये थे। उनका कहना था कि बहुत दिनों से कसरावद तहसील में आवेदन देने के बाद भी पत्नी का नाम राशन कार्ड में नहीं जोड़ा गया है। जनसुनवाई में अभिषेक गनवाने अनुकम्पा नियुक्ति देने की मांग लेकर आया था। उसका कहना था कि उसके पिता मीठाराम गनवाने गोगावां विकासखण्ड में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। 18 जनवरी 2022 को उनका निधन हो गया है। उसके द्वारा सहायक ग्रेड-तीन के पद पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया गया है। सहायक ग्रेड-तीन का पद रिक्त नहीं होने के कारण उसे चतुर्थ श्रेणी के पद पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाए।

### शासकीय आदर्श महाविद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

**हरदा।** प्राचार्य प्रो.विजय अग्रवाल के निर्देशन में संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख वक्ताओं के रूप में डॉ. धर्मेंद्र सिंह चौहान तथा डॉ. गुरप्रीत कौर ने अपने विचार व्यक्त किए । डॉ. कृष्ण कुमार सातनकर ने बताया कि अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्य ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया तथा संविधान की बारीकियों से विद्यार्थियों को अवगत करवाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पोस्टर के माध्यम से संविधान दिवस का संदेश दिया एवं संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रो.अंतिमा कनेरिया,प्रो. सोनाली ठाकुर, डॉ.कविता पुनासे, डॉ. टी .आर .पटेल,भारती चंदेल, डॉ. अंजली जिझोतिया, नूर मोहम्मद,राजू पिपरदे, संतोष राठौर,संदीप कुंभकार,डॉ.धर्मिष्ठा निगवाल, गुणवंत मकोड़े आदि संकाय सदस्यों सहीत बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम समन्वयक डॉ.माया रावत ने किया तथा आभार कला संकाय विभागाध्यक्ष डॉ.अनीता बिरला द्वारा व्यक्त किया गया ।

# संविधान दिवस पर संविधान की प्रस्तावना का किया सामूहिक वाचन



सत्ता सुधार ■ सीहोर

संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने संविधान की महत्ता और इसके मूलभूत सिद्धांतों के बारे में बताते हुए कहा कि यह दिन हमें संविधान निमातज़्ओं के योगदान को याद करने और उनके द्वारा स्थापित मूल्यों का पालन करने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने सभी अधिकारियों और कमज़्चारियों से अपने कतज़्व्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने और संविधान में निहित लोकतांत्रिक आदर्शों को बनाए रखने का आह्वान किया। इसके पहले सभाकक्ष में संविधान पर आधारित केंद्र तथा राज्य की डॉक्यूमेंटरी फिल्म दिखाई गई, जिसमें संविधान निमार्ताओं द्वारा संविधान के निर्माण में दिए गए योगदान को दशार्या गया। इसके साथ ही जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में भी संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला पंचायत सीईओ नितिन टाले, डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। सभी ने संविधान के प्रति अपनी निष्ठा और जिम्मेदारियों को निभाने का संकल्प लिया।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष की मांग, मृतक परिवार को 30 लाख मुआवजा दें फैक्ट्री प्रबंधन

सत्ता सुधार ■ सीहोर



इछावर रोड स्थित अल्फा प्रोटीन फैक्ट्री में करंट लगने की वजह से युवक की मौत हो गई है। इसे लेकर परिजनों ने प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाने के साथ ही चक्काजाम भी किया। इधर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने मांग की है कि मृतक के परिवार को 30 लाख रुपए मुआवजा और परिवार के किसी को एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।

मालूम हो कि इछावर विधानसभा क्षेत्र में कांकरखेड़ा के नजदीक अल्फा प्रोटीन फैक्ट्री है। फैक्ट्री में करंट लगने से युवक की मृत्य हो गई है, जिसे लेकर सोमवार को दोपहर करीब 1 बजे परिजन एकत्रित हुए और सड़क पर शव रखकर चक्काजाम कर नारेबाजी की। चक्काजाम कर रहे परिजनों को कांग्रेस ने भी अपना समथज़्न दिया और कांग्रेस नेता भी प्रदर्शन में शामिल हुए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती का कहना है कि फैक्ट्री प्रबंधन की लापरवाही की वजह से युवक की असमय मृत्यु हुई है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि फैक्ट्री प्रबंधन मृतक युवक के परिजनों को 30 लाख रुपए मुआवजा दें साथ ही परिवार के लालन पालन की आजीवन व्यवस्था की जाए । कांग्रेस का आरोप है कि फैक्ट्री में श्रमिक गण की सुरक्षा के निमानुसार कोई साधन उपलब्ध नहीं है.

### असहनीय बदबू से लोग परेशान

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती का कहना है कि यह फैक्ट्री सीहोर-इछावर मार्ग पर है, जबकि इस फैक्ट्री के समीप ही प्रसिद्ध कांकडखेड़ा मंदिर है। मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। जबकि इस फैक्ट्री से उडने वाली दुर्गंध श्रद्धालु व इस सडक़ से निकलने वाले राहगीरों के लिए काफी परेशानी का कारण बनी हुई है।

### कमजोर हो रही जमीन की उपजाऊ क्षमता

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया कि इस फैक्ट्री से दूषित पानी निकलता है, यह पानी आसपास के खेतों में पहुंच रहा है। इस दूषित पानी की वजह से जमीन की उपजाऊ क्षमता भी कमजोर हो रही है। इसे लेकर कई बार क्षेत्र के किसान आवाज उठा चुके हैं, लेकिन किसानों की परेशानी पर किसी का ध्यान नहीं जाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

### सह जागरूकता एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**हरदा।** मध्य प्रदेश शासन वन विभाग के निर्देशानुसार संयुक्त वन प्रबंधन समितियां को प्राप्त लाभांश की 20त्न राशि से वन समितियां का प्रशिक्षण सह जागरूकता एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 23 नवंबर को परिक्षेत्र रहटगांव अंतर्गत वनग्राम केलझिरी में किया गया। अनुविभागीय अधिकारी वन द्वारा जानकारी दी गई कि जिसमें वनग्राम आमसागर, सिंघनपुर, गाँगरधाना, बड़वानी,केलझिरी, गोराखाल एवं खुमी की वन समितियां के सदस्य एवं कबड्डी टीम उपस्थिति रही। वन समितियां के सदस्यों के साथ वनों एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा एवं अग्नि से बचाव के विषय पर चर्चा की गई साथ ही कबड्डी प्रतियोगिता के आयोजन हेतु सभी समितियां से आई हुई कबड्डी टीमों को कबड्डी की किट प्रदान की गई । इसमें प्रत्येक खिलाड़ी को टी शर्ट एवं नेकर प्रदान किए गए। कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान बड़वानी की टीम ने प्रथम स्थान गांगराधाना की टीम ने द्वितीय स्थान एवं गोराखाल की टीम में तृतीय स्थान प्राप्त किया प्रथम स्थान पर आई टीम को राशि5000 रू.नगद एवं ट्रॉफी द्वितीय स्थान पर आई टीम को राशि 3000 रू नगद एवं ट्राफी तथा तृतीय स्थान पर आई टीम को राशि 2000 रू नगर एवं ट्रॉफी प्रदान किए गए खेल के उपरांत कार्यक्रम में उपस्थित सभी समितियां के सदस्यों एवं खिलाड़ियों को पैक लंच उपलब्ध कराया गया।

# पासपोर्ट पुलिस सत्यापन संबंधी प्रक्रिया को सरल एवं सुदृढ बनाने समस्त थानों को दिया प्रशिक्षण



सत्ता सुधार ■ खरगोन

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मराज मीना के निर्देशन में थाना स्तर पर पासपोर्ट पुलिस सत्यापन संबंधी प्रक्रिया को सरल एवं सुदृढ बनाने हेतु जिला पासपोर्ट शाखा द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें जिले के समस्त थानो पर पासपोर्ट सत्यापन संबंधी कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारीयों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में क्षैत्रिय

### फर्जी दस्तावेजों एवं गलत जानकारी के आधार पर पासपोर्ट बनाने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध पासपोर्ट अधिनियम में कार्यवाही करने के दिये निर्देश

पासपोर्ट कार्यालय भोपाल से पुलिस सत्यापन हेतु प्राप्त होने वाले प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करने एवं पुलिस सत्यापन करते समय आवेदकों के दस्तावेजो,निवास स्थान एवं आपराध की बारिकी से जॉच करना बताया तथा फर्जी दस्तावेजो एवं गलत जानकारी देकर पासपोर्ट बनवाने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध पासपोर्ट अधिनियम की 1967 की धारा 12 (ख) में वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

### कन्या शाला में एनएमएमएस परीक्षा आयोजित

**हरदा/चारूवा।** कन्या माध्यमिक शाला चारूवा में राष्ट्रीय मींस कम मेरिट परीक्षा की पूर्व तैयारी को लेकर शाला में परीक्षा का आयोजित की गई। राष्ट्रीय मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा के मार्गदर्शक शिक्षक महेश तिवारी ने बताया की विद्या में शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली इस परीक्षा में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को सफलता दिलाने का हमारा मुख्य उद्देश्य है जिसको लेकर रविवार एवं अन्य अवकाश के दिनों में इसकी कक्षाएं लगाकर प्रयास किए जा रहे है। अभी तक हमने तीस, साठ, सत्तर और एक सौ बीस प्रश्नों के प्रश्न पत्र तैयार करके और उनका विश्लेषण करके बच्चो को सीखने के प्रयास कर चुके है जिसमे विद्यार्थियों की समझ विकसित हुई है और अच्छा परिणाम देने को लेकर तैयार भी है। श्री तिवारी ने बताया कि मुख्य परीक्षा 01दिसंबर रविवार को होने वाली है। जिसमें विद्यार्थियों को एक मिनिट में एक प्रश्न हल करना है प्रत्येक प्रश्न एक-दूसरे से भिन्न है। साथ उच्च स्तर पर होने वाली प्रतियोगी परीक्षा के प्रश्नों के समान कठिन एवम जटिल है।

**श्रीमद भागवत कथा** कथा के दूसरे दिन माता देवहूति व भगवान कपिल देव के संवाद

# सच्चा साधु हमेशा सहनशील, दयावान, क्षमाशील, दूसरे के दुख को देखकर दुखी होता है : पं. राघवेंद्राचार्य महाराज

सत्ता सुधार ■ सीहोर

शहर के चाणक्यपुरी स्थित गोंदन सरकार धाम में गोंदन सरकार हनुमान महाराज की असीम अनुकंपा एवं दिव्य संरक्षण द्वारा बह्मलीन अनंत पंडित महावीर शरण चतुवेदी दद्दा की पावन पुण्य स्मृति प्रतिवषार्नुसार संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के दूसरे दिन कथा व्यास पंडित राघवेंद्राचार्य महाराज देवहूति-कपिल संवाद का वर्णन किया गया।



मंगलवार को महाराज ने विस्तार से माता देवहूति व भगवान कपिल देव के संवाद को सुनाया। उन्होंने कहा कि एक साधु के क्या लक्षण होते हैं श्रीमद्भागवत कथा सुनने से पता चलता है। आज के समय में बहुत से लोग साधु बनकर लोगों को धोखा देते हैं। इससे लोगों को सच्चे साधु तथा महापुरुषों से विश्वास उठ गया है। ऐसा नहीं है कि संसार में सच्चे साधु नहीं हैं। हमें साधु की पहचान होने चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत में जो साधु के लक्षण लिखे हैं उन्हीं से साधारण व्यक्ति को भी पता चल जाएगा कि सच्चा साधु कौन होता है। सच्चा साधु हमेशा सहनशील, दयावान, क्षमाशील, दूसरे के दुख को देखकर दुखी होता है।

कथा व्यास पंडित राघवेंद्राचार्य महाराज ने कहा कि आज के समय में केवल नाम संकीतज़्न करने से ही प्रभु से मिलन का रास्ता सुगम बनता है। कलियुग में स्वरूप सेवा जल्दी नहीं फलती बल्कि नाम सेवा या स्मरण सेवा तुरंत फल देती है। मनुष्य के शरीर श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पदसेवन, अर्चन, वंदन, सख्य व आत्मनिवेदन नवधा भक्ति के नौ अंग हैं तथा जिनमें पारंगत होने के बाद ही कपिल मिलते हैं। जिनके द्वारा ज्ञान बाहर निकल जाता है। इंद्रियों के द्वारा संचित ज्ञान बाहर न निकले इस लिए इंद्रियों का विरोध करो तथा उन्हें प्रभु के मार्ग की तरफ मोड़ दो। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत ऐसा महाग्रंथ है जो जीवन का सार है।

# ग्रामीणों को दी मौलिक अधिकारों की जानकारी




सत्ता सुधार ■ खंडवा

भारतीय संविधान में प्रत्येक व्यक्ति को मौलिक अधिकार प्राप्त है। हमें संविधान का सम्मान करना चाहिए 141बैठको के बाद दो साल 11महिने और 18दिन में तैयार एक प्रस्तावना 395अनुच्छेद व 8 अनुसूचियों के साथ स्वतंत्र भारत के संविधान का मूल प्रारुप तैयार हुआ ।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खंडवा के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती ममता जैन के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी सुश्री अनुपमा मुजाल्दे के समन्वय से आज केहलारी में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिसमें पैरा लीगल वालंटियर नारायण फरकले ने कहा संविधान सें हमें हमारे मौलिक अधिकार प्राप्त है।साथ ही मौलिक कर्तव्य भी बताएं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संचालित योजनाएं पैरा लीगल वालंटियर योजना, लीगल एड क्लीनिक, अधिवक्ता, लैंगिक अपराधो से बालकों का संरक्षण अधिनियम, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षक अधिनियम, घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं के अधिकार,बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम,वरिष्ठ नागरिक एवं माता पिता भरण पोषण अधिनियम, जैसी महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच राजकुमारी चौहान, विजय लता चौहान, कंचन राठौड़, कंचन लाड़, मायाबाई आरसिया, कुशुम बाई सुकुल गिरजाबाई चौहान, सचिव ओंकार सिंह गौड़, जीआरएस भूपेंद्र सोलंकी, रामसिंह झाला, विक्रम सिंह चौहान, नारायण सिंह चौहान,कोटवार रामलाल पगारे शंकर चाकरे महेश पगारे सहित 65 ग्रामीण शामिल रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### बैटरी स्मार्ट ने अमित भारद्वाज को सीएफओ किया नियुक्त

**मुंबई।** इलेक्ट्रिक दोपहिया तथा तिपहिया वाहनों के लिए बैटरी स्वैपिंग नेटवर्क कंपनी बैटरी स्मार्ट ने अमित भारद्वाज को अपना सीएफओ नियुक्त किया है। उन्हें वित्तीय अधिकारी के तौर पर नियुक्त किया गया है, जिन्हें कंपनी की वित्तीय रणनीति के नेतृत्व, लाभप्रदता और आंतरिक नियंत्रण पर कार्य करना होगा। बैटरी स्मार्ट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारद्वाज की नियुक्ति कंपनी के विकास को गति देने और उनके वित्तीय कौशल एवं रणनीतिक दृष्टि में मदद करेगा। अमित भारद्वाज ने पहले भी कई जगह काम किया है और अपने समर्पण से उन्होंने शिपरॉकेट, ओयो, जुबिलेंट फूडवर्क्स और कार्स24 जैसी कंपनियों के साथ जुड़े रहे हैं। अधिकारी ने उम्मीद जताई है कि भारद्वाज की नियुक्ति से बैटरी स्मार्ट की रणनीति और दीर्घकालिक लाभप्रदता को मजबूत होगा। इससे कंपनी के विकास में और भी तेजी और मजबूती आएगी।

### रुपया गिरावट पर बंद

**नई दिल्ली।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को शुरुआती कारोबार में रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ ही 84.33 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह रुपय अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.22 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 9,947 करोड़ रुपये के शेयर खरीद 40 सत्रों से जारी शुद्ध बिकवाली का सिलसिला तोड़ा, जिसकी वजह से रुपए को मजबूत समर्थन मिला। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.27 प्रति डॉलर पर खुला और फिर 84.22 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले सात पैसे की बढ़त को दिखाता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.29 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.28 फीसदी की बढ़त के साथ 107.11 पर देखा गया।

### कनाडा, मेक्सिको से आयात पर शुल्क लगाएंगे ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पदभार ग्रहण करने के बाद अमेरिका की सीमाओं को अवैध प्रवासियों और मादक पदार्थों से बचाने के लिए कड़ा कदम उठाने का ऐलान किया है। ट्रंप ने मेक्सिको, कनाडा, और चीन से आने वाले उत्पादों पर 25 फीसदी और 10 फीसदी शुल्क लगाने का निर्देश दिया है। उन्होंने टुथ प्लेटफ़ॉर्म पर जानकारी दी कि इन तीन देशों पर शुल्क लगाने वाले कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर करेंगे। उन्होंने कहा कि सीमाओं को पार करके आने वाले लोगों ने अपराध और मादक पदार्थ लाने की समस्या को फैलाया है। ट्रंप ने कहा कि चीन ने भी उसकी अपील को नजरअंदाज करते हुए अमेरिका में मादक पदार्थों के प्रवाह को रोकने में विफल रहा है। उन्होंने चीन के प्रतिनिधियों को निरंतर चेतावनी दी थी, लेकिन चीन ने कोई कदम नहीं उठाया। इसके अलावा, ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश में ऐलान किया है कि 20 जनवरी 2025 के बाद चीन से आने वाले उत्पादों पर अतिरिक्त 10 फीसदी शुल्क लगाया जाएगा।

---

**बैठक में 1,435 करोड़ रुपये की पेन 2.0 प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई**

# अब बदल जाएगा आपका पेन कार्ड, क्यूआर कोड में होगी पूरी जानकारी

एजेंसी ■ नई दिल्ली

केंद्रीय कैबिनेट ने हाल ही में हुई बैठक में कई फैसले लिए। बैठक में 1,435 करोड़ रुपये की पेन 2.0 प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई। इसका मकसद परमानेंट अकाउंट नंबर (पेन) को सरकारी एजेंसियों की सभी डिजिटल सिस्टम के लिए कॉमन बिजनेस आइडेंटिफायर बनाना है। पेन 2.0 प्रोजेक्ट के तहत पेन कार्ड को क्यूआर कोड के साथ मुफ्त में अपग्रेड किया जाएगा। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के पेन 2.0 प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है।




पेन 2.0 प्रोजेक्ट पर 1435 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस प्रोजेक्ट का मकसद बेहतर गुणवत्ता के साथ पहुंच में आसानी और सर्विस की तेज डिलीवरी है। यह प्रोजेक्ट टैक्सपेयर्स के बेहतर डिजिटल अनुभव के लिए पेन/टेन सर्विस के टेक्नोलॉजी-ड्रिवेन ट्रांसफॉर्मेशन के जरिए टैक्सपेयर्स रजिस्ट्रेशन सर्विस की बिजनेस प्रोसेस को फिर से तैयार करने के लिए लाई गई एक ई-गवर्नेंस प्रोजेक्ट है। बयान के मुताबिक यह मौजूदा पेन/टेन 1.0 इकोसिस्टम का एडवांस रूप होगा। देश में फिलहाल लगभग 78 करोड़ पैन जारी किए गए हैं। इनमें से 98 फीसदी पैन इंडिविजुअल लेवल पर जारी किए गए हैं। गौरतलब है कि परमानेंट अकाउंट नंबर 10 अंकों का एक ऐसा नंबर होता है जिसे इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ओर से जारी किया जाता है। सभी भारतीयों के लिए पैन कार्ड बेहद जरूरी डॉक्यूमेंट है। ये ना सिर्फ पहचान पत्र के तौर पर इस्तेमाल होते हैं बल्कि इनका उपयोग वित्तीय मामलों में भी होता है। आपको बैंक अकाउंट ओपन करना हो या कोई प्रॉपर्टी खरीदनी हो पैन कार्ड होना जरूरी होता है।

### बॉन्ड के माध्यम से 54,800 करोड़ जुटाएंगे सरकारी बैंक

**एसबीआई ने 5,000 करोड़ रुपये और केनरा बैंक ने 3,000 करोड़ रुपये जुटाए**

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने चालू वित्त वर्ष के दौरान कुल मिलाकर 54,800 करोड़ रुपये जुटाने का प्रस्ताव रखा है। इस प्रस्ताव के अनुसार बैंकों ने एक आंतरिक दस्तावेज के माध्यम से अतिरिक्त टियर-1 (एटी-1) और टियर-2 बॉन्ड जारी करने की योजना बनाई है। एटी-1 और टियर-2 दोनों बॉन्ड पूंजी जुटाने के नियामकीय साधन हैं। बैंक बेसल-3 मानदंडों के तहत, ये बॉन्ड पूंजी पर्याप्तता जरूरतों को पूरा करने में मदद करते हैं। अब तक चालू वित्त वर्ष में केवल भारतीय स्टेट बैंक और केनरा बैंक ने एटी-1 बॉन्ड जारी करके रकम जुटाई है। एसबीआई ने 5,000 करोड़ रुपये और केनरा बैंक ने 3,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने चालू वित्त वर्ष में अब तक टियर-2 बॉन्ड के जरिये 23,500 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कुल मिलाकर सरकारी बैंकों ने एटी-1 और टियर-2 बॉन्ड के जरिये इस साल अब तक 31,500 करोड़ रुपये जुटाए हैं। यह निर्णय सार्वजनिक स्तर पर बैंकों के वित्त पर एक सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है और वित्तीय सुरक्षा में मदद कर सकता है। इस भावनात्मक प्रस्ताव के कारण बैंकों की स्थिति में सुधार संभावित है और वित्तीय स्थिरता में सहायता मिल सकती है।

---


# अदाणी समूह : निवेशकों के मिलेजुले रुख से शुरू हुआ सप्ताह

**फ्लोरिडा की जीक्यूजी पार्टनर्स को भरोसा है कि उनका निवेश अदाणी समूह में मजबूती लाएगा**

एजेंसी ■ नई दिल्ली

कोयला से लेकर हवाई अड्डा तक के कारोबार से जुड़े अदाणी समूह के लिए यह हफ्ता निवेशकों के मिलेजुले रुख से शुरू हुआ है। फ्रांस की दिग्गज कंपनी टोटाल एनर्जीज ने एक बयान जारी किया है कि वह अदाणी समूह में फिलहाल कोई नया निवेश नहीं करेगी। लेकिन फ्लोरिडा की जीक्यूजी पार्टनर्स ने जाहिर किया है कि उन्हें भरोसा है कि उनका निवेश अदाणी समूह में मजबूती लाएगा।

अमेरिका की एक जिला अदालत में अदाणी समूह के प्रवर्तक गौतम अदाणी और अन्यों के खिलाफ पिछले हफ्ते रिश्वत देने और धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज होने के बाद निवेशकों की ये प्रतिक्रिया आई है। यह मामला अदाणी ग्रीन एनर्जी की परियोजनाओं से जुड़ा है। श्रीलंका, बांग्लादेश और केन्या में भी अदाणी समूह के निवेश पर अनिश्चितता है। टोटाल एनर्जीज ने अदाणी ग्रीन में अभी तक 3.2 अरब डॉलर का निवेश किया है। उन्होंने आज बताया कि जब तक अदाणी समूह के प्रवर्तक आरोपों से मुक्त नहीं हो जाते हैं, तब तक टोटाल एनर्जीज अदाणी समूह की कंपनियों में कोई नया निवेश नहीं करेगी। टोटाल ने कहा कि पिछले हफ्ते अमेरिकी अदालत द्वारा सार्वजनिक




घोषणा के बाद उन्हें अदाणी ग्रीन एनर्जी से संबंधित भ्रष्टाचार में अदाणी समूह के अधिकारियों की संलिप्तता का पता चला। उन्होंने बताया कि वह अदाणी ग्रीन में अपने हितों की रक्षा के लिए समुचित उपाय पर विचार करेंगे।

अदाणी ग्रीन में टोटाल की 19.75 फीसदी हिस्सेदारी है। उनके साथ ही अदाणी ग्रीन के साथ संयुक्त उपक्रम में तीन परियोजनाओं में उनकी 50 फीसदी हिस्सेदारी है। इस साल सितम्बर तक टोटाल ने अदाणी ग्रीन में कुल 3.2 अरब डॉलर का निवेश किया है। टोटाल एनर्जीज का अदाणी ग्रीन में 37.4 फीसदी हिस्सेदारी है। यह पहली बार नहीं है जब टोटाल एनर्जीज ने अदाणी समूह की कंपनियों में अपने निवेश पर रोक लगाई है। फरवरी 2023 में टोटाल एनर्जीज ने घोषणा की थी कि हरिबर्ग रिसर्च रिपोर्ट पर स्वतंत्र समीक्षा का आदेश दिया जाएगा और सरकार द्वारा मामले की जांच के नतीजे जारी होने तक वह अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड में अपनी 25 फीसदी हिस्सेदारी के तहत निवेश नहीं करेगी। हालांकि कंपनी ने अभी तक अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड में निवेश नहीं किया है, मगर अदाणी ग्रीन के संयुक्त उपक्रमों में दो नये निवेश किए हैं।

### टाटा कैपिटल हेल्थकेयर फंड 2 ने तैयार की अपनी योजनाएं

**नई दिल्ली।** टाटा कैपिटल हेल्थकेयर फंड 2 (टीसीएचएफ) वर्तमान में अपनी योजनाओं को मजबूती दे रहा है जिसे 13 करोड़ डॉलर फंड के शेष हिस्से के साथ निवेश करने के माध्यम से साबित किया गया है। टीसीएचएफ 2 ने साल 2023-24 में स्वास्थ्य क्षेत्र के 17 लाख लाभार्थियों को सहायता पहुंचाई और 41 नई नौकरियां के अवसर प्रदान किए हैं। टीसीएचएफ 2 के एक अधिकारी ने बताया कि फंड अब अपनी योजनाएं पुख्ता कर रहा है ताकि फंड 3 के लिए तैयार हो सके। उन्होंने टीसीएचएफ 2 के सह-निवेशकों के साथ निवेश योजनाएं तैयार करने का वादा किया है। उन्होंने बताया कि टीसीएचएफ 1 के सफल विनिवेशान के बाद टीसीएचएफ 2 ने भारतीय स्वास्थ्य सेवाओं के आवश्यकताओं पर ध्यान देते हुए सफलता प्राप्त कर लिए हैं। फंड ने अपने निवेशों से औसतन दो से ढाई गुना रिटर्न कमाया है। टीसीएचएफ 2 ने अब तक 9 कंपनियों में निवेश किया है जिसमें लाइनक्स लैबोरेटरीज, साकार हेल्थकेयर, ऑर्बिक्युलर फार्मास्युटिकल्स टेक्नोलॉजिज, अतुल्य हेल्थकेयर, एंडरसन डायग्नोस्टिक्स, डीपटेक, एपेक्स किडनी केयर, मुंबई ऑन्कोकेयर सेंटर और नोबल प्लस फार्मेसी ऐंड स्किन केयर शामिल हैं।

## पिछले पांच सालों में बाजार में 500 रुपए के नकली नोटों की संख्या बढ़ी



**वित्त वर्ष 2023-24 में नकली नोटों की संख्या में 15 फीसदी की कमी आई**

एजेंसी ■ नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले पांच सालों में भारत में 500 रुपये की नकली नोटों की मात्रा में 317 फीसदी की वृद्धि हुई है। इसके साथ ही संसद में पेश डेटा के अनुसार वित्त वर्ष 2022-23 में 500 रुपये की नकली नोटों की संख्या 91,110 मिलियन पीस तक पहुंच गई है। इसके बावजूद सरकार ने तमाम डिनॉमिनेशन में नकली करेंसी का 30 फीसदी का कमी दर्ज किया है। वित्त वर्ष 2023-24 में नकली नोटों की संख्या में 15 फीसदी की कमी आई है, जो 85,711 मिलियन पीस तक पहुंची है। इस चिंताजनक बढ़ोतरी के मध्य लोगों को ध्यान देने और सतर्क रहने की जरूरत है। असली और नकली नोटों के बीच का फर्क पहचानना मुश्किल हो सकता है। आरबीआई के अनुसार असली 500 रुपये का नोट का आधिकारिक साइज 66 मिमी गुणित 150 मिमी है। इसके अलावा इन नकली नोटों को बाजार में लाने वाले व्यक्तियों की खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। सख्त कानूनी कार्रवाई और जागरूकता से ही हम इस कठिनाई का सामना कर सकते हैं। यह नकली नोटों की बाजार में बढ़ती मात्रा चिंताजनक है और सार्वजनिक स्थानों पर इसके विरुद्ध जागरूकता और सतर्कता बढ़ाने की आवश्यकता है।

---

# एनसीएच अब उपभोक्ताओं की शिकायतों को जल्द निपटाने एआई का करेगा इस्तेमाल

एजेंसी ■ नई दिल्ली

नेशनल कंज्यूमर हेल्पलाइन (एनसीएच) अब उपभोक्ताओं की शिकायतों को प्रभावी और जल्द हल करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करने की तैयारी कर रही है। एनसीएच ने अपनी शिकायत प्रणाली में सुधार के तहत एआई आधारित नई सुविधाओं को शामिल किया गया है, जिनमें स्पीच रिकग्निशन और बहुभाषी चैटबॉट्स शामिल हैं। इस तकनीकी बदलाव के साथ उपभोक्ताओं को अब अपनी शिकायतें दर्ज करने के लिए स्थानीय भाषाओं में वॉयस इनपुट देने की सुविधा मिलेगी। यह एक बड़ा कदम है जो उपभोक्ताओं को आसानी से और सुलभ तरीके से शिकायत दर्ज करने का मौका देगा।



इस नए सुधार को एनसीएच 2.0 का नाम दिया गया है, जिसका उद्देश्य शिकायत निवारण प्रक्रिया को और ज्यादा सहज, कुशल और समावेशी बनाना है। वर्तमान में, एनसीएच 17 भाषाओं में संचालित होती है, और अब यह नई तकनीक उपभोक्ताओं के लिए एक व्यापक और अनुकूल अनुभव देगी। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने बताया कि कि एनसीएच ने अपनी शिकायत निवारण प्रक्रिया को तेज करने के लिए एक हजार से ज्यादा कंपनियों के साथ साझेदारी की है। 2017 में यह संख्या केवल 263 थी, जो अब बढ़कर 1,009 हो गई है। ये कंपनियां ई-कॉमर्स, यात्रा, शिक्षा, एफएमसीजी, खुदरा, ऑटोमोबाइल और बैंकिंग जैसे प्रमुख क्षेत्रों में फैली हैं। इन कंपनियों से जुड़ी शिकायतों को सीधे उनके पास ट्रांसफर किया जाता है, जिससे समाधान की प्रक्रिया में तेजी आती है। एनसीएच की सेवा को कई माध्यमों से एक्सेस किया जा सकता है, जैसे टोल-फ्री नंबर 1915, व्हाट्सएप, एसएमएस, ईमेल, और एक डेडिकेटेड मोबाइल ऐप। इसके अलावा, शिकायतों को एक केंद्रीकृत आईटी-सक्षम प्रणाली, इनग्राम पोर्टल पर भी दर्ज किया जा सकता है। पिछले कुछ सालों में उपभोक्ता हेल्पलाइन का इस्तेमाल बढ़ा है। जनवरी 2015 में मासिक कॉल 14,795 थी, जो अब जनवरी 2024 में बढ़कर 1,41,817 हो गई है। इसी तरह शिकायत पंजीकरण की संख्या में भी तीन गुना बढ़ोतरी हुई है। हाल ही में, उपभोक्ता मामलों के विभाग ने उन कंपनियों की पहचान की है जिनके खिलाफ सबसे ज्यादा शिकायतें आई हैं। इन कंपनियों में डेल्हिवरी लिमिटेड, डोमिनोज पिज्जा, थॉमसन इंडिया, महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी प्रमुख कंपनियां शामिल हैं। इन शिकायतों पर चर्चा करने अगले सप्ताह बैठक आयोजित की जा रही है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद




एजेंसी ■ मुम्बई

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिलेजुले रुख के बीच ही अदाणी ग्रुप के शेयरों में बिकवाली हावी रहने से आई है। इससे पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी बाजार की तेजी रुक गयी। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में यह उतार-चढ़ाव के बाद 105.79 अंक करीब 0.13 फीसदी नीचे आकर 80,004.06 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एनएसई निफ्टी 27.40 अंक तकरीबन 0.11 फीसदी नीचे आकर 27.40 अंकों की गिरावट के साथ 24,194.50 अंकों पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 कंपनियों में इन्फोसिस का शेयर शुरूआती कारोबार में 2 फीसदी से ज्यादा ऊपर आया। इसके अलावा टाटा स्टील, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक, टाटा मोटर्स, मारुति, टीसीएस के शेयर प्रमुख रूप से बढ़त पर बंद हुए।वहीं दूसरी ओर अल्ट्रा सीमेंट के शेयर में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गयी है। साथ ही सनफार्मा, एलएंडटी, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक के शेयर भी नीचे आये।

विदेशी निवेशकों ने गत दिवस सोमवार को 9,947.55 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। यह आंकड़ा 20 सितंबर के बाद सबसे अधिक है। इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत तेजी से हुई। कारोबार के दौरान दोनों प्रमुख इंडेक्स बढ़त के साथ खुले। एचडएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल के शेयरों में वृद्धि से बाजार में तेजी आई। सेंसेक्स पिछले बंद भाव के मुकाबले 300 से ज्यादा अंक ऊपर आकर 80,415.47 अंक पर खुला। इससे पहले सोमवार को यह लगभग 1000 अंक उछलकर बंद हुआ था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी तेजी के साथ 24,343.30 अंक पर खुला जबकि सोमवार को यह 24,221.90 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं सेंसेक्स की 30 कंपनियों में इन्फोसिस का शेयर शुरूआती कारोबार में 2 फीसदी से ज्यादा उपर आया। इसके अलावा टाटा स्टील, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक, टाटा मोटर्स, मारुति, टीसीएस के शेयर मुख्य रूप से लाभ में रहे।

---


**मासिक समीक्षा** | **फसल उत्पादन में वृद्धि उच्च एमएसपी, अनुकूल मानसून और पर्याप्त जलाशय स्तर के कारण संभव**

# रबी फसल के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि का अनुमान

एजेंसी ■ नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने अपनी नवीनतम मासिक समीक्षा में आने वाले महीनों में रबी फसल की बुवाई और उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि का अनुमान जताया है। मंत्रालय ने बताया कि यह वृद्धि उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), अनुकूल मानसून और पर्याप्त जलाशय स्तर के कारण संभव है। इस समीक्षा के अनुसार रबी सीजन को इस साल की शुरुआत में अच्छी खरीफ फसल द्वारा स्थापित मजबूत नींव से लाभ होने की संभावना है।

मंत्रालय का मानना है कि इस बंपर फसल से घरेलू खुदरा मुद्रास्फीति को कम करने में भी मदद मिल सकती है। मंत्रालय ने कहा कि 6 नवंबर 2024 तक, धान की



खरीद 161.0 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गई, जिससे चल रहे केएमएस खरीद कार्यों से 14.79 लाख किसानों को लाभ हुआ। बढ़े हुए एमएसपी के साथ रिकॉर्ड खरीफ खाद्यान्न उत्पादन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और मजबूत करेगा। रबी की फसलों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए ठंडी और शुष्क जलवायु की आवश्यकता होती है, जबकि खरीफ में उत्पादित फसलों के लिए गर्म और आर्द्र जलवायु की आवश्यकता होती है। मंत्रालय ने उम्मीद जताई है कि रबी की बुवाई और उत्पादन में अनुकूल मानसून, पर्याप्त जलाशय स्तर और उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्य की वजह से वृद्धि हो सकती है। इसके साथ ही खाद्य मुद्रास्फीति में कमी की उम्मीद भी है, जिसे अक्टूबर में खाद्य मूल्य दबाव के कारण देखा गया था। मंत्रालय ने बताया कि आर्थिक गतिविधियों में सुधार के साथ स्थिरता आने वाले महीनों में उपभोक्ताओं को राहत मिल सकती है। वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही के दौरान एफएमसीजी की बिक्री मात्रा में सुधार होने के साथ-साथ, ग्रामीण क्षेत्र में ट्रैक्टर और दोपहिया वाहनों की बिक्री में भी वृद्धि देखी गई। मांग में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ अर्थव्यवस्था में मजबूती के संकेत है। मंत्रालय के अनुसार रबी सीजन में व्यापक आर्थिक स्थिरता को समर्थन करने के लिए तैयार है, जिससे कृषि विकास को बढ़ावा मिल सकता है और आने वाले महीनों में मुद्रास्फीति के दबाव से भी राहत मिल सकती है।

# कैंडीटॉय कॉरपोरेट ने 110 करोड़ का निवेश किया

**कंपनी ने वित्त पोषण चक्र में हासिल किया महत्वपूर्ण स्थान**

एजेंसी ■ नई दिल्ली

कैंडीटॉय कॉरपोरेट (सीटीसी) ने वित्त पोषण चक्र में 110 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त किया है। इस भारी निवेश के साथ इंदौर स्थित कैंडी टॉय ने वृद्धि की उम्मीद जताई है। इस सीरीज ए वित्त पोषण चक्र में घरेलू निवेशकों, उच्च नेटवर्थ वालों, एंजेल निवेशकों और संस्थागत निवेशकों का समूह शामिल हुआ है।

कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस उद्यम के उज्जवल दिनों के लिए अभिनंदन व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम बहुत ही बेहतरीन चरण में प्रवेश कर रहे हैं। यह वित्त पोषण हमारी वृद्धि को गति देगा और हमारी प्रतिभा को समृद्ध करेगा। कैंडीटॉय कॉरपोरेट ने कैंडी और खिलौने के व्यापक विकसित करने में विशेषज्ञता प्राप्त की है। इसने कंपनियों जैसे कोलगेट, प्यूमा, एमटीआर, बॉर्नविटा, येलो डायमंड्स, विस्तारा एयरलाइंस के साथ काम किया है। कैंडी टॉय का उद्देश्य है हर खिलौने को किसी न किसी तरह की कैंडी के साथ पेश करना। इस निवेश से सीटीसी ने उत्कृष्टीयता की मील का पत्थर रखा है, जिससे उसकी गति और विस्तार न केवल बढ़ेगा बल्कि उसकी नामी दुनिया में मजबूती से परिपूर्ण होगी।

## ब्रीफ न्यूज़

### चम्बल भवन में जनसुनवाई में 05 आवेदनकर्ताओं को सुना गया

**मुरैना।** चम्बल भवन मुरैना में ग्वालियर-चम्बल संभाग के कमिश्नर श्री मनोज खत्री के निर्देशन में पंचायती राज के उप संचालक श्री अशोक निम ने मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान 05 आवेदकों की समस्याओं को सुना। उप संचालक अशोक निम ने पांचों आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुनकर निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान कैलारस के ग्राम हटीपुरा निवासी हरपाल सिंह ने आवेदन प्रस्तुत किया कि अवैध निर्माण कार्यो के नाम पर करोड़ों की राशि हड़पी जा रही है। आवेदन पर श्री निम ने तत्काल कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इसी प्रकार जौरा तहसील के ग्राम बुढ़हेरा निवासी मुकेश कुमार ने आवेदन प्रस्तुत किया कि सर्वे क्रमांक 340,341/1 ग्राम में भूमि कार्य करने में व्यवधान करने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जाये। श्री निम ने उक्त कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक को लिखा है।

### डिप्टी कलेक्टर ने 155 आवेदनकर्ताओं को सुना

**मुरैना।** डिप्टी कलेक्टर सुश्री मेघा तिवारी ने 155 आवेदनकर्ताओं को जनसुनवाई के दौरान सुना। आवेदनकर्ताओं को सुनने के बाद संबंधित विभागीय अधिकारियों से कहा कि आवेदनकर्ता की समस्या का समाधान अधिकारी शीघ्र करें। जनसुनवाई के दौरान 155 आवेदनों में से 07 आवेदन ऐसे पाये गये है, जिन्हें टीएल बैठक में अधिकारियों के समक्ष निराकरण किया जाना था। उन आवेदनों को उत्तरा पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

### खेत जोतने गए दलित परिवार पर किया हमला, पति-पत्नी के हाथ पैर तोड़े, पुलिस ने किया मामला दर्ज



**कैलारस।** कैलारस थाना क्षेत्र के बस्तौली गांव में दलित धनीराम अपने दो भाइयों के साथ खेत जोतने गया तो दबंगों ने गाली-गलौज करते हुए कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बचाने आई पत्नी की भी जमकर मारपीट कर हाथ पैर तोड़ दिए। पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धनीराम शाक्य 50 वर्ष निवासी रीझौनी सोमवार की दोपहर 3 बजे अपने भाई रामलखन एवं अमृतलाल के साथ बस्तौली गांव में पट्टे की 5 बीघा जमीन जोतने के लिए गया था, तभी आरोपी शिवचरण धाकड़, लच्छी धाकड़, लज्जाराम धाकड़, सोनेराम धाकड़ खेत पर आ गए और जाति सूचक गालियां देते हुए मारपीट शुरू कर दी। शिवचरण द्वारा धनीराम पर कुल्हाड़ी से हमला किया गया, जिससे वह घायल हो गया, जब उसकी पत्नी रामा उसे बचाने आई तो आरोपियों ने उसकी जमकर मारपीट कर हाथ पैर तोड़ दिए। घायल पति-पत्नी को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। कैलारस थाना पुलिस ने धनीराम की रिपोर्ट पर से आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।



# एक बार फिर दहला मुरैना

## रात्रि में भीषण विस्फोट से एक साथ तीन मकान ध्वस्त

■ छह लोगों की मौत से पसरा क्षेत्र में सन्नाटा, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

■ सभी घायल किए गए ग्वालियर रेफर, पुलिस प्रशासन जांच में जुटा



सत्ता सुधार ■ मुरैना

पुलिस प्रशासन की लापरवाही के कारण एक बार फिर मुरैना दहल उठा और रात्रि 12:10 बजे टंञ्च रोड राठौर कॉलोनी में एक मकान में हुए बारूद से विस्फोट के बाद तीन मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गए, तो वहीं अगल-बगल के मकान भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इस भीषण विस्फोट में 4 महिलाओं की मौत हो गई, जिनकी डेड बॉडी मिल चुकी है, वहीं आधा दर्जन लोग घायल हैं, जिन्हें उपचार के लिए ग्वालियर रेफर किया गया है। सूचना मिलने पर रात्रि से ही स्थानीय प्रशासन के अधिकारी, पुलिस अधिकारी, नगर निगम की टीम सहित सभी राहत एवं बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। घटनास्थल पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है और पुलिस मामले की तकनीकी जांच में जुटी हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रंच रोड राठौर कॉलोनी में मुंशी राठौर निवासी वरेण्ड वालों के मकान बने हुए हैं। आमने-सामने बने मकानों में 10 बाय 50 के तीन मकान बने हुए थे, जिनमें एक में कुशवाह परिवार किराए से रहता था तथा दूसरे मकान में राकेश उर्फ भूरा पुत्र मुंशी राठौर निवास करता था और एक मकान खाली पड़ा हुआ था। रात्रि 12:10 बजे के लगभग वासुदेव राठौर किशनपुर वाले के मकान के बगल से एक मकान में विस्फोट हुआ, जिससे दूसरे एवं तीसरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया और तीनों मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गए, इसके साथ ही वासुदेव राठौर एवं उसके पीछे कल्लू राठौर का मकान भी पीछे से क्षतिग्रस्त हुआ है। बारूद के विस्फोट के कारण पूरा इलाका दहल गया और लोग घरों से बाहर निकले तो देखा तीन मकान पूरी तरह ध्वस्त हो चुके थे तथा उसके अंदर तमाम लोग दबे हुए थे। सूचना मिलते ही पुलिस टीम, एसडीआरएफ, नगर निगम की टीम के साथ राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई। इस भीषण विस्फोट में विद्या पत्नी राकेश उर्फ भूरा 35 वर्ष तथा पूजा पत्नी सूरज 23 वर्ष की डेड बॉडी रात को ही बरामद हो गई, जबकि तीसरी मृतक वैजयंती पत्नी स्व. सोबरन सिंह कुशवाह की डेड बॉडी मंगलवार की दोपहर 12:00 बजे बरामद हुई और उसके डेढ़ घंटे बाद दोपहर 1:30 बजे विमला पत्नी डालचंद कुशवाह निवासी आगरा की डेड बॉडी एसडीआरएफ की टीम द्वारा बरामद की गई। इस दुर्घटना में घायल कृष्ण पुत्र सत्यवीर, सोमवती पत्नी शेरू, सत्यवीर पुत्र वासुदेव 28 वर्ष, शिवा पुत्र सूरज 2 वर्ष, राजू कुशवाह पुत्र सोबरन 37 वर्ष एवं कन्हैया पुत्र कालूराम 19 वर्ष बुरी तरह दबकर घायल हो गए, जिन्हें रात को ही रेस्क्यू ऑपरेशन कर निकाल लिया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें ग्वालियर रेफर किया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है।

मौके पर मंगलवार की सुबह पहुंचे आईजी सुशांत सक्सेना, डीआईजी कुमार सौरभ, प्रभारी कलेक्टर विवेक कुमार, पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ, एडीएम सीबी प्रसाद ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा पीड़ित परिवारों से भी मिलकर बातचीत की और घटनाक्रम की जानकारी ली। उक्त घटनाक्रम के बाद कोई भी पुलिस अधिकारी यह बताने की स्थिति में नहीं है कि विस्फोट किस वजह से हुआ है। अधिकारी कंप्रेसर और सिलेंडर फटने की भी संभावना बता रहे हैं, जबकि सूत्रों के मुताबिक यह विस्फोट बारूद से हुआ है तथा राठौर परिवार का एक युवक बारूद का काम करता था। फिलहाल एफएसएल टीम एवं पुलिस द्वारा मामले की तकनीकी जांच की जा रही है।

# इस्लामपुरा विस्फोट में जांच का बहाना कर रहा पुलिस डिपार्टमेंट, अब तक नहीं आई कोई भी जांच रिपोर्ट





### पहली घटना से सबक लेती पुलिस तो नहीं होती घटना की पुनरावृत्ति

सत्ता सुधार ■ मुरैना

तकनीकी जांच, आखिर कब होगी जांच यह सवाल लोगों के जहन में घूम रहा है। जब भी कोई बड़ी घटना होती है तो अधिकारियों का एक ही रटा रटाया जवाब सामने आता है, मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं। पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी ईमानदारी से अपने कर्तव्य का निर्वहन करें तो किसी भी मामले का पर्दाफाश करना कोई मुमकिन काम नहीं है, लेकिन लगता है मुरैना जिले के अधिकारी एवं कर्मचारी अपना कर्तव्य भूल गए हैं और ड्यूटी के नाम पर खाना पूर्ति कर रहे हैं। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक माह पूर्व इस्लामपुरा इलाके में राठौर के मकान में हुए विस्फोट में मुस्लिम महिला एवं उसकी बच्ची की जबरदस्त विस्फोट होने के कारण मौत हो गई तथा कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस और प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों ने इसमें सिलेंडर फटने की बात कही थी। उस समय अधिकारियों ने कहा कि मामले की जांच चल रही है और रिपोर्ट आने के बाद बताया जाएगा, लेकिन अभी तक इस्लामपुरा विस्फोट कांड की जांच पूरी नहीं हो पाई है और ना ही रिपोर्ट आई है। मुरैना का जिला प्रशासन एवं पुलिस इस मामले को सुलझा भी नहीं पाए हैं कि तब तक राठौर कॉलोनी में एक और विस्फोट हो गया, जिसमें मृतकों की संख्या 4 हो गई है, वहीं आधा दर्जन घायल जिंदगी और मौत से ग्वालियर अस्पताल में जूझ रहे हैं।

सोमवार-मंगलवार की रात 12:10 बजे हुए इस भीषण विस्फोट के कारण पूरे इलाके के लोग रतजगा करते रहे और विस्फोट को लेकर तमाम प्रकार की चर्चाएं उठती रही। अक्सर देखने में आता है कि कोई भी घटना जब घटित होती है तो प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी कुछ दिन उसे मामले में सक्रियता दिखाते हैं, लेकिन जैसे ही दिन बीते जाते हैं तो मामला ठंड पड़ जाता है। इस्लामपुरा विस्फोट कांड में भी यही चल रहा है और अभी तक जांच किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। अभी 2 दिन पूर्व रविवार को सुमावली थाना क्षेत्र में एक घर में उसे समय बारूद का विस्फोट हुआ, जब घर में कोई नहीं था और महिला घर के बाहर थी। विस्फोट के बाद महिला वहां से फरार हो गई तथा पुलिस द्वारा बड़ी मात्रा में वहां से बारुद एवं पटाखे जप्त किए गए। बीती रात्रि राठौर कॉलोनी में भी बारूद से विस्फोट होने की जानकारी मिली है। बताया जाता है कि पुलिस ने रात्रि में घटनास्थल से बारूद भी बरामद की है, लेकिन उसे मीडिया से शेयर नहीं किया गया है।

**महिलाओं को संभालने नहीं थी कोई महिला पुलिस कर्मचारी:** राठौर कॉलोनी में हुए विस्फोट के बाद जैसे ही पीड़ित परिवार के लोगों को सूचना मिली तो महिला पुरुष वहां रात से ही एकत्रित होना आरंभ हो गए और वहां आकर बुरी तरह रोने लगी तथा दहाड़ मारने लगी। रात से ही वहां पुलिस अधिकारी, कर्मचारी, एसडीआरएफ की टीम एवं नगर निगम की टीम काम में जुटी रही, लेकिन घटनास्थल पर एक भी महिला पुलिसकर्मी मंगलवार को दूसरे दिन देर दोपहर तक दिखाई नहीं दी। डेड बॉडी मिलने पर जब महिलाएं एम्बुलेंस पर आ गई तो उन्हें रोकने के लिए पुरुष पुलिसकर्मी ही आगे आए, जबकि एक भी महिला पुलिस कर्मचारी वहां मौजूद नहीं थी, इससे स्पष्ट होता है कि पुलिस अधिकारी कितने संवेदनशील थे।

**बीट में पदस्थ पुलिसकर्मी नहीं करते संदिग्ध लोगों की जांच पड़ताल :** इस्लामपुरा विस्फोट कांड के बाद भी पुलिस अधिकारी नींद से नहीं जागे और ना ही उन्होंने यह पता लगाने की कोशिश की कि कहां-कहां कौन-कौन आतिशबाजी बारूद का काम करता है। यूं तो पुलिस के कर्मचारी जुआ, सट्टा एवं अन्य गलत कार्य करने वालों की मुखबिरी तुरंत लगा लेते हैं, जहां से उन्हें धन उगाही करनी होती है, लेकिन मकान के अंदर अवैध रूप से विस्फोट का भंडारण कर रहे लोगों की जांच पड़ताल करने का समय उनके पास नहीं है। इस्लामपुरा कांड के पश्चात पुलिस अधिकारी ऐसे इलाकों में पुलिस कर्मचारियों को गोपनीय तरीके से बारूद का भंडारण करने वालों की जांच करवा लेते तो आज यह नौबत नहीं आती। शहर में तमाम प्रकार की वारदातें आए दिन होती रहती हैं, लेकिन बीटों में पदस्थ पुलिसकर्मी अपने ड्यूटी वाले स्थान पर नजर नहीं आते, जिस कारण अपराधी वारदात कर निकल जाते हैं।

**रात से बिजली काट दी, लोग हो रहे परेशान :** राठौर कॉलोनी में हुए विस्फोट के बाद राहत एवं बचाव कार्य के चलते प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों द्वारा उक्त इलाके की बिजली विद्युत विभाग को बोलकर बंद कर दी गई, जो दूसरे दिन तक गायब रही। इस कारण लोग पानी एवं घर गृहस्ती के अन्य कार्यो के लिए दिन भर परेशान होते रहे घरों में पानी न होने के कारण स्कूल जाने वाले बच्चे भी स्कूल नहीं जा पाए। मंगलवार की देर शाम तक इस इलाके में बिजली नहीं थी, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

**आगरा से मुरैना शादी में शामिल होने आई थी मृतक विमला :** राठौर कॉलोनी बम विस्फोट में मां वैजयंती कुशवाह के साथ बेटी विमला की भी मौत हो गई। बताया जाता है कि विमला आगरा अपनी ससुराल से अपने परिवार के शोभाराम कुशवाह के बड़े भाई मानसिंह की बच्ची की शादी में शामिल होने आई थी और सोमवार की रात धौलपुर फलदान देकर आए थे। बुधवार 27 नवंबर को शादी थी तथा घर में खुशियों का वातावरण था, लेकिन रात को घड़ी की सुई 12:10 बजे पहुंची तो अचानक विस्फोट हुआ और मां बेटी दब गई, जिनकी लाश मंगलवार की दोपहर बरामद हुई हैं।



### रामविलास राठौर पर मामला दर्ज करने पुलिस से लगाई गुहार

विस्फोट कांड में अपनी बहन विमला एवं मां वैजयंती को खोने वाले बड़े लड़के लल्लू भाई ने समाज एवं परिवार के लोगों के साथ मंगलवार की दोपहर कोतवाली पहुंचकर पुलिस अधिकारियों से रामविलास राठौर एवं उसके परिवार के विरुद्ध मामला दर्ज करने की मांग की। लल्लू भाई का कहना था कि उनके घर से बारूद बरामद हुआ है, जिसका वीडियो उनके पास है और यह पहले से भी बारूद का काम करते रहे हैं। दीपावली पर भी आतिशबाजी की दुकान लगाई थी। पुलिस द्वारा पीड़ित परिवार को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

## झुण्डपुरा में धूमधाम से मनाया संविधान दिवस

सत्ता सुधार ■ झुण्डपुरा



नगरपालिका परिषद झुण्डपुरा कार्यालय पर संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान नगर में सभी विद्यालयों तथा नगर पालिका परिषद झुण्डपुरा कार्यालय पर नगरपालिका अध्यक्ष मनीषा बल्ली सोनी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी अशोक वाल्मीकि के नेतृत्व में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर संविधान दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर सर्वप्रथम सरस्वती पूजन कर बाबा साहब, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया व संविधान पत्रिका का वाचन किया गया, तथा संविधान दिवस सभी कर्मचारियों सहित जनप्रतिनिधियों को शपथ मुख्य नगरपालिका अधिकारी अशोक वाल्मीकि ने शपथ दिलाई। नगरपालिका अध्यक्ष ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जो संविधान हमें मौलिक अधिकार प्रदान करता है ,जीने के अधिकार प्रदान करता है, शिक्षा का अधिकार प्रदान करता है। अपनी बात कहने का अधिकार देता है न्याय पाने का अधिकार देता है। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष मनीषा बल्ली सोनी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी अशोक वाल्मीकि, अनिल सोनी, संदीप त्यागी, रामदीन जौहरी, विजय सिंह, हेमंत शर्मा, नागेन्द्र मोर्य, रामवरन शर्मा, संतोष प्रजापति, दर्शनलाल, मातादीन कुशवाहा, बाबूसिंह, रामेश्वर जाटव, अशोक शर्मा, यतेन्द्र सविता, मुन्ना लाल, जगदीश मल्हा आदि लोग उपस्थित थे।

### मुरैना जिले में अवैध मदिरा आधिपत्य एवं परिवहन के 23 प्रकरण दर्ज

**मुरैना।** कलेक्टर के आदेशानुसार जिला आबकारी अधिकारी जितेन्द्र सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में माह नवम्बर के विगत सप्ताह 18 नवम्बर से 24 नवम्बर, 2024 की अवधि में अवैध मदिरा आधिपत्य एवं परिवहन के मुरैना जिले में कुल 23 प्रकरण दर्ज किये गये हैं। इस अवधि में पंजीबद्ध प्रकरणों में लगभग रुपये 15 हजार 820 रूपये की 39.60 बल्क लीटर देशी मदिरा जप्त की गई है। इसी अवधि में जिले की कम्पोजिट मदिरा दुकानों के निरीक्षण के दौरान पायी गयी अनियमितताओं पर कुल 34 विभागीय प्रकरण लायसेंसियों के विरुद्ध दर्ज किये गये हैं। विगत सप्ताह में जिले की मदिरा दुकानों के लायसेंसियों से न्यूनतम प्रत्याभूत ड्यूटी की राशि 2 करोड़ 45 लाख 5 हजार 783 रूपये जमा कराई गई।

## सुप्रीम कोर्ट मैं हारी बानमोर सीमेंट कंपनी, जीते विस्थापित दुकानदार, मनाया जश्न

सत्ता सुधार ■ कैलारस





बारह साल पहले एमएस रोड के समानांतर नगर परिषद की 209 दुकानों को स्थानीय प्रशासन द्वारा अवैधानिक तरीके से तोड़ दिया गया, तब से दुकानदार लगातार संघर्ष कर रहे हैं व न्यायालयों में भी प्रयास कर रहे हैं। परंतु अभी तक दुकानें नहीं मिली है। दुकान बनाने के लिए शहर के हृदय स्थल में लगभग साढ़े आठ बीघा जमीन आवर्तित हुई थी। उस जमीन पर बानमोर सीमेंट कंपनी ने अपना दावा प्रस्तुत कर दिया, जिसमें सबलगढ़ कोर्ट में कंपनी जीत गई। उसके पश्चात उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर में सीमेंट कंपनी को हार का मुंह देखना पड़ा।

गत सात महीने से उच्च न्यायालय के फै सले के बाद भी दुकान बनाने का काम शुरू नहीं हुआ। इस बीच बानमोर सीमेंट कंपनी ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर कर दी। सुप्रीम कोर्ट की अपील एसएलपी (सी) क्रमांक 22 357 / 22 358 / 2024 में 25 नवंबर की मोशन हीयरिंग (पहली पेशी) में ही सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री बेला ऐम त्रिपाठी एवं एससी शर्मा ने प्रकरण डिसमिस (निरस्त) कर दिया। इससे विस्थापित दुकानदारों में खुशी की लहर दौड़ गई। दुकानदार बड़ी संख्या में पहाड़गढ़ रोड पर एकत्रित हुए और विस्तार वितरण किया। इस मौके पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अशोक तिवारी, ने कहा कि अब हटाए गए दुकानदारों को तत्काल बिना किसी धनराशि के दुकान बनाकर कंपनी के मैदान में तत्काल दी जानी चाहिए। गत 12 वर्षों से, बेरोजगार दुकानदार रोजी-रोटी के लिए मोहताज है। लगभग एक दर्जन काल कलवित हो गए हैं। कई दुकानदारों के परिवार भुखमरी के शिकार है। ऐसे में बिना विलंब किए दुकानें निशुल्क प्रदाय किया जाना आवश्यक है। पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष माकपा नेता राजेश गुप्ता ने भी आगे दुकानदारों से संघर्ष को तेज करने की और एकजुट होने की अपील की। उन्होंने आगे के लिए रणनीति बनाने की तैयारी भी शुरू कर दी है।

## किसानों ने खाद, आवारा पशु, सिंचाई आदि समस्याओं के लिए प्रदर्शन कर दिए ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ मुरैना





मंगलवार को देश भर में संयुक्त किसान मोर्चा और संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा के संयुक्त आव्हान पर लाखों किसानों और श्रमिकों ने अपनी मांगों को लेकर जिला और तहसीलों पर विरोध कार्यवाहियां कर राष्ट्रपति के नाम और स्थानीय अधिकारियों के नाम ज्ञापन दिए। इसी कड़ी में मुरैना जिले में भी मुरैना, जोरा, कैलारस, सबलगढ़ आदि तहसीलों पर किसान और श्रमिकों ने संयुक्त रूप से रैली निकालकर जोरदार प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन दिए। विरोध कार्रवाइयों के दौरान हुई सभा को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवारी, वरिष्ठ किसान नेता गयाराम सिंह धाकड़, जिला महासचिव मुरारी लाल धाकड़ राजेश गुप्ता, राजवीर सिंह धाकड़ ने कहा कि किसानों की खाद की समस्या का समाधान नहीं हुआ, आवारा पशु फसलें बर्बाद कर रहे हैं। एम एसपी पर फसल खरीदी की गारंटी का कानून नहीं बनाया गया है। फसल बीमा योजना का आता पता नहीं है। इसी तरह से श्रमिकों की समस्याओं के बारे में भी उन्होंने जानकारी रखी। ठेका प्रथा निजीकरण नहीं होना चाहिए। किसान पेंशन 10 हजार रूपए प्रतिमाह होनी चाहिए, श्रमिकों की मजदूरी भी 26 हजार रूपए प्रतिमाह होनी चाहिए। इसी तरह की अन्य सभी मांगों को लेकर नेतागणों ने कहा कि अगर मांगे पूरी नहीं होती है तो आगामी दिनों में आंदोलन और तेज किए जाएंगे। मंगलवार 26 नवंबर को संविधान दिवस और दिल्ली आंदोलन की चौथी वर्षगांठ पर हम यह आयोजन कर रहे हैं। गांव-गांव में आगामी आंदोलन की तैयारी है। मुरैना में आंदोलन का नेतृत्व जेके पिप्पल, अशोक कुमार, नरोत्तम नागर, जौरा में ओमप्रकाश श्रीवास, सबलगढ़ में भान सिंह जादौन, रामस्वरूप रजक, जसवंत जादौन, कैलारस में रामलखन धाकड़ पूर्व सिंचाई अध्यक्ष, जगन्नाथ सिंह धाकड़, कन्हैया लाल, भौरूलाल आदि शामिल रहे। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। आगामी दिनों में किसान खाद के लिए जोरदार आंदोलन करेंगे।

# बाबा साहब ने कांग्रेस के साथ मिलकर दिया था संविधान को आकार, कांग्रेस ने मनाई संविधान की 75वीं वर्षगांठ

सत्ता सुधार ■ मुरैना





मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर तुस्सीपुरा मुरैना में जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर अनुसूचित जाति के ग्रामीण अध्यक्ष नरोत्तम माहौर द्वारा भारत के संविधान की 75वीं वर्षगांठ बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मधुराज तोमर एवं दीपक शर्मा ने कांग्रेस परिवार के साथियों सहित संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कांग्रेस नेताओं ने डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने कांग्रेस पार्टी के साथ मिलकर संविधान को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा यह सुनिश्चित किया था कि यह न्याय, समानता और बंधुत्व का प्रतीक हो। केन्द्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों ने तब से हमारे लोकतंत्र की मजबूत नीव रखी है, जिसने देश की सामाजिक, राजनीतिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आज संविधान में निहित मूल्यों और संस्थानों को भाजपा शासन के तहत अभूतपूर्व खतरों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे हमारे लोकतांत्रिक आदर्शों को एकीकृत रक्षा की आवश्यकता है। इसी क्रम में अनुसूचित जाति ग्रामीण अध्यक्ष नरोत्तम माहौर ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने संविधान और उसके द्वारा स्थापित लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इस मुद्दे के प्रति अडिग रहे है और उनके द्वारा देश में साम्प्रदायिक सद्भाव, भाईचारा, प्रेम एवं स्नेह बना रहे इसके लिए भारत जोड़ो यात्रा, भारत जोड़ो न्याय यात्रा भी निकाली।

## ब्रीफ न्यूज

### समस्याओं के निराकरण हेतु आज कायरी में शिविर

**हरदा ।** जिले के वनग्रामों में निवासरत ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा योजनाओं की जानकारी उन्हें देने के उद्देश्य से कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश पर जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इन शिविरों में ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण तो किया ही जा रहा है साथ ही ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया जा रहा है ताकि ग्रामीणजन इन योजनाओं के बारे में जान सकें और योजनाओं का लाभ उठाने के लिये आगे आएं। इसी क्रम में अगला शिविर 27 नवम्बर को टिमरनी विकासखण्ड के वनग्राम कायरी में आयोजित किया जाएगा, जिसमें कायरी के आसपास के ग्राम कायरी, डोंग, आम्बा, मन्नासा, बोथी व जवारधा के ग्रामीणजनो की समस्याएं सुनी जायेंगी। यह शिविर प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी जिला व खण्ड स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि इस शिविर के व्यापक प्रचार-प्रसार की व्यवस्था करें तथा शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधि व जनपद पंचायत पदाधिकारियों को भी आमंत्रित करें।

### स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को डिजिटल पेमेन्ट सुविधा से जोड़ा गया

**हरदा ।** जिले की चारो नगरीय निकाय नगर पालिका हरदा, नगर परिषद टिमरनी, खिरकिया एवं सिराली में स्वनिधि भी, स्वाभिमान भी पखवाडा अभियान के तहत 18 नवंबर से 2 दिसम्बर तक शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इन शिविरों में पी.एम. स्वनिधि योजना के सभी पात्र हितग्राहियों को डिजिटल पेमेंट सुविधा से जोड़ा जा रहा है। अधिकारी कमलेश पाटीदार ने बताया कि डिजिटल पेमेन्ट सुविधा से हितग्राहियों को डिजीटल भुगतान प्राप्त करने पर इंसेन्टिव भी प्राप्त होगा। स्वनिधि से समृद्धि योजना मे पी.एम. स्वनिधि के हितग्राहियों की सोशियो ईकोनॉमिक प्रोफाईलिंग की जा रही है और पांच विभागों की आठ विभिन्न योजनाओं का पात्रता अनुसार लाभ प्रदान किया जा रहा है।

### सोन नदी पुल के पास हादसा, अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल; एक गंभीर

**शहडोल ।** जिले के गोहपारू थाना क्षेत्र के सोन नदी पुल के पास बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का मेडिकल अस्पताल में इलाज चल रहा है। घायलों में से एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।हादसा मंगलवार सुबह लगभग 11 बजे हुआ। बाइक सवार दोनों युवक गोहपारू से शहडोल की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने तुरंत पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। पुलिस और एंबुलेंस ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को मेडिकल अस्पताल पहुंचाया।थाना प्रभारी विनय सिंह गहरवार ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। बाइक सवार दोनों युवकों की पहचान फिलहाल नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, किसी तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी है।

# जिला कलेक्टर ने वनांचल में किया सायकल से भ्रमण

सत्ता सुधार ■ हरदा

सत्ता सुधार की खबर का असर

जिले का आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र टिमरनी सबसे ज्यादा पिछड़ा हुआ है। सड़क सहित अन्य निर्माण व विकास कार्यों में महज खाना पूर्ति की जाती है। इतना ही नहीं अनेक निर्माण कार्य तो कागज पर पूर्ण दिखाकर राशि हजम कर ली गई है। जांच-पड़ताल और भौतिक सत्यापन के अभाव में ऐसे मामले दफन हो गये हैं । सड़क की तो बेहद दयनीय स्थित है। जानलेवा गड्ढों से आवागमन वाधित होने के साथ-साथ दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है और आये दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती है। जिसे देख सुनकर जिम्मेदार जवाबदेह अधिकारी अनसुना कर देते हैं। जिसकी वजह से आमजन त्रस्त है। आवागमन की सुविधा की समस्या के कारण दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र के आदिवासियों को चिकित्सा सुविधा मिलना मुश्किल हो जाता है। इलाज के अभाव में अनेक असमय काल के गाल में समा जाते हैं।



वनांचल में ऐसी अनेक घटनाओं का इतिहास है जिसे कोई देखने व सुनने वाला नहीं।

**जिला कलेक्टर ने सायकल से किया भ्रमण** – वास्तविक वस्तुस्थिति का पता लगाने के लिए जिला कलेक्टर आदित्य सिंह, एसडीएम महेश बडोले, सीईओ चेतना पाटील समेत अन्य से सायकल से यात्रा कर रहटगांव वनांचल के क्षेत्र को करीब से देखा। सत्ता सुधार ने हकीकत का पता लगाने के लिए कलेक्टर एसपी के सायकल से भ्रमण करने की अभिनव पहल शुरू करने की मांग की थी। जिस पर अमल करते हुए जिला कलेक्टर श्री सिंह ने सायकल से यात्रा कर यहां की स्थिति को देखा और समस्याओं से रू-ब-रू हुये।




**बेहतर स्वास्थ्य के लिए साइकिलिंग जरूरी** – कलेक्टर ने बेहतर स्वास्थ्य के लिए साइकलिंग सबसे अच्छा है। इसके अनेक फायदे हैं। अनुलोम-विलोम एक्यूपंक्चर विधि का इस्तेमाल सायकल चलाने से सुखद आनंद की अनुभूति होती है।

**पर्यटन में वनांचल आगे -**

पर्यटन क्षेत्र में वनांचल आगे है। यहां मशहूर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने की अनेक संभावनाएं है। जिसको विकसित किया जाये तो यहां के प्राकृतिक स्थल देश-दुनिया में प्रसिद्ध हो सकते हैं। वनांचल की सागौन की इमारती लकड़ी देश-विदेश में प्रसिद्ध है।

**वनांचल के प्राकृतिक स्थल -**

वनांचल के प्राकृ तिक स्थल पर्यटन स्थल की संभावनाओं को समेटे हुए हैं। जिसमें गोराखाल का अद्भुत झरना दर्शकों का मन मोह लेता है। अजनाल नदी का उद्गम स्थल अमरकंटक की तर्ज पर विकसित किया जा सकता है। टंट्याभील की गुफा, राजाबरारी, राजाचौबा का किला, अर्जुन के तीर सहित अनेक स्थल है जो भव्य, दिव्य आकर्षक हैं। पर्यटन निगम अपने अधीन लेकर विकसित कर दे तो वनांचल पर जो पिछड़ेपन का धब्बा लगा है। वह दूर हो सकता है और जीवन स्तर में आमूलचूल परिवर्तन आ सकता है ।

## जबलपुर नाका स्थित गार्डन में
# लाखों के जेवरात चोरों के द्वारा वारदात को दिया गया अंजाम





सत्ता सुधार ■ दमोह

जबलपुर नाका स्थित गार्डन में लाखों के जेवरात चोरी की वारदात की खबर जैसे ही दमोह पुलिस अधीक्षक सोमवंशी को लगी, तो तत्काल एडिशनल एसपी संदीप मिश्रा, सीएसपी अभिषेक तिवारी, टीआई कोतवाली आनंद राज, देहात थाना प्रभारी मनीष कुमार के नेतृत्व में सब इंस्पेक्टर सरदार सिंह,चौकी प्रभारी जबलपुर नाका आनंद कुमार, साइबर सेल प्रभारी अमित गौतम, प्रधान आरक्षक सौरभ टंडन, एएसआई अभय, सचिन नामदेव,राकेश अठया, अजित दुबे, जिला अस्पताल चौकी प्रधान आरक्षक राजेशठाकुर,आरक्षक नरेंद्र पटेरिया, आरक्षक केके लोधी, आरक्षक आकाश पाठक, प्रधान आरक्षक संजय पाठक, पवन,आलोक भारद्वाज,रवि कटारे, अखिलेश छारी, गनपत, और भी पुलिस टीमों के विशेष योगदान से चोरों को साइबर सेल के माध्यम से और सीसीटीवी के माध्यम से खंगाला गया, जहां शहर के चारों ओर नाकाबंदी की गई, बता दें कि अगर यह चोरी ना मिलती तो पुलिस के लिए बड़ी चुनौती थी, लेकिन दमोह पुलिस की यह सफलता से समस्त जैन समाज के अलावा और भी लोग पुलिस की सराहना कर रहे हैं। जैसे ही चोरी की खबर लगी तो तत्काल पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी कोतवाली पहुंचे और प्रभात सेठ, शरद सेठ से जानकारी ली. साथ ही पकड़े गए चोरों से भी पूछताछ की गई।

**पुलिस अधीक्षक सोमवंशी ने बताया**

पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने सिटी कोतवाली पहुंचकर बताया कि यह वारदात की खबर जैसे ही मिली थी, तत्काल कोतवाली और देहात थाना पुलिस सीएसपी के नेतृत्व में रवाना हो गई थी, इसी दौरान जिला अस्पताल चौकी में पदस्थ प्रधान आरक्षक राजेश ठाकुर से खबर आई की राजगढ़ के कुछ घायल और एक मृतक को अस्पताल लाया गया है, जहां तत्काल पुलिस पहुंची वहां पुलिस ने एक चोर आरोपित के शव को सुरक्षित जिला अस्पताल के शव गृह व दो आरोपितों को हिरासत में लिया और उनसे पूछताछ की गई।

**करीब 50 लाख का चोरी हुआ सोना चांदी बरामद** – लाखों का सोना में हार, मंगलसूत्र, चूड़ी सहित और भी जेवरात, 78 चांदी के सिक्का लेकर भाग रहे चार संदिग्ध चोरों को पुलिस तलाश रही थी, वहीं खबर मिली कि सड़क दुर्घटना में एक चोर युग सिसोदिया राजगढ़ की मौत हो गई, वहीं दूसरा देवेंद्र व सोनू पुलिस अभिरक्षा में है. जिनसे पूछताछ की जा रही है, वहीं एक चोर रितिक भागने में कामयाब हुआ है। पूरी जांच पड़ताल बारीकी से पुलिस कर रही है।

**सीसीटीवी फुटेज की तारीफः** राधिका गार्डन की विशेष बात यह निकली कि जो सीसीटीवी कैमरे लगे थे, वह उच्चतम क्वालिटी के सीसीटीवी लगे थे, जिससे चोरों की तत्काल पहचान हो पाई है।

### जिला युवा कांग्रेस शहडोल ने जिला शिक्षा अधिकारी के नाम सौंपा ज्ञापन

**शहडोल ।** जिला युवा कांग्रेस शहडोल जिला अध्यक्ष अनुपम गौतम के निर्देशानुसार युवा कांग्रेस निर्वाचित जिला महासचिव निशांत जोशी एवं जिला महासचिव सोनू चौबे की अध्यक्षता में शहडोल जिला शिक्षा अधिकारी के नाम ज्ञापन दिया गया ज्ञापन में यह कि जिले में संचालित सभी विद्यालयों का समय लगभग सुबह ही है जिसके कारण छात्रों को इस कड़ाके की ठण्ड में विद्यालय में उपस्थित होने में दिक्कत होती है। कृपया इस कड़ाके की ठण्ड में कम से कम 09ः00 बजे तक कक्षा का संचालन किया जाये, जो छात्रहित के लिए अति आवश्यक है। श्रीमान् जी से निवेदन है कि उक्त परिस्थितियों के आलोक में समय परिवर्तन कराने की कृपा करें।

### क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल टीम डीएसएल ने जीता

**दमोह।** मध्यप्रदेश के दमोह जिले की विधानसभा जबेरा के नगर नोहटा में हक्क्ष(नोहटा प्रीमियर लीग) प्लास्टिक बॉल नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट, सबसे अनोखे क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी जी के द्वारा किया गया जिसके संरक्षक नीतेन्द्र सिंह लोधी रहे। इस टूर्नामेंट में आईपीएल की तर्ज पर ओनरों ने रजिस्टर किए गए खिलाड़ियों को आक्शन के माध्यम से टीम में शामिल किया गया जिसमें कुल 16 टीमें और एक एक ओनर बने जिन्हें ,क्रष्,ष्ठ चार ग्रुप बनाकर चार चार टीमों को रखा। टीम डीएसएल(धर्मेन्द्र सिंह लोधी)को राहुल कुमार जैन एवं भाईसाब पटैल, टीम डायनेमो डेविल्स को यश राय , नोलेश्वर बारियर्स को गोपाल महोबिया , नाईट राइडर्स को परसोत्तम राय , पुलिस स्टॉप को अरविंद सिंह , अभिषेक हंटर को अभिषेक राय , भूपेश इलेवन,को भूपेश गंधर्व , व्यापार इलेवन को सूरज , जंक्शन फायर को राजकुमार राय , कंस्ट्रक्शन इलेवन को रानू जैन , टाइगर्स को नीतेन्द्र सिंह , रायल चैलेंजर्स को शहंशाह खान , के के रॉयल्स को सद्दाम खान ,एमपीईबी को गोपाल रैकवार ,नितिन ईगल्श को नितिन राय सुपर जाइंट्स को दीपेश नामदेव ओनर बने । सभी टीमे 8-8 खिलाड़ियों के साथ मैदान पर उतरी लीग मैच 8-8 ओवर के हुए एवं सेमीफाइनल फाइनल 10-10 ओवरों का हुआ, जिसमें 3 ओवर का सर्किल रह। खिताबी मुकाबला टीम डीएसएल (धर्मेन्द्र सिंह लोधी) और नितिन ईगल्स के बीच खेला गया जिसमें ईगल्स ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया बल्लेबाजी करने का तरीका डीएसएल के खिलाड़ी प्रवीण तोमर ने 19 रन,वरुण सिंह ने 22 रन,सोनू सेन , रत्नेश लोधी ने नाबाद 22 रन राहुल जैन 4 रन, सत्येंद्र रावत 21 रन, निखिल लोधी,कप्तान आशीष जैन,पवन दुबे,ने निर्धारित 10 ओवर में 118 रनों का लक्ष्य दिया।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं



सत्ता सुधार ■ हरदा

मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर आदित्य सिंह ने जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती सविता झानिया तथा संयुक्त कलेक्टर सतीश राय सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे। जनसुनवाई में गौ शाला उत्थान संघ के अनिल गीते व अन्य आवेदकों ने निराश्रित गौवंश को गौशालाओं में रखकर उनका पालन पोषण करने की व्यवस्था के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर उन्होने उप संचालक पशु चिकित्सा को निराश्रित गौवंश की बेहतर देखभाल के लिये गौशालाओं में रखवाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

जनसुनवाई में ग्राम धुपकरण निवासी दिनेश पटवारे ने खेतों की ओर जाने वाले रास्ते से अतिक्रमण हटाने के संबंध में कलेक्टर को आवेदन दिया। जिस पर उन्होने तहसीलदार सिराली को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये। हरदा के लोकेश तिवारी ने दीनदयाल लायब्रेरी के पास निर्मित अतिक्रमण हटाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कार्यवाही के निर्देश दिये। पलासनेर निवासी रामसिंह बिल्लोरे ने आवेदन देकर बताया कि उसने तीन वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत लोन लिया था, लेकिन सब्सिडी अभी तक नहीं मिली है, जिस पर कलेक्टर श्री सिंह ने लीड बैंक प्रबन्धक को निर्देश दिये कि आवेदक को पात्रता अनुसार अनुदान राशि भुगतान की जाये। जनसुनवाई में छगनलाल गुर्जर निवासी आलनपुर तहसील रहटगांव ने कलेक्टर श्री सिंह को आवेदन देकर बताया कि उसने अपनी भूमि के नक्शा दूरूस्थ और बटांकन के संबंध में एसडीएम टिमरनी कार्यालय में आवेदन दिया था, लेकिन उसकी अभी तक सुनवाई नहीं हुई है, जिस पर उन्होने एसडीएम टिमरनी को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये। कड़ोला उबारी निवासी निसार खान ने जनसुनवाई में आवेदन देकर बताया कि वर्ष 2022 में उसने सोयाबीन की फसल लगाई थी, जो अतिवृष्टि के कारण पूर्णतः नष्ट हो गई थी। उसके खाते से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रीमियम राशि भी काटी गई थी, लेकिन फसल बीमा योजना का उसे अभी तक लाभ नहीं मिला है।

## पुलिस महानिरीक्षक शहडोल जोन के निज सहायक 40 वर्ष के सेवाकाल पश्चात हुए सेवानिवृत्त

### आईजी कार्यालय के सम्पूर्ण स्टाफ ने दी भावभीनी विदाई

सत्ता सुधार ■ शहडोल

पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय शहडोल में श्री अनुराग शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक शहडोल ज़ोन के निज सहायक श्री राजेश्वर प्रसाद द्विवेदी, सूबेदार (अ) कुल 40 वर्ष 06 माह 20 दिन का सेवाकाल पूर्ण करने के अवसर पर विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजेश्वर प्रसाद द्विवेदी, दिनांक 11.04.1984 को 16 वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल सागर में सउनि (अ) के पद पर नियुक्त हुए थे। उन्होंने 16वीं वाहिनी में, जम्मू एवं कश्मीर में प्रतिनियुक्ति के दौरान जम्मू में तैनात रहकर अपनी सेवाएं दी हैं। सउनि (अ)



के पद पर रहते हुए कार्यालय में अपने पद से वरिष्ठ पदों स्टेनो, स्थापना एवं आंकिक जैसे महत्वपूर्ण पद का कार्य सफलतापूर्वक संपादित किया गया है। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा सौंपे गए विभिन्न कर्तव्य निर्वहन के साथ-साथ लोकसभा, विधानसभा एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान फील्ड ड्यूटियां भी सफलतापूर्वक की गई हैं। वर्ष 2013 से पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय शहडोल में निज सहायक का कार्य संपादित किया गया है। श्री राजेश्वर प्रसाद द्विवेदी, कार्यवाहक सूबेदार (अ) एक अनुशासित, अनुभवी एवं कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी हैं। संपूर्ण सेवाकाल में उत्तरदायित्वों का निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी एवं निष्ठापूर्वक किया गया है। कोविड-19 महामारी के दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें म0प्र0 शासन की ओर से कर्मवीर योद्धा पदक प्रदान किया गया है। श्री राजेश्वर प्रसाद द्विवेदी को संपूर्ण सेवाकाल में कुल 155 प्रशंसा एवं 253 नगद पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। पुलिस महानिरीक्षक शहडोल ज़ोन ने श्री राजेश्वर प्रसाद द्विवेदी के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामनाओं के साथ उन्हें शाल और श्रीफल भेंट किया।

## संविधान दिवस पर बाबा साहब अंबेडकर को किया याद



**हरदा ।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर समस्त कार्यकताओं ने बाबा साहब अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री देवीसिंह सांखला ने बाबा साहब के संविधान सभा में हुए गठन की प्रक्रिया से संबंधित जानकारी कार्यकर्ताओं को दी। इस अवसर पर मंडलाध्यक्ष विनोद गुर्जर,बसंत राजपूत ने अपने विचार व्यक्त किये कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रहलाद पटेल, दीपक नेमा, दीपक बाबरिया, सुनील बघेला सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**अभियान** जन्मदोष क्लब फुट से जिले को फ्री करने हो रहा प्रयास

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम व अनुष्का फाउडेशन बच्चों को दे रहे उपचार

दमोह।। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत जिले में जन्म से लेकर अधिक उम्र के सभी क्लब फुट दोष रोग से पीड़ित बच्चों के उपचार हेतु विशेष अभियान चला जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने बताया कि जिला स्तर पर आरबीएसके टीम द्वारा रेफर बच्चें, डिलेवरी पाईट से रेफर, एसएनसीयू वार्ड से रेफर व एएनएम, आशा कार्यकर्ता, ऑगनवाड़ी कार्यकर्ता, सीएचओ, अन्य प्राईवेट संस्था से रेफर होकर जिला अस्पताल आने वाले सभी क्लब फुट के बच्चों की निःशुल्क कास्टिंग, टेनाटोमी, ब्रेस व बार- जिन्हें क्लब फुट ठीक करने जूते देना करते है, का कार्य किया जा रहा है। डॉ. जलज बजाज ने बताया की 1000 लाईव




बर्थ पर 1 से 2 प्रतिशत बच्चें क्लब फुट दोष के साथ पैदा होते है, ऐसे बच्चों को समय पर उपचार जैसे-प्लास्टर कास्ट सीटीईवी, सर्जरी व क्लबफुट जूते पहनाकर दोष को शतप्रतिशत दूर किया जा सकता है। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल अहिरवाल ने बताया कि जिला अस्ताल दमोह में आरबीएसके व अनुष्का फाउडेशन के सहयोग से अभी तक 97 बच्चें की कास्टिंग की जा चुकी है, यही कास्टिंग का कार्य यदि प्राईवेट से कराया जाये तो लगभग प्रति बच्चा 70 हजार रूपये का खर्च आता है। अनुष्का फांउडेशन द्वारा अभी तक 11 बच्चों को ब्रेस व बार जूते निःशुल्क प्रदाय किये गये है, यही जूते प्राईवेट से लेने पर प्रत्येक जूता लगभग 3 हजार तक का मिलता है। उन्होंने कहां आरबीएसके कार्यक्रम ऐसे बच्चों एवं परिवार के लिये वरदान सिद्ध हो रहा है जो बच्चे का इलाज कराना चाहते है, मगर पैसो की तंगी से उपचार नहीं करा पाते है। जिला अस्तपाल दमोह में आरबीएसके व अनुष्का फाउडेशन के सहयोग से पुनः 11 क्लब फुट रोग से पीड़ित बच्चे-लोकेश पटेल, प्रिंस कुशवाहा, नब्या लोधी, अस्विन गोड़, डोली लोधी, बेबी निशा, माहिरा खान, सिद्धार्थ पटेल, जानवी कुशवाहा को डीईआईसी बाल संजीवनी भवन में बुलाकर ब्रेस व बार जूते निःशुल्क दिये गये है। बच्चों के माता-पिता सरकार की इस योजना से बहुत खुश है। जानवी के पिता हटा पुरानाखेड़ा निवासी शंकर कुशवाहा ने कहा सरकार की योजना का मुझे निःशुल्क लाभ मिला है, मेरी बेटी जानवी भी कुछ ही समय बाद अन्य बच्चों जैसे दौड़ेगी एवं खेल खेलेगी और स्कूल भी जायेगी।

शिविर दौरान अनुष्का फाउडेशन से आये जिला समन्वयक सत्यप्रकाश तिवारी द्वारा क्लबफुट दोष की पहचान एवं उसके उपचार के तरीको के बारे में पोस्ट के माध्यम से जागरूक किया गया। इस मौके पर हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल अहिरवाल, डीईआईसी मैनेजर नरेश राठौर, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. रजनीश गांगरा, ऑडियोलाजिस्ट संदीप पटैल, नवप्रकाश जैन, शुभम राठौर, नरेन्द्र रैकवार, अजय अहिरवाल के अलावा क्लब फुट रोग का इलाज कराने आये बच्चें एवं परिजन की उपस्थिति रही।

## नाबालिक बालिका को दस्तयाब व आरोपी को किया गिरफ्तार

सत्ता सुधार ■ हरदा

पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे द्वारा गुम नाबालिक बालक बालिकाओं को दस्तयाब करने के निर्देश दिए गए थे, निर्देशों के पालन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरदा के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी हरदा श्रीमति अर्चना शर्मा के नेतृत्व में थाना हंडिया की पुलिस टीम द्वारा नाबालिक अपहृता दस्तयाब करने व आरोपी की गिरफ्तारी में सफलता प्राप्त की है। 21/12/23 को फरियादिया भूरेलाल पिता केशवराम कोरकू उम्र 35 साल निवासी बिछौलामाल ने रिपोर्ट किया की मेरी नाबलिक लडकी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर भगा ले गया है रिपोर्ट पर अपराध क 394/23 धारा 363 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया दौराने विवेचना अपहर्ता व अज्ञात आरोपी की तलाशी व पतारसी के हर संभव प्रसाय किये गये। जानकारी नही मिल ने पर पुलिस अधीक्षक हरदा द्वारा अपहर्ता व अज्ञात आरोपी पर 3000 रुपये की ईनामी उदघोषा की गई। मुखवीर सूचना तंत्र विकसित कर अपहर्ता व संदेही पंकज की पीथमपुर जिला इदौर में मिलने पर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल टीम गठित कर पीथमपुर खाना किया गया। जहाँ से अपहर्ता नाबालिक लडकी को हमराह लेकर व आरोपी गौरीशंकर उर्फ दीपक काजले पिता जगदीश काजले उम्र 21 साल निवासी बिछोला को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द किया गया। अपहर्ता के कथन के आधार प्रकरण आरोपी के विरुद्ध पाक्सो एक्ट का इजाफ कर आरोपी दीपक काजले पिता जगदीश काजले उम्र 21 साल निवासी बिछोला पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।

ब्रीफ न्यूज

## लंदन प्रवास पर मुख्यमंत्री डॉ .मोहन यादव की अगवानी बीना के आदित्य प्रताप सिंह ने की



**बीना(सागर)।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी का 3 दिवसीय के प्रवास कार्यक्रम में लंदन प्रवास पर मुख्यमंत्री डा मोहन यादव की अगवानी बीना के आदित्य प्रताप सिंह ने की आदित्य ने साथी मेयर प्रेरणा भरद्वाज के साथ स्वागत किया। दरअसल मध्य प्रदेश को इंडस्ट्रियल हब बनाने का संकल्प लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव विदेश दौरे पर गए हैं। यूके पहुंचे मुख्यमंत्री का बीना के आदित्य प्रताप सिंह ने इंडियन एम्बेसी में भारतीय छात्रों की ओर से स्वागत कर उनकी अगवानी की।इसके अलावा सोमवार को यूके में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने भारतीय छात्रों के साथ यूके में काम कर रहे युवाओं के साथ संवाद किया।इसका आयोजन भी आदित्य के ग्रुप की ओर से किया गया। आदित्य ने बताया कि युवाओं से संवाद के दौरान सीएम ने युवा उद्यमियों को मध्यप्रदेश में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया है।

## बीना की जनसुनवाई में आए 8 आवेदनः जनसुनवाई में 58 आवेदन आए

**बीना(सागर)।** बीना के एसडीएम कार्यालय में मंगलवार को सामूहिक जनसुनवाई हुई। इसमें मात्र 8 आवेदन आए।एसडीएम कार्यालय में हर सप्ताह एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह जनसुनवाई करते हैं। मंगलवार को केवल 8 आवेदन सीमांकन,जल निगम, कृषि भूमि, आर्थिक सहायता के आए। 15 अक्टूबर को विधायक की आतिथ्य में जनसुनवाई हुई थी।इसमें सबसे ज्यादा 33 आवेदन आए थे। इसके बाद अब तक इतने आवेदन नहीं आए। अक्टूबर और नवंबर में अब तक 58 आवेदन आए हैं।सबसे कम दो आवेदन 29 अक्टूबर की जनसुनवाई में आए थे।मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में लोग अब रुचि नहीं ले रहे हैं। जहां पहले जनसुनवाई में बढ़ चढ़कर लोग आते थे।

## संविधान दिवस के अंतर्गत पोस्टर निर्माण एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**देवरी(सागर)।** शास. नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवरी में संविधान दिवस के अवसर पर दिनांक 26 नवम्बर 2024 को पोस्टर निर्माण एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश दुबे ने महाविद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं को भारत के संविधान की शपथ दिलाई।प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश दुबे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे विशाल संविधान है। संविधान हमें अपने विचार,अभिव्यक्ति,धर्म और उपासना की स्वतंत्रता देता है। संविधान भारत को एकता के सूत्र में बांधने और समानता से जीने का अधिकार देता है।हम सभी को संविधान का सम्मान करना चाहिए।

# डॉ. गौर को भारत रत्न दिलाने का सामूहिक प्रयास अवश्य सफल होगा : कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता

### गौर जयंती के अवसर पर कुलपति प्रो. नीलिमा ने तीनबत्ती पर किया संबोधित

सत्ता सुधार ■ सागर

महान दानवीर, विधिवेत्ता एवं डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के संस्थापक सर डॉ हरीसिंह गौर की 155वीं जयन्ती के अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.नीलिमा गुप्ता ने सागर शहर के तीनबत्ती पहुँचकर डॉ. गौर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और सभा को संबोधित किया।उन्होंने बुन्देली संकल्प के अद्वितीय नायक डॉ. सर हरीसिंह गौर की जयंती पर सभी नगरवासियों का अभिनन्दन करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दीं।उन्होंने कहा आज का दिन हमारे लिए विशेष अर्थ रखता है क्योंकि आज के ही दिन इस धरती पर डॉ. हरीसिंह गौर जैसे महान शक्सियत ने जन्म लिया था।आज का दिन महज कैलेण्डर का एक पन्ना नहीं, बल्कि बुन्देलखण्ड के इतिहास का एक खूबसूरत पैगाम है।एक ऐसा पैगाम जिससे जुड़कर हजारों-लाखों लोगों के जीवन में ज्ञान का वसंत आया।आप भाग्यशाली हैं कि आप डॉ. गौर के शहर के वासिन्दें हैं।आप सभी गौर साहब के जीवन और सृजन से खूब परिचित हैं।उन्होंने डॉ. गौर के जीवन की संघर्ष यात्रा के बारे में बताते हुए कहा कि जीवन की प्रतिकूल परिस्थितियों से लड़ते हुए उनके चिरागी व्यक्तित्व का निर्माण हुआ। अपनी मातृभूमि के लिए कुछ श्रेष्ठ करने का संकल्प कभी नहीं छूटा। अपनी प्रतिभा से ज्ञान,राजनीति, पत्रकारिता, सृजनात्मकता आदि सभी क्षेत्रों में लगभग दिग्विजय प्राप्त करते हुए उन्होंने अपने समकालीन बड़ी हस्तियों को चौंका दिया।डॉ. गौर का यह जीवन हम सबके लिए एक मिसाल है।दुःख को शक्ति में,अभाव को सृजन में और संघर्ष को कैसे संकल्प में बदला जाता है,हमारे लिए यही गौर साहब की सीख है।एक श्रेष्ठ अधिवक्ता, विधि विशेषज्ञ, संविधान सभा के सदस्य, लेखक-कवि,धर्मज्ञ,शिक्षाविद, समाजसेवी,दिल्ली विश्वविद्यालय के संस्थापक और नागपुर विश्वविद्यालय के कुलपति आदि भूमिकाओं में अपनी क्षमता और प्रतिभा से पूरे देश को प्रभावित किया। किन्तु अपार यश और समृद्धि के वैभव के बीच में भी उनकी मातृभूमि सागर की आकुल पुकार उनसे विस्मृत न हो सकी।18 जुलाई, 1946 को अपनी पूरी सम्पत्ति का दान कर सागर विश्वविद्यालय की स्थापना की। डॉ. गौर द्वारा स्थापित यह विश्वविद्यालय अपनी स्थापना काल से ही अपने विशिष्ट ज्ञान और अनुसंधान के साथ राष्ट्र की प्रगति में अपनी भूमिका का निर्वाह कर रहा है।

उन्होंने विश्वविद्यालय की अकादमिक यात्रा,उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय अपने नवोन्मेशी पाठ्यक्रमों,योग्य शिक्षकों, कर्मठ अधिकारियों,कर्मचारियों के सहयोग से ज्ञान-विज्ञान और शोध के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियों के साथ ही वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुकूल श्रेष्ठ विद्यार्थी एवं संवेदनशील नागरिक तैयार करने की दिशा में सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है।सभी नगरवासियों के स्नेह और सहयोग के साथ आज विश्वविद्यालय अपनी भौतिक अधोसंरचना में वृद्धि और वैश्विक स्तर पर अपनी अकादमिक प्रतिष्ठा में निरंतर सकारात्मक सम्पन्नता अर्जित कर रहा है। अकादमिक प्रगति के साथ ही विश्वविद्यालय अपने सामाजिक सरोकारों को भी लगातार पुनर्परिभाषित कर रहा है। आपका विश्वविद्यालय





आपके प्रेम, सहयोग और समर्पण के लिए हमेशा आभारी है। 26 से 30 नवम्बर तक आयोजित किये जा रहे युवा उत्सव में सभी नगरवासियों को आमंत्रित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार आयोजित होने जा रहा यह आयोजन निश्चित ही ऐतिहासिक होगा। आप सभी डॉ. गौर के सपनों के वास्तविक उत्तराधिकारी हैं। जिस तरह आप अपने गौर बप्पा को याद करते हैं; वह आपके प्रेम और श्रद्धा का अविरल उदाहरण है।विभिन्न मंच, संस्थाओं द्वारा डॉ. हरीसिंह गौर को भारत रत्न



दिलवाने हेतु किए गए प्रयासों की यह विश्वविद्यालय सराहना करता है, समर्थन करता है और साथ ही मैं आवहन करती हूँ - समस्त सागर वासियों को - आइए हम सब एकजुट होकर डॉ. गौर को भारत रत्न दिलवाएं जिसके वह हकदार हैं। कह-कह कर थक गए हम, डॉ. गौर को भारत रत्न दिलवाना है।आइए, अब हमें मिलकर करके दिखाना है - हमें डॉ. गौर को - भारत रत्न दिलवाना है। इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिक, जन प्रतिनिधि, विभिन्न महाविद्यालयों एवं स्कूलों के विद्यार्थी, विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं पत्रकारगण उपस्थित थे। परम्परानुसार शहर के तीनबत्ती से बैंड बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकली जो प्रमुख मार्गो से होती हुई विश्वविद्यालय पहुँची। इस दौरान शहर के नागरिक, जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी और आमजन इस शोभायात्रा का हिस्सा बने. शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत हुआ।

## डॉ. गौर ने सर्वस्व दानकर अज्ञानता के अंधकार को दूर करने ले लिए शिक्षा रूपी शस्त्र प्रदान किया- सांसद

सागर लोकसभा क्षेत्र की सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने कहा कि संसद का सत्र चल रहा है लेकिन डॉ गौर के प्रति अगाध श्रद्धा होने के कारण आज मैं इस आयोजन में आई हूँ।उनके जन्म दिन पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होना मेरे लिए गौरव की बात है। डॉ. गौर सागर के गौरव हैं।डॉ. गौर और उनके द्वारा स्थापित शिक्षा के इस केंद्र से ही सागर की पहचान है।वे एक तार्किक क्षमता वाले कानूनविद थे तो एक सहृदय कवि भी थे।वे दधीचि की तरह थे।उन्होंने अपना सर्वस्व दानकर अज्ञानता के अंधकार को दूर करने ले लिए शिक्षा रूपी शस्त्र प्रदान किया. उन्हें भारत रत्न जरूर मिलेगा और हम सब इस प्रयास में अवश्य सफल होंगे।

## गौर प्रांगण में हुआ मुख्य समारोह, अतिथियों ने किया संबोधित

महान दानवीर,विधिवेत्ता एवं डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के संस्थापक सर डॉ. हरीसिंह गौर की 155वीं जयन्ती के अवसर पर विश्वविद्यालय के गौर प्रांगण में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन तथा डॉ. गौर के तैल चित्र पर पुष्प अर्पण के साथ मुख्य समारोह प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं पूर्व आईपीएस कन्हैया लाल बेरवाल ने की. सारस्वत उद्?बोधन विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने दिया।इस अवसर विशिष्ट अतिथि के रूप में केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने ऑनलाइन माध्यम से वीडियो संबोधन दिया. सांसद श्रीमती लता वानखेड़े, गोविन्द सिंह राजपूत, कैबीनेट मंत्री, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, मध्यप्रदेश शासन, शैलेन्द्र जैन, विधायक, सागर विधानसभा उपस्थित मंचासीन रहे और समारोह को संबोधित किया. गौर उत्सव के समन्वयक प्रो. दिनेश कुमार नेमा ने स्वागत भाषण दिया और गौर उत्सव-2024 का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया. इस दौरान विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ए.डी. शर्मा, प्रभारी कुलसचिव डॉ. सत्यप्रकाश उपाध्याय और सह समन्वयक डॉ. ऋतु यादव मंचासीन थे। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कन्हैयालाल बेरवाल ने कहा कि डॉ. गौर साहित्यकार, कानूनविद एवं महान शिक्षाविद के साथ-साथ महान दानवीर एवं स्वप्न द्रष्टा थे।वे एक महान सुधारक भी थे. समाज के हर क्षेत्र में उन्होंने कार्य किया।उन्होंने विवि की स्थापना कर एक अभिनव दान दिया. उनके योगदान को स्मृति में रखये हुए हम सभी को उनके प्रति कृतज्ञ होना चाहिए और उनके द्वारा बताये गये मार्गो का अनुकरण करना चाहिए। कैबिनेट मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने वीडियो संबोधन में कहा कि डॉ. गौर ने विश्वविद्यालय की स्थापना करके ऐसा सपना पूरा किया जिसको यहाँ की जनता कभी भुला नहीं सकती. वे महान दानवीर, शिक्षाविद, कानूनविद, अनुशासन प्रिय और समय के पाबंद थे. उनके जन्मदिवस पर ही संविधान को अंगीकृत किया गया था. मेरे लिए गौरव की बात है कि मैं स्वयं यहाँ का छात्र रहा हूँ।सागर का लाखा बंजारा झील और विश्वविद्यालय सागर की पहचान है।उन्होंने गौर जयन्ती की शुभकामनाएं दीं।

## डॉ. गौर को भारत रत्न दिलाने का सामूहिक प्रयास अवश्य सफल होगा- मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत

मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने कहा कि विश्वविद्यालय आने पर अतीत की स्मृति हो उठती है।यहाँ से पढ़े हुए छात्र बहुत ऊँचे पदों पर पहुंचे हैं और देश–विदेश में नाम कमा रहे हैं. यह सब डॉ. गौर की कृपा है।डॉ. गौर की जयन्ती केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के कई देशों में मनाई जाती है।उन्हें भारत दिलाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से कई स्तर की चर्चा हो चुकी है। हम सबका साझा और सामूहिक प्रयास जरूर सफल होगा और हम निश्चित तौर पर उन्हें भारत रत्न दिलाने में सफल हो पायेंगे।उन्होंने भास्कर समूह द्वारा चलाये गये माल्यार्पण और मानव श्रृंखला अभियान की प्रशंसा की।

## डॉ. गौर के त्याग और योगदान को स्मृति में रखते हुए अपने दायित्वों के प्रति समर्पित हों- कुलपति

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कहा कि डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय स्थापना काल से श्रेष्ठतम ज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में अपनी विशिष्टता के लिए जाना जाता रहा है। विश्वविद्यालय के इसी योगदान को देखते हुए भारत सरकार द्वारा 15 जनवरी, 2009 को इसे एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूप में प्रोंनन्त कर दिया गया जो विश्वविद्यालय की अकादमिक क्षमता की राष्ट्रीय–स्वीकृति है। संस्थापक डॉ. गौर की जयंती सागर में एक पर्व की तरह मनाई जाती है, साथ–साथ देश के अन्य स्थानों तथा विदेशों में भी बड़े धूमधाम से मनाई जाती है। हमें गर्व है कि वर्तमान परिदृश्य में हमारे विद्यार्थी दुनिया भर में उच्च पदों पर कार्य करते हुए विश्वविद्यालय का नाम पूरे विश्व में रौशन कर रहे हैं, जिसका जीता जागता उदाहरण हमारा सम्मानीय मंच है। कोई भी शिक्षा संस्थान अपने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के नवोन्मेषी अकादमिक ज्ञान से ही प्रतिष्ठा पाता है। हम अपने पितृ पुरूष डॉ. गौर के महत्तम त्याग और योगदान को अपनी स्मृति में रखते हुए; अपने दायित्वों के प्रति समर्पित हो, संपूर्ण सेवा भाव से विश्वविद्यालय के उन्नयन में योगदान दें। विश्वविद्यालय के शिक्षक, शिक्षण और शोध को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति एवं स्थायित्व दें, शैक्षणिक गुणवत्ता ऐसी हो जो देश–विदेश के विद्यार्थियों को ज्ञानार्जन के लिए इस शिक्षा संस्थान की ओर आकर्षित करें। उन्होंने डॉ. गौर के जीवन और अवदान को रेखांकित करते हुए विश्वविद्यालय की प्रगति को साझा किया।उन्होंने गत वर्ष की अकादमिक उपलब्धियों का विस्तृत उल्लेख करते हुए कहा कि हमारा विश्वविद्यालय निरंतर नए मुकाम हासिल कर रहा है।

## दुग्ध और दुग्ध उत्पादों से किसानों को मिल रहा है अच्छा मुनाफा

सत्ता सुधार ■ सागर

दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश भारत के अग्रणी राज्यों में शामिल है। यहां दुग्ध उत्पादक किसान न केवल बड़ी मात्रा में दूध का उत्पादन कर रहे हैं, अपितु दुग्ध और दुग्ध उत्पादों के विक्रय से अच्छा मुनाफा भी कमा रहे हैं। भारत का नौ प्रतिशत दुग्ध उत्पादन मध्यप्रदेश में होता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संकल्प है कि प्रदेश का दुग्ध उत्पादन, देश के कुल दुग्ध उत्पादन का 20त्न तक पहुंचे। मध्यप्रदेश दुग्ध संघ का सांची ब्रांड वाजिब दामों में उच्च गुणवत्ता युक्त नए-नए दुग्ध एवं अन्य उत्पाद बाजार में ला रहा है, जिससे सदस्य किसानों को अच्छी आमदनी हो रही है। प्रदेश में कृषि को लाभ का धंधा बनाने में दुग्ध उत्पादन का भी महत्वपूर्ण स्थान है।पशुपालन एवं डेयरी मंत्री लखन पटेल ने बताया कि भारत में दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश का तीसरा स्थान है। प्रदेश में 591 लाख किलोग्राम प्रतिदिन दूध का उत्पादन होता है। मध्यप्रदेश में प्रति व्यक्ति दुग्ध की उपलब्धता 644 ग्राम प्रतिदिन है, जबकि राष्ट्रीय औसत 459 ग्राम प्रतिदिन का है। प्रदेश में 7.5त्न पशुधन है, जबकि राष्ट्रीय औसत 5.05 प्रतिशत का है।

## विधायक एड. निर्मला सप्रे ने 1 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन,शुरू की 1 महीने की विकास यात्रा

सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)

बीना विधानसभा क्षेत्र में समग्र विकास की ओर कदम बढ़ाते हुए विधायक एड. निर्मला सप्रे ने सोमवार को 1 करोड़ से अधिक लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के कोने-कोने में विकास कार्यों को पहुंचाने के उद्देश्य से 1 महीने की विकास यात्रा की शुरुआत की। इस दौरान विधायक ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में जाकर स्थानीय विकास कार्यों का भूमिपूजन किया और ग्रामीणों के साथ संवाद किया।

विधायक सप्रे की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री द्वारा ग्राम पंचायत सेमरा गणपत में 25 लाख, नाऊखेड़ा में 16 लाख, मगरधा में 21 लाख और बारधा में 20 लाख की लागत से विकास कार्य स्वीकृत किए गए।इन कार्यों में सड़क निर्माण, नाली निर्माण,सामुदायिक भवनों का निर्माण और पेयजल परियोजनाएं शामिल हैं।भूमिपूजन के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों, भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, विभागीय अधिकारियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति देखी गई।



### पूरे विधानसभा क्षेत्र में विकास की पहल

विधायक एड. निर्मला सप्रे ने घोषणा की कि यह विकास यात्रा पूरे 1 महीने तक चलेगी।इस दौरान वे विधानसभा के हर गांव और हर पंचायत में जाकर विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगी और जनता की समस्याओं को सुनेंगी। उन्होंने कहा, ÷विधानसभा के हर क्षेत्र में समग्र विकास मेरा सपना है। मैं इस यात्रा के माध्यम से सुनिश्चित करूंगी कि विकास कार्य केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि हर गांव और हर व्यक्ति तक पहुंचें। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने विधायक सप्रे का फूल-मालाओं से स्वागत किया ।

**सम्मानित** स्टेशन प्रबंधक संतोष शर्मा सहित बीना के अनेक कर्मचारी हुए सम्मानित

## सतर्कता से टाली दुर्घटनाएं: मंडल रेल प्रबंधक ने 20 कर्मचारियों को किया सम्मानित

सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)

मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी ने ड्यूटी के दौरान सतर्कता, सूझबूझ और सजगता से कार्य करते हुए संभावित दुर्घटनाओं को टालने वाले 20 रेलवे कर्मचारियों को मंडल कार्यालय में आमंत्रित कर प्रशस्ति पत्र और नगद राशि देकर सम्मानित किया।इन कर्मचारियों ने असामान्य परिस्थितियों में अद्वितीय कौशल और तत्परता का परिचय देते हुए संभावित दुर्घटनाओं को रोका और रेल परिचालन को सुरक्षित बनाया। इन कर्मचारियों में सर्व सतोष कुमार शर्मा (स्टेशन प्रबंधक) बीना, सुखदेव यादव (उप स्टेशन प्रबंधक) पगाढाल , रितेश यादव (ट्रेन मैनेजर) इटारसी, आकाश रघुवंशी (ट्रेन मैनेजर) इटारसी, सुदीप मालवीय (ट्रेन मैनेजर) भोपाल, अमित तिवारी (ट्रेन मैनेजर) बीना, रोहित पवैया (वरिष्ठ ट्रेन मैनेजर) बीना, एस. एल मीना (ट्रेन मैनेजर) इटारसी, कु. शाबिया खान (ट्रेन मैनेजर) बीना, श्रषी कश्यप (ट्रेन मैनेजर) इटारसी, सोनू कुशवाहा (कांटेवाला) गुलाबगंज, सोनू कुमार (ट्रेन मैनेजर) गुना, देवाशीष देवेश (ट्रेन मैनेजर) इटारसी, अजय कुमार (कांटेवाला) सलामतपुर , बासुदेव कुमार साहू (पैसे. ट्रेन मैनेजर) इटारसी, राजू लाल मीना (लोको पायलट) बीना, रमेश कुमार रैकवार (सहायक लोको पायलट) बीना, एम पी जैन (लोको पायलट) भोपाल, मो. जीशान कुरैशी (सहायक लोको पायलट) भोपाल, जसमन (कीमैन) बानापुर द्वारा अपनी ड्यूटी के दौरान सूझ बूझ और सजगता से कार्य करते हुए संभावित दुर्घटनाओं को रोकने का सराहनीय कार्य किया गया। इसके लिए मण्डल रेल प्रबंधक ने उन्हें मण्डल कार्यालय में आमंत्रित कर प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि से सम्मानित किया। इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबंधक ने अपने-अपने कार्य के प्रति समर्पित, कर्तव्यनिष्ठ और सतर्क रहने वाले रेल कर्मियों के कार्यो की सराहना की और भविष्य में इसी उत्साह, लगन एवं सतर्कता से कार्य करते रहने के लिए शुभकामनाएं दी7इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती रश्मि दिवाकर,वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी विजय शंकर गौतम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



## महाविद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया एनसीसी दिवस

सत्ता सुधार ■ देवरी (सागर)

11 एमपी बटालियन सागर के निर्देशानुसार महाविद्यालय में दिनांक 24 नवम्बर 2024 को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश दुबे के निर्देशन में एनसीसी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के भूतपूर्व एनसीसी कैडेट संदीप पाठक के मुख्य आतिथ्य में वर्तमान कैडेट्स द्वारा स्वच्छता अभियान चलाते हुए महाविद्यालय प्रांगण में साफ-सफाई की। अपने उद्बोधन में संदीप पाठक ने कहा कि एनसीसी हमें एकता, अनुशासन में रहने की सीख देती है और देशभक्ति की भावना जागृत करती है। एएनओ ले. भगवत सिंह पटेल ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि प्रति वर्ष नवम्बर माह के अंतिम रविवार को एनसीसी दिवस के रूप में मनाया जाता है। एनसीसी से जुड़कर देश के कई बड़े ओहदे पर अपनी सेवा दे रहे हैं। एकता, अनुशासन और देशभक्ति का जो जज्बा हमें पढ़ाया जाता है। उसे हम आज के दिन याद करते हैं और बटालियन से जुड़ने वाले कैडेटों को उस जज्बा को भरते हैं। इस अवसर पर डॉ. राजेन्द्र नागेश, डॉ. रिजवान खान, राजेश गिरवाल, गोपाल प्रसाद, भूतपूर्व कैडेट्स पुष्पेन्द्र राजपूत, राजा भटेले, सीताराम पटैल, राजेन्द्र कुर्मी एवं कैडेट्स उपस्थित रहे।

# वैभव के पिता ने उम्र संबंधी धोखाधड़ी के आरोपों को गलत बताया

एजेंसी ■ पटना



बिहार के 13 साल के किशोर वैभव सूर्यवंशी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में राजस्थान रॉयल्स ने 1.1 करोड़ रुपए में खरीदा है। वैभव अब आईपीएल के लिए शामिल सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गये हैं। वैभव ने इससे पहले कहा था कि वह सितंबर 2023 में 14 साल के हो जाएंगे। इस पर उन्होंने कहा था कि 27 सितंबर 2023 को मैं 14 साल को हो जाउंगा। वहीं आधिकारिक रिकॉर्ड में उनकी जन्मतिथि 27 मार्च 2011 है।

इसके बाद से ही उन पर उम्र संबंधी धोखाड़ी के आरोप लगने लगे हैं। इस पर अब वैभव के पिता संजीव सूर्यवंशी का बयान सामने आया है। संजीव ने कहा, जब वह साढ़े आठ साल का था, तब उसने पहली बार बीसीसीआई के बोन टेस्ट के लिए आवेदन किया था। वह पहले ही भारत अंडर-19 खेल चुका है। हमें किसी से डर नहीं है। वह फिर से आयु परीक्षण से गुजर सकता है।बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले वैभव ने इस साल की शुरुआत में मुंबई के खिलाफ अपने प्रथम श्रेणी पदार्पण के बाद से अब तक पांच रणजी ट्रॉफी खेलों में भाग लिया है। उन्होंने हाल ही में 23 नवंबर को राजस्थान के खिलाफ अपना टी20 डेब्यू भी किया था। इससे पहले वैभव सूर्यवंशी ने भी ट्रायल में भाग लिया था और युवा खिलाड़ी के पिता ने खुलासा किया कि राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर ने उन्हें एक ओवर में 17 रन बनाने को कहा था।

संजीव ने कहा, राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें नागपुर में ट्रायल के लिए बुलाया था। विक्रम राठौर सर ने मैच की स्थिति बताई, जिसमें उन्हें एक ओवर में 17 रन बनाने थे। इस पर वैभव ने 3 छक्के मारे। ट्रायल में उन्होंने आठ छक्के और चार चौके मारे। वह सिर्फ क्रिकेट खेलना चाहता है और कुछ नहीं।

संजीव ने कहा, वो अब सिर्फ हमारा नहीं, पूरे बिहार का बेटा है। मेरे बेटे ने कड़ी मेहनत की है। 8 साल की उम्र में उसने अंडर-16 डिस्ट्रिक्ट ट्रायल में बेहतरीन प्रदर्शन किया। मैं उसे क्रिकेट कोचिंग के लिए समस्तीपुर ले जाता था और फिर वापस भी ले आता था।

## वैभव किसी आईपीएल टीम में शामिल सबसे युवा खिलाड़ी बने

**जेद्दा।** 13 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी किसी आईपीएल टीम में शामिल किये गये सबसे युवा खिलाड़ी बन गये हैं। वैभव को राजस्थान रॉयल्स ने मेगा नीलामी में 1 करोड़ 10 लाख रूपये में खरीदा। वैभव ने हाल ही में चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम के खिलाफ शतक लगाया था। इस प्रकार वह शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गये हैं। सूर्यवंशी ने ये शतक 62 गेंद में ही 104 रन बनाकर लगा दिया था। इस क्रिकेटर का आधारमूल्य 30 लाख रूपये था और दिल्ली कैपिटल्स ने पहली बोली लगाई। इसके बाद राजस्थान ने दिल्ली से अधिक रकम लगाकर उसे खरीदा। वैभव के साथ उम्र को लेकर विवाद भी जुड़े है। इस साल जनवरी में रणजी ट्रॉफी में उनके पदार्पण से पहले विवाद हो गया था। इसका कारया उनका पिछले साल का एक वीडियो बना जिसमें उन्होंने कहा था कि वह सितंबर 2023 में 14 साल के हो जाएंगे। तब उनसे पूछा गया कि उनकी वास्तविक उम्र कितनी है। इस पर उन्होंने कहा था कि 27 सितंबर 2023 को मैं 14 साल को हो जाउंगा। वहीं आधिकारिक रिकॉर्ड में उनकी जन्मतिथि 27 मार्च 2011 है।

## ब्रीफ न्यूज

### ऋषभ को 27 करोड़ में से मिलेंगे 18.9 करोड़, 8.1 करोड़ कटेगा टेक्स

**नई दिल्ली।** क्रिकेटर ऋषभ पंत को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सत्र के लिए सबसे अधिक रकम मिली है। ऋषभ को मेगा नीलामी में 27 करोड़ रुपये में लखनऊ सुपर जायंट्स ने खरीदा है। इस प्रकार ऋषभ टूर्नामेंट में सबसे महंगे खिलाड़ी बनकर उभरे हैं हालांकि ये सारी रकम उन्हें नहीं मिलेगी। इसमें से एक हिस्सा टैक्स के रुप में सरकार के पास जाएगा। नीलामी में खिलाड़ियों की बोली लगी और तीन साल का करार टीम के साथ हुआ जितनी की बोली लगाकर फ्रेंचाईजी टीम ने खिलाड़ियों को खरीदा है वो उनको एक सत्र के लिए देना होगा। ऋषभ पंत को 27 करोड़ रुपये में लखनऊ ने खरीदा लेकिन यह सारे पैसे उनको एक सत्र में नहीं मिलेंगे। इसमें से 8.1 करोड़ भारत सरकार टैक्स के रूप में वसूल करेगी जबकि 18.9 करोड़ रुपये उनको आईपीएल टीम से वेतन के रूप में मिलेगा।

### गंभीर अचानक स्वदेश लौटे

**पर्थ।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर आचानक ही ऑस्ट्रेलिया दौरा छोड़कर स्वदेश लौट गये हैं। गंभीर के इस प्रकार स्वदेश लौटने का कारण परिवार में किसी आपात स्थिति को बताया गया है। गंभीर अब कैनबरा में 30 नवंबर से होने वाले दो दिवसीय दिन रात के अभ्यास मैच के अलावा छह दिसंबर से एडीलेड में होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच तक भी टीम से नहीं जुड़ पायेंगे। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, 'वह मंगलवार की सुबह भारत के लिए रवाना हो गए। यह एक निजी आपात स्थिति थी। वह एडीलेड में दूसरे टेस्ट से पूर्व लौट आएंगे। वहीं भारतीय टीम 27 नवंबर को कैनबरा रवाना होगा जहां पूरी टीम ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीस द्वारा उनके सम्मान में दिये जाने वाले समारोह में भाग लेगी। दो दिवसीय मैच दिन रात के दूसरे टेस्ट की तैयारी के लिए काफी अहम माना जा रहा है। इसमें गुलाबी कूकाबूरा गेंद का प्रयोग होगा।

### आईपीएल के लिए सीएसके के खिलाड़ियों की सूची

**जेद्दा।** आईपीएल 2025 सत्र के लिए हुई मेगा नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने अपने अधिकतर सभी खिलाड़ियों को खरीद लिया है जिन्हें उसने रिटने नहीं किया था। सीएसके ने अनुभवी स्पिनर आर अश्विन को 9.75 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा। अश्विन सीएसके की ओर से दूसरी बार खेलेंगे। उन्होंने 2009 में फ्रेंचाइजी के साथ अपनी शुरुआत की थी और 2010 और 2011 में आईपीएल का खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। वहीं सीएसके ने डेवोन कॉनवे को 6.25 करोड़ रुपये और रचिन रवींद्र को 4 करोड़ रुपये में भी आरटीएम राइट टू मैच विकल्प के जरिये शामिल किया। विकेटकीपर-बल्लेबाज राहुल त्रिपाठी को भी टीम ने 3.4 करोड़ रुपये में शामिल किया है। सीएसके ने नूर अहमद को 10 करोड़ रुपये में खरीदा। टीम ने खलील अहमद को 4.8 करोड़ रुपये और विजय शंकर को 1.2 करोड़ रुपये में खरीदा।

# मुम्बई इंडियंस ने आईपीएल नीलामी में तीन विकेटकीपर शामिल किये




एजेंसी ■ जेद्दा

हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 के लिए हुई मेगा नीलामी में 10 विशेषज्ञ गेंदबाजों को मोटी रकम देकर खरीदने के साथ ही तीन विकेटकीपर भी लिए है। इसके अलावा अर्जुन तेंदुलकर को भी आधारमूल्य पर ही खरीद लिया। अर्जुन पहले भी मुंबई में ही थी हालांकि उन्हें एक बार भी मैदान में उतरने का मौका नहीं मिला है। मुंबई के लिए सबसे खास बात ये है कि बुमराह के साथ ट्रेंट बोल्ट गेंदबाजी करेंगे। मुंबई ने 15 भारतीय जबकि 8 विदेशी खिलाड़ियों को शामिल किया है। नीलामी में उसने 44.80 करोड़ रुपए लगाये हैं। बल्लेबाजी की बात करें तो टीम के पास रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव जैसे अनुभवी बल्लेबाज हैं।

सूर्यकुमार यादव को 16.35 करोड़ रुपए में रिटेन किया गया थ जबकि रोहित शर्मा 16.30 करोड़ रुपए में रिटेन हुए। वहीं युवा तिलक वर्मा को टीम ने 8 करोड़ रुपए और बेवोन जैकब्स को 30 लाख में अपने पास बनाये रखा विकेटकीपर के तौर पर टीम के पास रियान रिकल्टन है जिन्हें 1 करोड़ की बोली लगाकर शामिल किया। रॉबिन मिंज को 65 लाख और कृष्णन श्रीजिथ को 30 लाख रुपए में खरीदा। वहीं ऑलराऊंडर के तौर पर टीम के पास कप्तान हार्दिक पांड्या हैं। उन्हें । पिछले सीजन टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। इस बार नई टीम बनाएंगे। 16.35 करोड़ में रिटेन किया गया था। युवा ऑलराउंडर नमन धीर को 5.25 करोड़ में लिया गया है। गेंदबाज के तौर पर अनुभवी जसप्रीत बुमराह को 18 करोड़ रुपए में रिटेन किया गया। लिजार्ड विलियम्स ~ दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज को 75 लाख रुपए में खरीदा। अर्जुन तेंदुलकर को आधारमूल्य 30 लाख में खरीदा। ट्रेंट बोल्ट 12.50 करोड़ में खरीदे गये। वह बुमराह के साथ जोड़ी बनाएंगे।

### अर्जुन तेंदुलकर को मुम्बई इंडयंस ने बेस प्राइज पर खरीदा

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की मेगा नीलामी में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर को बड़ी मुश्किल से खरीददार मिला। अर्जुन को पहले दिन किसी भी टीम ने नहीं खरीदा। वहीं दूसरे दिन बमुश्किल उन्हें मुम्बई इंडियंस ने आधारमूल्य पर खरीदा। वहीं पहले दौर में जब उनका नाम आया तो वह नहीं बिके। अर्जुन ने नीलामी से कुछ दिन पहले ही रणजी ट्रॉफी में 25 रन देकर 5 विकेट लिए थे। गोवा के लिए खेलते हुए अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ उन्होंने अकेले ही आधी टीम को आउट कर दिया था। इसके बाद भी उनमें किसी टीम ने रुचि नहीं दिखायी। अर्जुन ने मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हुए ही अपना डेब्यू किया था। साल 2023 के आईपीएल में भी उन्होंने खेला पर उन्हें अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिली थी। तब अर्जुन ने भुवनेश्वर कुमार को पेवेलियन भेजकर पहला आईपीएल विकेट लिया था। पिछले सत्र में भी अर्जुन को बेंच पर ही बैठना पड़ा था। शुरुआती सत्र में नीलामी में अर्जुन का आधार मूल्य 20 लाख रुपये था पर इस बार की नीलामी से पहले बीसीसीआई ने अनकैप्ड खिलाड़ी के तौर पर उनका आधारमूल्य 20 लाख से बढ़कर 30 लाख कर दिया था।

### आरसीबी ने भुवनेश्वर, क्रुणाल और लिविंगस्टोन सहित 19 खिलाड़ी खरीदे

अगले साल मार्च में शुरु होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिए नीलामी पूरी हो गयी है। इसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 19 खिलाड़ी खरीदे हैं। आरसीबी ने आज तक खिताब नहीं जीता है। ऐसे में उसने इस बार कई अच्छे खिलाड़ियों को खरीदा है। आरसीबी नीलामी के दूसरे दिन 30.65 रुपए की सबसे अधिक राशि के साथ उतरी। दूसरे दिन आरसीबी ने ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या को 5.75 करोड़ रुपए में जबकि तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को सबसे अधिक 10.75 करोड़ रुपए में खरीदा। वहीं इंग्लैंड के ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन को आरसीबी ने सबसे पहले 8.75 करोड़ रुपये में खरीदा। लिविंगस्टोन के अलावा आरसीबी ने फिल साल्ट 11.50, जितेश शर्मा 11 करोड़ , जोश हेजलवुड 12.5 करोड़ और रसिख डार को 6 करोड़ रुपए में खरीदा। आरसीबी ने इससे पहले अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली सहित तीन खिलाड़ियों को रिटेन किया था। विराट को 21 करोड़ रुपये जबकि रजत पाटीदार को 11 करोड़ और यश दयाल को 5 करोड़ में बनाये रखा था।

# वेंकटेश अय्यर की शानदार बल्लेबाजी से मप्र ने मेघालय को 101 रनों से हराया



एजेंसी ■ राजकोट

ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर के शानदार प्रदर्शन से मध्यप्रदेश ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ग्रुप ए मैच में मेघालय को 101 रन से हरा दिया। वेंकटेश ने 17 गेंद में 6 चौके लगाकर 37 रन बनाने के बाद 2 ओवर में 9 रन देकर 1 विकेट भी लिया। वेंकटेश के अलावा मध्य प्रदेश की ओर से रजत पाटीदार ने भी 6 चौके और 6 छक्के लगाकर 36 गेंद में 78 रन बनाये। इस प्रकार मध्यप्रदेश टीम ने 5 विकेट पर 222 रन बनाए।

इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए मेघालय की टीम 121 रनों पर ही सिमट गयी। मध्य प्रदेश की ओर से मोहम्मद अरशद खान ने 2.4 ओवर में 5 रन देकर 3 विकेट लिए। वहीं एक अन्य मैच में निशांत सिंधु के शतक और हिमांशु राणा के 91 रनों की सहायता से हरियाणा ने ग्रुप सी के मैच में 2 विकेट पर 255 रन बनाने के बाद अरुणाचल प्रदेश को केवल 80 रन पर आउट कर 175 रनों की शानदार जीत दर्ज की। निशांत ने 48 गेंद की अपनी शतकीय पारी में 11 चौके और 4 छक्के लगाये। इस मैच में युजवेंद्र चहल और हर्षल पटेल ने शानदार गेंदबाजी कर अरुणाचल के बल्लेबाजों को कोई मौका नहीं दिया। हर्षल ने चार ओवर में 12 रन देकर 5 जबकि चहल ने 15 रन देकर 2 विकेट लिए। एक अन्य मैच में हार्दिक पंड्या के नाबाद 41 रन और कृणाल पंड्या के 45 रनों की सहायता से बड़ौदा ने ग्रुप बी के मैच में उत्तराखंड से मिले जीत के 166 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। इससे पहले उत्तराखंड की टीम 7 विकेट पर 165 रन ही बना सकी थी।

# नटराजन का जाना हमारे लिए नुकसानदेह:विटोरी

एजेंसी ■ जेद्दा



सनराइजर्स हैदराबाद टीम के कोच डेनियल विटोरी ने कहा है कि टी नटराजन इस बार आईपीएल सत्र 2025 के लिए हमारे पास नहीं है और ये टीम के लिए बड़ा नुकसान है। विटोरी के अनुसार नटराजन एक अहम खिलाड़ी है। उन्होंने कहा कि टीम को इस बार नीलामी में ईशान किशन को शामिल करने में सफलत मिली है पर उसे नटराजन को खोना पड़ा है। नटराजन को इस बार दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा है। वहीं मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले किशन को नीलामी के पहले ही दिन सनराइजर्स ने 11 करोड़ 25 लाख रुपये में खरीद लिया था। ईशान के लिए यह बड़ी राहत है क्योंकि वह काफी समय से भारतीय टीम से बाहर है और उन्हें बीसीसीआई अनुबंध भी नहीं मिला है। सनराइजर्स ने पहले दिन तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और हर्षल पटेल सहित आठ खिलाड़ियों को खरीदा पर वह नटराजन को वापस नहीं खरीद पाए। विटोरी ने कहा कि नटराजन की कमी कोई अन्य खिलाड़ी पूरी नहीं कर सकता। सनराइजर्स ने नीलामी से पहले द्व्द्ध कप्तान पैट कमिंस, ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा, हेनरिक क्लासेन और नितीश रेड्डी सहित पांच खिलाड़ियों को रिटेन किया था। विटोरी ने कहहा, '(नटराजन के जाने की भरपाई कोई नहीं कर सकता पर हर टीम को इस स्थित से गुजरन होता है। नटराजन को दिल्ली कैपिटल्स ने 10.75 करोड़ रुपए में खरीदा। विटोरी ने कहा, 'हमने अवसर मिलने पर शमी और फिर हर्षल को अपने अपने साथ जोड़ा जबकि हमने ये सोचा भी नहीं था कि कम कीमतों पर ये दोनो ही मिल जाएंग। वहीं ईशान का आना भी हमारे लिए अच्छा रहा। हम उसे अपने साथ जोड़ना चाहते थे और हमें लगा कि वह अधिक कीमत पर बिकेगा। इसलिए इन तीन खिलाड़ियों और बाकी खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ने की खुशी है। विटोरी ने कहा कि चुने गए खिलाड़ियों से कप्तान कमिंस सहमत हैं।

### ध्रुव के परिवार में जश्न का माहौल

**आगरा।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)) 2025 में युवा क्रिकेटर ध्रुव जुरैल को राजस्थान रॉयल्स ने 14 करोड़ रुपए में खरीदा है। इसके बाद से ही आगरा में रह रहे जुरेल के परिवार में जश्न का माहौल है। विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव पिछले कुछ समय में तेजी से छाये हैं। घरेलू क्रिकेट में भी उनका रिकार्ड काफी अच्छा रहा है। ऑस्ट्रेलिया में भी भारत ए की ओर से ध्रुव ने जबरदस्त प्रदर्शन किया है। 23 साल के ध्रुव के पिता सेना में थे। बचपन से ही ध्रुव को क्रिकेट से बेहद लगाव था पर पिता उन्हें सेना में भर्ती होना देखना चाहते थ। उनके पिता नेम सिंह ने उन्हें खेलकूद और सपोर्ट एक्टिविटीज के लिए कैंप में भेजा। वहां क्रिकेट मैच देखकर ध्रुव को क्रिकेटर बनने का जुनून हुआ। .कभी-कभी ध्रुव घर से बिना बताएं क्रिकेट खेलने जाते थे। ध्रुव को एक बार क्रिकेट खेलने के लिए महंगी क्रिकेट किट लेनी थी। तब घर में इतने पैसे नहीं थे, तो उनकी मां ने अपनी सोने की चेन गिरवी रखकर ध्रुव को क्रिकेट किट दिलाए। बाद में जब ध्रुव कामयाब हुए तो उन्होंने अपनी मां को सोने की वही चैन वापस लाकर दी।

# पिछले एक दशक में खेलों का तेजी से विकास हुआ : बिंद्रा

एजेंसी ■ गुड़गांव



ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने कहा कहा है कि पिछले एक दशक में देश में खेलों का तेजी से विकास हुआ है और खेल में नई-नई प्रतिभाएं उभरी है। अब इस खेल में जो प्रतिभाएं आ रही हैं उनमें गहराई भी है। जिस प्रकार की सफलता मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में हासिल की उससे ये साबित हुआ है। मनु ने ओलंपिक निशाने बाजी में दो कांस्य पदक जीत थे। बिंद्रा ने में कहा, 'निशानेबाजी के खेल में भारत में आज जैसी प्रतिभा है, वह इस किसी अन्य खेल में नहीं है। राष्ट्रीय स्तर और विश्व स्तर पर बहुत से निशानेबाज अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। यह स्पष्ट रूप से दिखाता है कि पिछले एक दशक में इस खेल ने कितनी अधिक प्रगति की है।

पेरिस खेलों में भारतीय निशानेबाजों ने जबरदस्त प्रदर्शन कर इससे साबित किया था। पेरिस में मनु के अलावा सरबजोत सिंह और स्वप्निल कुसाले ने भी कांस्य पदक जीते थे। बिंद्रा ने कहा, 'कुछ समय के लिए ऐसा भी समय रहा जब दो ओलंपिक में हम कोई पदक नहीं जीत पाए थे हालांकि असफलता भी खेल का ही हिस्सता है। इससे एथलीटों और महासंघ ने सबक सीखा है जिसके कारण ही हमें परेस में अच्छे परिणाम मिले। बिंद्रा ने कहा कि भविष्य के ओलंपिक खेलों में इसी तरह के प्रदर्शन को जारी रखने के लिए रणनीतिक योजना और बारिकियों पर अधिक ध्यान देना होगा।

उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि यह लय जारी रहेगी और रणनीतिक योजना जारी रहेगी। छोटी-छोटी चीजें बहुत मायने रखती हैं, उनका ध्यान रखना चाहिए। मुझे उम्मीद है कि देश निशानेबाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता रहेगा। गौरतलब है कि साल 2026 राष्ट्रमंडल खेलों ने निशानेबाजी, हॉकी, क्रिकेट और कुश्ती को अपने कार्यक्रम से हटा दिया है जिससे ग्लास्गो में भारत की पदक संभावनाओं को झटका लगा है पर बिंद्रा का मानना है कि इन खेलों में एक बार फिर निशानेबाजी को शामिल किये जाने की उम्मीद उन्हें है।

**प्रदर्शन** न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में मिली हार से उबरकर की वापसी

# भारतीय टीम की जीत में इन खिलाड़ियों की रही अहम भूमिका

एजेंसी ■ पर्थ

भारतीय टीम की ऑस्ट्रेलिया दौरे में पहले ही टेस्ट में शानदार जीत के पीछे कई खिलाड़ियों का अच्छा प्रदर्शन रहा है। भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में मिली हार से उबरकर जिस प्रकार की वापसी की है वह आसान नहीं थी। ऑस्ट्रेलिया को पहले टेस्ट मैच में ही उसकी धरती पर 295 रन से हराना एक बड़ी उपलबब्धि है। ये भारतीय टीम की ऑस्ट्रेलिया में सबसे बड़ी जीत है। इससे भारतीय टीम एक बार फिर विश्व टेस्ट चैम्पियनशिपन (डब्ल्यूटीसी) अंक तालिका में ऑस्ट्रेलिया को पीछे छोड़कर एक बार फिर से शीर्ष पर पहुंच गयी है। भारतीय टीम की जीत में इन पांच खिलाड़ियों की अहम भूमिका रही।

### जसप्रीत बुमराह

कप्तान जसप्रीत बुमराह ने इस मैच में कुल आठ विकेट लेकर भारतीय टीम की जीत में सबसे बड़ी भूमिका निभाई। टीम के पहली पारी में 150 रन पर ऑलआउट होने के बाद हर बुमराह ने मेजबान टीम के 5 विकेट लेकर उसे बैकफुट पर धकेल दिया। बुमराह के इस प्रदर्शन की बदौलत ही भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 104 रन के भीतर आउथ् करने में सफला हासिल की। बुमराह ने शानदार कप्तानी कौशल का प्रदर्शन करते हुए टीम को लगातार प्रेरित किया। बुमराह ने दूसरी पारी में भी ट्रेविस हेड को आउट करने के साथ ही तीन विकेट लिए।

2 यशस्वी जायसवाल

पहली पारी में खाता नहीं खोल पाये यशस्वी जायसवाल ने दूसरी पारी में

### यशस्वी जायसवाल

पहली पारी में खाता नहीं खोल पाये यशस्वी जायसवाल ने दूसरी पारी में 161 रन बनाकर भारतीय टीम को बड़ी बढ़त दिलायी। यशस्वी की इस प्रारी से मेजबान गेंदबाजों पर दबाव आया और वे अपनी लय खो बैठे जिसके बाद भारतीय टीम के अन्य बल्लेबाज भी आसानी से रन बनाने में सफल रहे। यशस्वी ऑस्ट्रेलिया में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले सलामी बल्लेबाज हो गये हैं। यशस्वी ऑस्ट्रेलिया में अपने पहले ही टेस्ट मैच में शतक बनाने वाले तीसरे भारतीय भी हैं। उनसे पहले यह कमाल सिर्फ एमएल जयसिम्हा और सुनील गावस्कर कर सके थे।

4 विराट कोहली

### विराट कोहली

विराट कोहली पहली पारी में विफल रहे पर पर दूसरी पारी में उन्होंने शानदार शतक लगा दिया। विराट जब दूसरी पारी में बैटिंग करने आए तो भारत का स्कोर 2 विकेट पर 275 रन था पर तीन विकेट गिरने से स्कोर 5 विकेट पर 321 रन हो गया। ऐसे समय पर विराट ने मोर्चा संभाला और भारत को 487/6 के स्कोर तक पहुंचाया।

**केएल राहुल** : केएल राहुल के ऊपर इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन कर दबाव था और उन्होंने अपनी को साबित किया। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की प्लेइंग इलेवन में उन्हें ड्रॉप कर सरफराज खान को जगह दी गई थी। ऐसे में भी राहुल ने पहली पारी में 26 रन बनाए जब भातरीय टीम के विकेट लगातार गिर रहे थे। वहीं दूसरी पारी में राहुल ने 77 रन बनाए और यशस्वी जायसवाल के साथ 201 रन की साझेदारी की। यह ऑस्ट्रेलिया में किसी भी भारतीय जोड़ी की सबसे बड़ी सलामी साझेदारी रही है।

**नीतीश रेड्डी और हर्षित राणा** : अपना पहला ही टेस्ट खेल रहे नीतीश कुमार रेड्डी और हर्षित राणा ने भी काफी अच्छा प्रदर्शन किया। हर्षित ने पहली पारी में 3 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को 104 रन में समेटने में अहम भूमिका निभाई। दूसरी ओर, नीतीश कुमार रेड्डी ने पहली पारी में 41 और दूरी पारी में 38 रन बनाये।

### जेम्स एंडरसन का पहली बार आईपीएल खेलने का सपना टूटा

**जेद्दा।** इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन पहली बार आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में शामिल हुए थे पर उन्हें कोई भी खरीददारी नहीं मिला। इससे 42 साल के एंडरसन का आईपीएल खेलने का सपना टूट गया है। एंडरसन आईपीएल नीलामी में नाम दर्ज कराने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थे पर उन्हें किसी टीम ने नहीं खरीदा। नीलामी के दूसरे दिन सभी 10 फ्रेंचाइजियों ने बचे हुए 557 खिलाड़ियों में से 143 खिलाड़ियों के नाम नीलामी के लिए चुने थे। इस सूची में एंडरसन का नाम नहीं था। इसलिए उनका नाम नीलामी में नहीं आया। एंडरसन के अलावा न्यूजीलैंड के केन विलियमसन का नाम भी सूची में नहीं था और इसलिए उनका नाम भी नहीं आया।एंडरसन ने अपने करियर में 15 साल पहले अपना अंतिम टी20 मैच खेला था। इसके बाद टेस्ट करियर को लंबा करने के लिए उन्होंने सीमिल ओवरों के प्रारुप को अलविदा कह दिया था। एंडरसन ने इस बार आईपीएल में रजिस्ट्रेशन कराने को लेकर कहा था कि वह इस लीग से खेल को लेकर अनुभव हासिल करन चाहते हैं जिससे कोच का काम कर सके पर उन्हें सफलता नहीं मिली। एंडरसन अभी न्यूजीलैंड दौरे में इंग्लैंड की टीम के साथ गेंदबाजी मेंटर के तौर पर गये हैं। वह टेस्ट इतिहास में सबसे ज्यादा 704 विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज हैं।



सत्ता सुधार

भारत के संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि संविधान ही संजीवनी है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर तंज कसते हुए लिखा– संविधान को मानना और उसके दिखाए रास्ते पर चलना ही सबसे बड़ा उत्सव है। ये हर दिन सच्चे मन से निभाने वाला फर्ज है, कोई दिखावटी सालाना जलसा नहीं।



# दूल्हा बने श्रीराम...बैड बाजे के साथ अयोध्या से जनकपुर के लिए निकली बरात

## बरातियों में दिखा उत्साह, सीता-राम विवाह का साक्षी बनने के लिए देशभर से श्रद्धालु पहुंचे, बरात में 200 से अधिक साधु-संत,कोई चंडीगढ़ से आया तो कोई दिल्ली से पहुंचा

**एजेंसी ■ अयोध्या**

अयोध्या से जनकपुर जाने के लिए भव्य राम बरात निकल गई है। रामसेवक पुरम में राम बरात का उत्साह झलक रहा था। इससे पहले बराती रामसेवक पुरम में पहुंचे। बरात के लिए रथ सजाया गया। बरातियों ने उत्साह में जमकर नृत्य किया।

बरात आयोध्या से जनकरपुर के लिए प्रस्थान किया। कारसेवक पुरम में चल रहे महायज्ञ की परिक्रमा कर आगे बढ़े। लता चौक होते हुए जनकपुर के लिए प्रस्थान किया। बरात में 200 से अधिक साधु संत और बराती शामिल हैं। कोई चंडीगढ़ से आया है तो कोई दिल्ली से। हर कोई राम बरात में शामिल होने उत्साहित नजर आए। लोग छुट्टी लेकर राम बरात का साक्षी बनने के लिए अयोध्या पहुंचे थे। भगवान के स्वरूप भी राम बरात में निकले। अयोध्या निवासी नूर आलम भी राम बरात में शामिल हुए और कहा क राम बरात में शामिल होकर बहुत खुशी हो रही है।



### होगा भव्य रामविवाह

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, बारात के संयोजक राजेंद्र सिंह पंकज, विहिप के शरद शर्मा बरात को रवाना किए। बरात तीन दिसंबर को जनकपुर पहुंचेगी। छह दिसंबर को जनकपुर के रंगभूमि में भव्य रामविवाह का आयोजन होगा।

### बदली गई मंदिर की प्राण प्रतिष्ठ की वर्षगांठ की तारीख

**अब 22 जनवरी को नहीं होगा आयोजन**

**मंदिर ट्रस्ट ने बैठक में लिया फैसला**

**इधर,** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक मणिरामदास की छावनी में ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 10 ट्रस्टी मौजूद रहे, पांच ट्रस्टी विभिन्न कारणों से शामिल नहीं हो सके। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने पत्रकारों को बताया कि बैठक में आय-व्यय के विवरण सहित मंदिर निर्माण की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की वर्षगांठ पर भी चर्चा हुई। प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में मनेगी। 22 जनवरी को कोई आयोजन नहीं होगा। हिंदू धर्म में हिंदू तिथियों पर त्योहार मनाने की परंपरा है। रामनवमी, सावन झूलनोत्सव, राम विवाह हिंदी तिथि के अनुसार मनाते हैं, न कि अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार। इसलिए तय हुआ है कि रामलला के पाटोत्सव की तिथि 22 जनवरी पर कोई कार्यक्रम नहीं होगा। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को हुई थी, उस दिन पौष शुक्ल द्वादशी थी, जिसे कूर्म द्वादशी भी कहा जाता है।

## ब्रीफ न्यूज

### पति पत्नी को बेहोश कर 11 वर्षीय बेटी से करता था रेप

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के विजयनगर थाना क्षेत्र में एक सौतेले पिता द्वारा 11 साल की बेटी के साथ दुष्कर्म करने का शर्मनाक मामला सामने आया है। पुलिस ने उसकी पत्नी की शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। इस घटना के संबंध में पीड़ित बच्ची की मां ने ही केस दर्ज कराया है। विजयनगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने बताया कि वह घरों में काम कर गुजर-बसर करती है। नौ साल पहले उसके पहले पति की मौत हो चुकी है। इसके बाद करीब छह साल पहले रोजी कॉलोनी निवासी आरिफ से उसका संपर्क हुआ। पूछताछ पर बच्ची ने आरिफ की घिनौनी हरकत के बारे में उसे बताया। पुलिस को बताया कि आरोपी रात में उसे नशीला पदार्थ देकर बेसुध कर देता था और फिर बेटी के साथ हैवानियत करता था।

### युवक ने नाबालिग लड़की को होटल ले जाकर किया दुष्कर्म

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-69 ट्रांसपोर्ट नगर स्थित एक कंपनी में साफ-सफाई का काम करने वाली किशोरी से कथित तौर पर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि विशेष समुदाय के युवक ने किशोरी को प्रेमजाल में फंसाया और उसे ओयो होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया। नोएडा फेज-3 पुलिस ने पीड़िता के भाई की शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पीड़ित लड़की के भाई ने पुलिस को बताया कि वह वर्तमान में परिवार के साथ सेक्टर-123 स्थित एक घर में किराये पर रहते हैं। उनकी 16 वर्षीय बहन ट्रांसपोर्ट नगर स्थित एक कंपनी में साफ-सफाई का काम करती है। उस कंपनी में ही एजाज नामक एक युवक भी काम करता है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया है।

### फैक्ट्री में लगी भीषण आग, तीन कर्मचारियों की जलकर मौत

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में थाना बीटा-2 क्षेत्रान्तर्गत एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग लगने से तीन कर्मचारियों की जलकर मौत हो गई। वहीं, मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। बताया गया कि इस फैक्ट्री में सोफा बनाने का काम होता है। आग लगने की सूचना पर पुलिस व फायर स्टेशन की गाड़िया मौके पर पहुंचीं और फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा आग पर काबू पा लिया गया। पुलिस व फायर ब्रिगेड द्वारा सर्च ऑप्रेशन चलाया गया, जिसमें तीन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई। शव को पीएम के लिए भेजा गया।

## आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे करोड़ों की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण

# महाकुंभ में स्वच्छता और सुरक्षा पर प्रदेश सरकार का फोकस

### सीएम प्रमुख स्थलों पर महाकुंभ की तैयारियों का जायजा भी लेंगे

**एजेंसी ■ प्रयागराज**

महाकुंभ-2025 को भव्य और दिव्य बनाने के लिए प्रयासरत सीएम योगी आदित्यनाथ 27 नवंबर को स्वयं यहां चल रही तैयारियों का जायजा लेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री महाकुंभ के लिए 238 करोड़ से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे। इन परियोजनाओं में महाकुंभ को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने वाले विभिन्न उपकरणों के साथ-साथ नगर निगम में नवनिर्मित कंट्रोल रूम का अनावरण भी शामिल है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री स्वच्छाग्रहियों एवं सफाईकर्मियों को यूनिफॉर्म किट तथा नाविकों को लाइफ जैकेट समेत विभिन्न योजनाओं से भी लाभान्वित करेंगे। इससे पूर्व सीएम योगी विभिन्न धार्मिक स्थलों में चल रहे विकास कार्यों का जायजा भी लेंगे। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार महाकुम्भ को स्वच्छ और सुरक्षित महाकुम्भ के तौर पर प्रस्तुत करने पर सर्वाधिक जोर दे रही है। इसी वजह से यहां विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है, जिसे सीएम स्वयं हरी झंडी दिखाएंगे।



### मुख्यमंत्री कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे

प्रयागराज दौरे पर योगी कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इसमें सबसे पहले सीएम नगर निगम कार्यालय में स्वच्छता परियोजनाओं की मॉनिटरिंग के लिए नवनिर्मित कंट्रोल रूम का अनावरण करेंगे। कंट्रोल रूम के साथ ही अन्य परियोजनाओं और सफाई उपकरणों को भी सीएम द्वारा लोकार्पित किया जाएगा। इन सभी परियोजनाओं की लागत करीब 14 करोड़ रुपए होगी। इसके अतिरिक्त सीएम योगी परेड मेला क्षेत्र में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में स्वच्छता उपकरणों का भी अनावरण करेंगे, जिसकी कुल लागत 50.38 करोड़ रुपए है।

### इनका होगा अनावरण

यही नहीं, सीएम 173 करोड़ रुपए के फायर, जल पुलिस, रेडियो, यातायात के उपकरणों का भी अनावरण करेंगे। इस तरह सीएम महाकुम्भ 2025 में सुरक्षा, स्वच्छाग्रहियों एवं गंगा सेवा दूतों के लिए 237.38 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। इन उपकरणों के माध्यम से महाकुम्भ को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने में मदद मिलेगी। सीएम महाकुम्भ को स्वच्छ बनाने में जुटे स्वच्छाग्रहियों व सफाई कर्मियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित भी करेंगे। इसके तहत सीएम योगी करीब 20 हजार स्वच्छाग्रहियों व सफाई मित्रों को यूनिफॉर्म किट तथा नाविकों को लाइफ जैकेट प्रदान करेंगे। इसी तरह, स्वच्छ कुंभ कोष के अंतर्गत 15 हजार से अधिक कर्मियों को 5 से अधिक योजनाओं से भी जोड़ने का काम करेंगे। इन योजनाओं के तहत कर्मियों को बीमा प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर योगी समेत गणमान्य अतिथि स्वच्छ कुम्भ एवं स्वच्छ प्रयागराज की परिकल्पना की शपथ भी लेंगे।

### विकास कार्यों के साथ पुलों का करेंगे निरीक्षण

प्रयागराज में योगी विभिन्न विकास कार्यों का जायजा भी लेंगे। इलाहाबाद विवि में आयोजित कार्यक्रम के अतिरिक्त वह नागवासुकि मंदिर में दर्शन भी करेंगे, जबकि दशाश्वमेध घाट, गंगा रिवर फ्रंट, गंगा नदी में हो रहे ड्रेजिंग कार्यों एवं पांटून पुलों के कार्यों का निरीक्षण भी करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दृष्टिगत वह संगम नोज पर प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का भी निरीक्षण करेंगे, जबकि गूगल के साथ एमओयू का भी हस्तांतरण करेंगे। गूगल के साथ हुए इस करार के तहत पहली बार गूगल अपने नेवीगेशन में महाकुम्भ के लिए बनाए जा रहे अस्थायी शहर को शामिल करेगा, जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को गूगल मैप की मदद से मेला क्षेत्र में प्रमुख धार्मिक स्थलों,घाटों एवं अखाड़ों तक पहुंचने में नेवीगेशन सहायक की भूमिका अदा करेगा।

# फर्जी दस्तावेजों के सहारे नौकरी कर रहे पांच शिक्षक बर्खास्त

### छह महीने पहले भी पांच शिक्षकों पर गिरी थी गाज

**एजेंसी ■ श्रावस्ती**

श्रावस्ती जिले में फर्जी अभिलेख के सहारे बेसिक शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापक के पद पर नौकरी कर रहे पांच शिक्षकों को बीएसए ने बर्खास्त कर दिया। इसके साथ ही जिले में इस वर्ष बर्खास्त होने वाले शिक्षकों की संख्या 10 पहुंच चुकी है। बेसिक शिक्षा विभाग में एक के बाद एक नए खुलासे हो रहे हैं। दूसरे के अभिलेख के सहारे शिक्षक बनकर जिले में तैनात पांच शिक्षकों को जांच में खुलासा के बाद बीएसए अजय कुमार गुप्ता ने बर्खास्त कर दिया है। यह सभी सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत थे। बर्खास्त होने वालों में जमुनहा विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय ददौरा के सहायक अध्यापक विनोद कुमार, प्राथमिक विद्यालय नगईगांव के सतीश, प्राथमिक विद्यालय त्रिलोकपुर के राहुल वर्मा व सिरसिया विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जोगन भरिया के कर्मवीर सिंह, प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मनपुर मजगवां के सहायक अध्यापक सुमित शर्मा का नाम शामिल है। जिन्हें बीएसए की ओर से कारण बताओ नोटिस जारी की गई थी, लेकिन इन शिक्षकों ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसके बाद यह कार्रवाई की गई है।




### अभी इनकी चल रही जांच

जमुनहा के प्राथमिक विद्यालय हरदत्त नगर गिरंट के रामनवल चौधरी, हरिहरपुररानी के असई पुरवा प्राथमिक विद्यालय के सुभाष चंद्र, गिलौला के नारायनपुर प्राथमिक विद्यालय की प्रधान शिक्षिका रमा तिवारी, गुजरवारा प्राथमिक विद्यालय की प्रतिमा तिवारी व इकौना के सेमरी तरहर द्वितीय के विनय कुमार की जांच चल रही है। बीएसए के अजय कुमार गुप्ता का कहना है कि बर्खास्त शिक्षकों पर एफआईआर दर्ज कराने के साथ ही उनसे अब तक प्राप्त किए वेतन की रिकवरी भी की जाएगी। शेष शिक्षकों की जांच अभी जारी है।

### एक करोड़ के अवैध गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**वाराणसी।** वाराणसी के डाफी टोल के पास से हंडिया के महेश मिश्रा को ट्रक सहित गिरफ्तार किया गया है। एक करोड़ का अवैध गांजा लेकर महेश भटिंडा जा रहा था। पुलिस के अनुसार, उक्त गांजा की कीमत एक करोड़ रुपए है। महेश पिछले पांच वर्षों से इस धंधे में लिप्त है। उसके अन्य साथी इसके पहले ऐसे ही मामले में गिरफ्तार हो चुके हैं। पुलिस ने बताया कि एक क्विंटल माल का ये लोग एक-सवा लाख रुपए लेते हैं।

# पुराना गंगा पुल का एक बड़ा हिस्सा गंगा में समाया

## जर्जर होने के कारण साढ़े तीन साल से पड़ा था बंद

**एजेंसी ■ कानपुर**

यूपी के कानपुर को उन्नाव से जोड़ने वाला पुराना गंगा पुल का एक बड़ा हिस्सा मंगलवार सुबह गिरकर गंगा में समा गया। पांच अप्रैल 2021 को पुराने गंगा पुल की चार कोठियों में दरार आने पर इसे वाहनों के लिए और पैदल पुल बंद करा दिया था। इसके बाद से इसे चालू कराने के लिये काफी प्रयास किए गए। लेकिन पीडब्ल्यूडी ने पुल को जर्जर हालत में घोषित कर दिया। हाल ही में पूर्व नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन इसी पुराने गंगापुल के गेट को सेल्फी प्वाइंट के रूप में विकसित किया था। साथ ही कानपुर नगर की तरफ आसपास स्टॉल लगाए गए हैं। इसी को लेकर नगर आयुक्त ने अन्य अधिकारियों के साथ पुल पर निरीक्षण भी किया था। अच्छा हुआ यह योजना अभी धरातल में नही आयी वरना बड़ा हादसा हो सकता था। 150 साल पुराना शुक्लागंज गंगापुल करीब साढ़े तीन साल से बंद पड़ा है। पिलरों में आयी दरारों के कारण लोगों की सुरक्षा को देखते हुए पुल को खतरा मानते हुए पीडब्लूडी के द्वारा इसे बंद कर दिया गया था। शुक्लागंज और कानपुर दोनों छोर पर दिवार उठा दी गई थी।



# संभल हिंसा : चिल्लाकर बोली भीड़ इनको आग लगाकर मार दो...

## एफआईआर में खुलासा, सपा सांसद बर्क आरोपी नंबर वन और इकबाल आरोपी नंबर दो

### विधायक के बेटे और बर्क ने भड़काया था दंगा

**एजेंसी ■ संभल**

संभल हिंसा में एफआईआर की कॉपी सामने आई है। एफआईआर से संभल हिंसा पर सनसनीजेख खुलासा हुआ है। एफआईआर में सपा सांसद जिया उर रहमान बर्क को आरोपी नंबर वन बनाया गया है। एफआईआर में सपा विधायक के बेटे सुहैल इकबाल को नंबर दो आरोपी बनाया गया है। इन दोनों के अलावा 2750 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने हिंसा में सात एफआईआर दर्ज की हैं। संभल में हुए बवाल के आरोपियों की तलाश में पुलिस की ताबड़तोड़ दबिश जारी है। अब तक 27 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिसमें तीन नाबालिग भी हैं। एक दर्जन से ज्यादा लोग हिरासत में हैं। इस बीच एफआईआर कॉपी सामने आई है। इसमें जिक्र है कि सपा के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने राजनीतिक फायदा पाने के लिए भीड़ को भड़काया। साथ ही सांप्रदायिक माहौल को खराब किया। हिंसा से दो दिन पहले ही सपा सांसद जिया उर रहमान बर्क प्रशासन की अनुमति के बगैर जामा मस्जिद गए थे।



**सर्वे को बाधित करने का प्रयास**

एफआईआर के अनुसार, अदालत के आदेश पर 24 नवंबर को संभल की जामा मस्जिद का सर्वे किया जा रहा था। इसी दौरान लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने भीड़ को समझाने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ मानने के लिए तैयार नहीं थी। भीड़ ने जामा मस्जिद के सर्वे की प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास किया।

## नवाचार

## डिप्लोमा के दो नए पाठ्यक्रमों की होगी शुरुआत, कार्य परिषद बैठक में लिया फैसला

# संस्कृत विवि तैयार करेगा कथावाचक और मंदिर प्रबंधक

**एजेंसी ■ वाराणसी**

संपूर्णानंद संस्कृत विवि अब कथावाचक और मंदिर प्रबंधक भी तैयार करेगा। इसके लिए विवि मंदिर प्रबंधन और पुराण प्रवचन में डिप्लोमा पाठ्यक्रम की शुरुआत करेगा। ये दोनों पाठ्यक्रम अगले सत्र से शुरू होंगे। दोनों ही पाठ्यक्रमों में 30-30 सीटें प्रस्तावित हैं। ये फैसला योग साधना केंद्र में कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई कार्य परिषद बैठक में लिया गया। कार्य परिषद की बैठक में कुल नौ एजेंडों पर मुहर लगी। कुलपति प्रो. शर्मा ने बताया कि अतिथि अध्यापकों के मानदेय में वृद्धि कर 25 हजार प्रतिमाह दिए जाने की स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा विवि में रिक्त पड़े कनिष्ठ सहायक के 43 पद उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से भरे जाएंगे। बैठक की शुरुआत में अनुवीक्षण चयन समिति की बैठक में 13 जुलाई की संस्तुतियों पर विचार कर डॉ. रविशंकर पांडेय और डॉ. मधुसूदन मिश्र को वरिष्ठ वेतनमान देने की संस्तुति की गई। दूसरे एजेंडे में मंदिर प्रबंधन और पुराण प्रवचन (कथावाचन) में डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करने की स्वीकृति दी गई।



### सेवानिवृत्त पर दिया जाएगा स्मृति चिह्न

सेवानिवृत्त शिक्षकों और गैर शैक्षणिक कर्मियों के सेवानिवृत्त होने पर स्मृति चिह्न देने के लिए 11 हजार दिए जाने पर सहमति दी गई। वहीं, विवि के आठ प्रधान सहायकों की सेवा संपुष्टि पर स्वीकृति दी गई। संचालन कुलसचिव राकेश कुमार ने किया। इस दौरान केंद्रीय संस्कृत विवि के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी, प्रो.पंकज एल जानी, जस्टिस अनिरुद्ध सिंह, प्रो. कमलेश झा, प्रो. हरिशंकर पांडेय, प्रो. रमेश प्रसाद, प्रो. विधु द्विवेदी, प्रो. विद्या कुमारी, प्रो. राजनाथ, डॉ. विजेंद्र कुमार, डॉ. सत्येन्द्र कुमार, वित्त अधिकारी संतोष कुमार शर्मा मौजूद थे।

### प्रबंधन कर रहा तैयारी

विश्वविद्यालय में डॉ. भीमराव आंबेडकर चेयर की स्थापना पर भी कार्यपरिषद ने मुहर लगा दी है। चेयर के माध्यम से डॉ. आंबेडकर के संस्कृत में योगदान, उनके व्यक्तित्व एवं समावेशी विकास के साथ सामाजिक न्याय पर अध्ययन व शोध का कार्य होगा। देशभर के संस्कृत विश्वविद्यालयों में ये पहला विश्वविद्यालय होगा जहां डॉ. आंबेडकर चेयर की स्थापना की जाएगी।

# मिल्कीपुर चुनाव का रास्ता साफ होने के बाद बढ़ी हलचल

## अब फैजाबाद हार का धब्बा मिटाना चाहेगी भाजपा

**एजेंसी ■ अयोध्या**

मिल्कीपुर में उपचुनाव का रास्ता साफ होने के बाद एक बार फिर से राजनीतिक हलचल बढ़ने की उम्मीद है। चुनाव टलने के बाद राजनीतिक दलों की दौड़ भाग कम हो गई थी। 23 नवंबर को उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों के उपचुनाव के आए नतीजों से लबरेज भाजपा मिल्कीपुर में कमल खिलाकर फैजाबाद सीट हारने का धब्बा मिटाना चाहती है। आम चुनाव में भाजपा से यह सीट छीनकर अपनी झोली में डालने वाली सपा भी इसे कतई गंवाना नहीं चाहती। इसके लिए वह पूरा दमखम लगाने के लिए तैयार है। अवधेश प्रसाद के निर्वाचन को चुनौती देने वाली पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा व एक अन्य की याचिका वापस होने के बाद मिल्कीपुर में चुनाव के रास्ते खुल गए हैं।



### सक्रिय होंगे भाजपा-सपा

मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर 15 अक्टूबर के पहले भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस समेत सभी राजनीतिक दलों के प्रदेश एवं राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने विधानसभा क्षेत्र में जगह–जगह चौपाल लगाकर प्रचार–प्रसार शुरू किया था। अब जब रास्ता साफ हो गया है तो एक बार फिर से राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, पदाधिकारी क्षेत्र में सक्रिय होंगे। अंबेडकरनगर की कटेहरी सीट के उपचुनाव में भाजपा ने सपा को बड़े अंतर से हराकर मिल्कीपुर में भी भाजपा के लिए आशा की नई किरण पैदा कर दी है।

**स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव** के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, बाराघाटा इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 12ए झांसी रोड़ ग्वालियर से मुद्रित एवं रामतलाई हनुमान मंदिर के पास शिवपुरी रोड श्योपुर से प्रकाशित। संपादक - गोपाल श्रीवास्तव। **मोबाईल न. 9893126900, 7869966100,** फोन- फोन- 0751-4922849, भोपाल ऑफिस-0755-4002626, 4939910, आरएनआई नं. एमपीएचआईएन/2006/17513, विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट। **शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com** * समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।